{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
रविवार 18 जनवरी 2026
कृ. 30 मौनी अमावस्या विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 117
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग की धमकी

मोहाली। पंजाब में मोहाली के रहने वाले बॉलीवुड सिंगर बी प्राक से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। इसके लिए एक हफ्ते का टाइम दिया गया है। लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर आरजू बिश्नोई ने सिंगर के करीबी को धमकी भरा वॉयस मैसेज भेजा है। जिसमें कहा गया कि अगर रकम न मिली और हमारे साथ मिलकर न चले तो चाहे किसी भी कंट्री में चले जाओ, मिट्टी में मिला देंगे। जिसके बाद बी प्राक के करीबी पंजाबी सिंगर दिलनूर ने मोहाली के स्स्क्क को इसकी शिकायत की है। जिसमें दिलनूर ने कहा कि धमकी की वजह से वह घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। पुलिस गैंग पर कार्रवाई कर उन्हें सिक्योरिटी दे। उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। दिलनूर की शिकायत पर पंजाब पुलिस के मोहाली स्थित साइबर क्राइम ब्रांच ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा सिंगर बी प्राक की सिक्योरिटी को लेकर पुलिस भी अलर्ट पर है। बता दें कि बी प्राक तेरी मिट्टी में मिल जावां गीत से खूब हिट हुए थे।

### दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग बिहार में स्थापित

पटना। बिहार के मोतीहारी में केसरिया के कठौलिया गांव में विराट रामायण मदिर के प्रांगण में एक बहुत विशाल शिवलिंग स्थापित किया गया है। मंदिर 120 एकड़ में बनाया जा रहा है। आपको बता दें यह दुनिया का सबसे विराट रामायण मंदिर है। बताया गया है कि शिवलिंग तमिलनाडु से मंगाया गया है जो 40 दिन की यात्रा के बाद यहां पहुंचा है। बताया जा रहा है की इसे बनाने में 10 साल का समय लगा है। शिवलिंग को ग्रेनाइट पत्थर से बनाया गया है, वहीं सबसे हैरान करने वाली बात ये है की इसमें 1008 छोटे शिवलिंग को उकेरा गया है। इसे 1008 कारीगरों ने कड़ी मेहनत से बनाया है।

### कच्छ में लगे भूकंप के झटके

कच्छ। गुजरात के कच्छ जिले में शुक्रवार रात 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटकों से कुछ देर के लिए लोगों में दहशत फैल गई, हालांकि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। गांधीनगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च के अनुसार, भूकंप रात 1.22 बजे दर्ज किया गया। इसका केंद्र कच्छ जिले के खावड़ा से करीब 55 किलोमीटर उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में स्थित था। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। प्रशासन एहतियातन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। कच्छ जिला भूकंपीय रूप से हाई रिस्क वाले क्षेत्र में आता है, जहां कम तीव्रता के भूकंप अक्सर आते रहते हैं। इससे पहले 26 जनवरी 2001 को कच्छ में 7.6 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था, जिसका केंद्र भचाऊ के पास था। इस भूकंप में करीब 13,800 लोगों की मौत हुई थी।

## इंडिगो पर डीजीसीए की सबसे बड़ी कार्यवाही...

# 22 करोड़ का जुर्माना लगाया

### वाइस प्रेसिडेंट को पद से हटाने के दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इंडिगो फ्लाइट संकट मामले पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानी डीजीसीए की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है. रिपोर्ट में इंडिगो एयरलाइंस की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है. डीजीसीए ने इंडिगो पर कुल 22 करोड़ 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा एयरलाइन को डीजीसीए के पक्ष में 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भी जमा करनी होगी, ताकि निर्देशों का पालन और लंबे समय के लिए सिस्टम में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।



डीजीसीए के आदेश के मुताबिक, 50 करोड़ रुपये की इस बैंक गारंटी के तहत एक सुधार ढांचा बनाया गया है, जिसे इंडिगो सिस्टमिक रिफॉर्म एश्योरेंस स्कीम (ढ्ढस्क्र्रस्) नाम दिया गया है. इसका मकसद भविष्य में ऐसी अव्यवस्थाओं को रोकना है।

इसके साथ ही इंडिगो पर छह अलग-अलग प्रावधानों के उल्लंघन को लेकर एकमुश्त आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है. हर उल्लंघन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. इस तरह कुल एकमुश्त जुर्माना 1 करोड़ 80 लाख रुपये बैठता है।

डीजीसीए ने इंडिगो के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है. एयरलाइन के सीईओ को उड़ान संचालन और संकट प्रबंधन में समग्र निगरानी की कमी को लेकर चेतावनी दी गई है। अकाउंटेबल मैनेजर यानी सीओओ को विंटर शेड्यूल 2025 और संशोधित उड़ान ड्यूटी समय सीमा नियमों के असर का सही आकलन न करने पर चेतावनी जारी की गई है. वहीं सीनियर वाइस प्रेसिडेंट को ऑपरेशनल जिम्मेदारियों से हटाने और भविष्य में किसी भी जवाबदेह पद पर नियुक्त न करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीजीसीए की जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उड़ानों में भारी देरी और रद्द होने की मुख्य वजह जरूरत से ज्यादा ऑपरेशन को ऑप्टिमाइज करना, नियामकीय तैयारियों की कमी और सिस्टम सॉफ्टवेयर से जुड़ी खामियां रहीं। इसके अलावा इंडिगो के प्रबंधन ढांचे और ऑपरेशनल कंट्रोल में भी गंभीर कमियां पाई गईं!

रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरलाइन प्रबंधन समय रहते योजना की खामियों को पहचानने में नाकाम रहा। पर्याप्त ऑपरेशनल बफर नहीं रखा गया और संशोधित उड़ान ड्यूटी नियमों को ठीक से लागू नहीं किया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि बड़ी संख्या में उड़ानें लेट हुईं और रद्द करनी पड़ीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जांच में यह भी सामने आया कि इंडिगो का पूरा फोकस क्रू, विमान और नेटवर्क संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल पर था। इससे रोस्टर बफर काफी कम हो गया। क्रू रोस्टर इस तरह बनाए गए कि ड्यूटी समय को अधिकतम खींचा जा सके। इसके लिए डेड हेडिंग, टेल स्वैप, लंबी ड्यूटी और बहुत कम रिकवरी समय पर भरोसा किया गया। इस रणनीति से रोस्टर की मजबूती कमजोर हुई और संचालन की क्षमता पर असर पड़ा।

डीजीसीए की जांच में दीर्घकालिक सुधारों पर भी जोर दिया गया है, ताकि भविष्य में ऐसे हालात दोबारा न बनें और यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

### विदिशा में केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने दी 4400 करोड़ की सौगात, किया सडक़ परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण, कहा...

## मेरे पास द्रौपदी की थाली, कभी खाली नहीं होती



विदिशा, एजेंसी। मध्य प्रदेश के विकास पथ को नई गति देते हुए केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को विदिशा में 4400 करोड़ रुपये की लागत वाली सडक़ परियोजनाओं की सौगात दी। इस भव्य कार्यक्रम में उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। गडकरी ने कहा, शिवराज जी के सहयोग से हमने ट्रैक्टर लाया है। मेरे पास इलेक्ट्रिक है। हर तरह का ट्रैक्टर हमारे ईंधन से चलना चाहिए। किसानों की लाखों की बचत होने वाली है। यहां आने पर सभी ने बहुत मांगें की, लेकिन मांगें पूरी करते-करते कब तक भाषण दूंगा। लेकिन आप चिंता मत करिए। मेरे पास द्रौपदी की थाली है। खाने को कितने ही लोग आएं। कितना ही खा लोगे, लेकिन खाना खत्म नहीं होगा।

पुरानी कृषि उपज मंडी में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान नितिन गडकरी ने रिमोट का बटन दबाकर कुल 181 किलोमीटर लंबी 8 महत्वपूर्ण सडक़ परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, क्षेत्रीय सांसद और विधायक भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इन परियोजनाओं से विदिशा की तस्वीर बदलेगी, वहीं शिवराज सिंह चौहान ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। गडकरी ने कहा कि मैं मध्य प्रदेश को 1600 करोड़ देने की घोषणा करता हूं। उसमें से 400 करोड़ रुपए शिवराज जी को देता हूं। ताकि वो 50-50 करोड़ अपने 8 एमएलए को देंगे। गडकरी ने कहा कि मोहन जी ने 50 प्रोजेक्ट की मांग की है। क्या मोहन जी 2-4 हजार करोड़ और मांग लेते तो भी दे देता।

## बहुत निर्दयी है टीएमसी की सरकार... इसका बंगाल से हटना जरुरी - पीएम मोदी

### मालदा से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को किया रवाना




मालदा । पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदा टाउन पहुंचकर से कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर जोरदार हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ...देश के प्रधान सेवक के रूप में मैं बंगाल के लोगों की पूरी ईमानदारी से सेवा का प्रयास कर रहा हूं, मैं चाहता हूं कि बंगाल के हर बेघर के पास अपना पक्का घर हो...लेकिन ऐसा नहीं हो रहा, क्योंकि यहां की टीएमसी की ममता सरकार बहुत ही निर्दयी है, केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है, उस पैसे को यहां टीएमसी के लोग लूट लेते हैं। टीएमसी के लोग बंगाल के गरीबों के दुश्मन हैं, उन्हें आपकी तकलीफों की कोई चिंता नहीं है, वे अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं चाहता हूं कि देश के बाकी राज्यों की तरह बंगाल के लोगों को भी 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिले यहां पर भी आयुष्मान भारत योजना लागू हो, लेकिन आज बंगाल देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां यह योजना लागू नहीं होने दी गई... ऐसी पत्थर दिल सरकार, ऐसी निर्मम सरकार, ऐसी सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भाजपा ने पूरे देश में सुशासन और विकास का नया मॉडल तैयार किया है, आज पूरे देश में जनता इस विकास के मॉडल को अपना आशीर्वाद दे रही है। शुक्रवार को ही महाराष्ट्र में शहरी निकाय चुनाव के नतीजे आए हैं जिसमें भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है, खासतौर पर महाराष्ट्र की राजधानी और दुनिया के सबसे बड़े नगर निगमों में से एक बीएमसी में पहली बार भाजपा को रिकॉर्ड विजय मिली है। कुछ दिन पहले तिरुवनंतपुरम में भी पहली बार भाजपा के मेयर बने हैं, यानि जहां कभी भाजपा के लिए चुनाव जीतना असंभव माना जाता था वहां भी आज भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है, यह दिखाता है कि देश का वोटर, देश की जेन जी भाजपा के विकास मॉडल पर भरोसा दिखा रहे है। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि इस बार बंगाल के लोग भी भाजपा को भारी बहुमत से विजय बनाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा, आज हमारा देश 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वी भारत का विकास होना बहुत जरुरी है। पूर्वी भारत को दशकों तक नफरत की राजनीति करने वालों ने जकड़ रखा था। भाजपा ने इन राज्यों को नफरत की राजनीति करने वालों के चंगुल से मुक्त किया है...पूर्वी भारत के राज्यों का विश्वास अगर किसी के साथ है, तब उस इकलौती पार्टी का नाम है भाजपा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ओडिशा में पहली बार भाजपा ने सरकार बनाई है, त्रिपुरा ने भाजपा पर विश्वास किया है, असम ने भी बीते चुनाव में भाजपा को ही समर्थन दिया है और कुछ दिन पहले बिहार में भी एक बार फिर भाजपा-एनडीए की सरकार बनी है, यानि बंगाल की हर दिशा में भाजपा के सुशासन की सरकार है। लेकिन अबकी बार बंगाल में सुशासन की बारी है, इसलिए मैंने बिहार चुनाव की जीत के बाद ही कह दिया था कि अब बंगाल में भी विकास की गंगा बहेगी और भाजपा यह काम करके रहेगी।

## ईरान में फंसे भारतीय नागरिक सुरक्षित लौटे, भारत सरकार और दूतावास का जताया आभार



नई दिल्ली। ईरान में लगातार बिगड़ते हालात और हिंसक प्रदर्शनों के बीच वहां फंसे कई भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। शुक्रवार देर रात ईरान से दिल्ली पहुंचे इन नागरिकों में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हैं। भारत लौटते ही इन नागरिकों ने भारत सरकार और भारतीय दूतावास के प्रयासों की सराहना की।

मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा, कि वर्तमान में ईरान में करीब 10 हजार भारतीय नागरिक मौजूद हैं, जिनमें छात्र, कारोबारी और विभिन्न पेशेवर शामिल हैं। इनमें से लगभग 2500 से 3000 छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए ईरान गए हुए हैं। हालात बिगड़ने के बाद भारत सरकार ने उनकी सुरक्षा को लेकर सक्रियता दिखाई और जरूरत पड़ने पर एयरलिफ्ट की घोषणा भी की थी। ईरान से लौटे एक भारतीय नागरिक ने कहा कि वहां हालात बेहद खराब हो चुके थे। उन्होंने बताया, भारत सरकार बहुत सहयोग कर रही है और भारतीय दूतावास लगातार संपर्क में था। हमें जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी गई। मोदी हैं तो हर चीज मुमकिन है। ऐसे ही एक मेडिकल छात्र ने मीडिया से कहा, कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, हालांकि वे निजी फ्लाइट के जरिए अपनी व्यवस्था से दिल्ली पहुंचें हैं। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए भारत लौटना ही सुरक्षित विकल्प था।

### अमृत भारत-2 एक्सप्रेस ट्रेनों में आरएसी खत्म, रेलवे ने किया नियम में बदलाव

## अब स्लीपर क्लास के लिए कम से कम 200 किमी का देना होगा किराया

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने जनवरी 2026 से अमृत भारत-2 एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के मुताबिक इन नई ट्रेनों का किराया ढांचा और बुकिंग नियम पिछली अमृत भारत ट्रेनों से थोड़ी अलग होगी। नए नियम के तहत बेसिक किराया नहीं बदला गया है, लेकिन न्यूनतम दूरी के नियम तय किए गए हैं। नए नियम के मुताबिक स्लीपर क्लास के लिए कम से कम 200 किमी का किराया देना होगा, जो कि 149 रुपए होता है। वहीं सेकेंड क्लास के लिए 50 किमी यानी 36 रुपए न्यूनतम किराया रखा गया है। इसके अलावा, रिजर्वेशन चार्ज और सुपरफास्ट सरचार्ज अलग से लागू होंगे। यदि आप 100 किमी की यात्रा करते हैं, तो भी आपको स्लीपर क्लास के लिए 200 किमी का न्यूनतम किराया देना होगा। अमृत भारत-2 एक्सप्रेस के स्लीपर क्लास में एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब इस ट्रेन में आरएसी टिकट नहीं होंगे। एडवांस रिजर्वेशन पीरियड के दिन से ही सभी बर्थ यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। अनारक्षित द्वितीय श्रेणी के लिए पुराने नियम ही लागू रहेंगे। स्लीपर क्लास में अब केवल तीन श्रेणियों के लिए कोटा उपलब्ध होगा।



## 26 जनवरी से पहले देश में हाई अलर्ट

### -खालिस्तानी और बांग्लादेशी आतंकियों से खतरा

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने देशभर में हाई अलर्ट जारी किया है। खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार, खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों और बांग्लादेश में सक्रिय आतंकी समूहों की ओर से दिल्ली समेत कई बड़े शहरों को निशाना बनाए जाने की आशंका जताई गई है।

इंटेलिजेंस इनपुट में बताया गया है कि पंजाब से जुड़े कुछ गैंगस्टर विदेश में बैठे खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलर्स के इशारे पर काम कर रहे हैं। आरोप है कि ये हैंडलर्स अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और देश की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के लिए आपराधिक नेटवर्क का सहारा ले रहे हैं।

#### आतंकवादी नेटवर्क से बढ़ते संपर्क

सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी चेतावनी में कहा गया है कि ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हैं। धीरे-धीरे इनके खालिस्तानी आतंकवादी तत्वों से संपर्क मजबूत होने की बात भी सामने आई है, जिसे लेकर एजेंसियां सतर्क हैं।

### कुछ ना कहना




## बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में आडवाणी और जोशी नहीं कर सकेंगे मतदान

### पार्टी के इतिहास में 20 जनवरी का दिन एक बड़े बदलाव का गवाह बनेगा

नई दिल्ली,। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में 20 जनवरी 2026 का दिन एक बड़े बदलाव का गवाह बनेगा। 45 साल के नितिन नवीन का पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि इस चुनाव में एक चौंकाने वाली बात यह है कि पार्टी के संस्थापक सदस्य लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी पहली बार होगा जब वह मतदान नहीं कर सकेंगे। दिसंबर 2025 से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे नितिन नवीन अब पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने जा रहे हैं।



बता दें बिहार के बांकीपुर से विधायक और पूर्व मंत्री नितिन नवीन बीजेपी के दिग्गज नेता दिवंगत नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के पुत्र हैं। आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नवीन को संगठन में गहरी पैठ और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में पार्टी की चुनावी जीत में बड़ी भूमिका के लिए जाना जाता है। 19 जनवरी को उनका नामांकन होगा और 20 जनवरी को उनकी जीत की औपचारिक घोषणा की जाएगी। उनके नामांकन में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह प्रस्तावक बनेंगे।

1980 में बीजेपी की स्थापना के बाद यह पहला मौका है जब इन दोनों दिग्गजों का नाम अध्यक्ष चुनाव की मतदाता सूची में नहीं है। इसके पीछे कोई राजनीतिक नाराजगी नहीं, बल्कि तकनीकी कारण हैं।

पार्टी के संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनने के लिए संबंधित राज्य में संगठनात्मक चुनाव पूरा होना अनिवार्य है। आडवाणी और जोशी फिलहाल दिल्ली से राष्ट्रीय परिषद के सदस्य हैं, लेकिन दिल्ली प्रदेश बीजेपी में चुनाव अभी लंबित हैं। जब तक दिल्ली में मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के चुनाव नहीं हो जाते वहां से राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चयन नहीं हो सकता। इसी कारण दोनों नेताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके।

बता दें इससे पहले लालकृष्ण आडवाणी गुजरात (गांधीनगर) और जोशी उत्तर प्रदेश (कानपुर) से परिषद सदस्य हुआ करते थे। सक्रिय राजनीति से हटने के बाद वे दिल्ली से सदस्य बने थे। बीजेपी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के लक्ष्मण ने चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। 19 जनवरी को दोपहर 2 से 4 बजे तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। 19 जनवरी को ही शाम तक नामांकन पत्रों की जांच और वापसी होगी। 20 जनवरी को यदि जरुरी हुआ तो मतदान होगा, अन्यथा निर्विरोध चुनाव की घोषणा की जाएगी। जेपी नड्डा का स्थान लेने वाले नितिन नवीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए संगठन को तैयार करना और आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन को सुधारना होगी।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 2 नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर के बीजापुर नेशनल पार्क क्षेत्र में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें नेशनल पार्क एरिया कमेटी चीफ दिलीप वेंडजा शामिल है। दूसरे नक्सली की पहचान नहीं हुई है। जवानों ने एनकाउंटर स्पॉट से दोनों नक्सलियों के शव और 2एके-47 बरामद कर लिए हैं। जानकारी के मुताबिक जिस इलाके में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हो रही है, वह खूंखार नक्सली पापाराव का इलाका है। पापाराव नेशनल पार्क क्षेत्र का इंचार्ज है। पापाराव दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का इकलौता सदस्य है। अगर पापाराव मारा गया तो डीकेएसजेडसीएम कैडर खत्म हो जाएगा।

#### नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों की बड़ी संख्या

डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवान नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान उनका सामना नक्सलियों की बड़ी टुकड़ी से हुआ। मुठभेड़ अब भी जारी है। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और मारे गए नक्सलियों के शवों को बरामद करने और अन्य नक्सलियों की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। बीजापुर पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि अभियान अब भी जारी है।

# कोलकाता के नाम रहा स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब

## कप विजेता को 1, लाख, तो उवविजेता जालंधर को 51 हजार रु का दिया गया नगद इनाम

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

नेहरू स्पोर्टिंग क्लब और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में नगर के शहीद चन्द्रशेखर एस्टोटर्फ मैदान में आयोजित 51 वीं स्वर्गीय नारायणसिंह मेमोरियल ऑल इण्डिया गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जलांधर को हराकर कोलकाता ने अपने नाम कर लिया। जहां इस प्रतियोगिता की सिरमौर बनी कोलकाता की टीम को आयोजन समिति द्वारा नगद 1 लाख रु,ट्राफी तो वही उपविजेता टीम जालंधर को ट्राफी व नगद 51 हजार रु, का इनाम देकर सम्मानित किया गया।वहीं अन्य खिलाडियों को भी पृथक से पुरस्कृत कर 11 जनवरी से आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन किया गया है।आयोजित प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि में पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, हॉकी इण्डिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी फिरोज अंसारी, नीरज श्रीवास्तव दिल्ली सहित अन्य उपस्थित रहे।



### कोलकाता ने जालंधर को 4-1 से पछाड़ा

आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच साउथ इस्टर्न रेल्वे कोलकाता बनाम बीएसएफ जालंधर के मध्य खेला गया। 17 जनवरी शनिवार को सुबह 12:30 बजे से आयोजित इस फाइनल मैच में कोलकाता के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये जालंधर को 4-1 गोल से पराजित किया। उधर जालंधर की टीम कोलकाता के खिलाफ अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन नहीं कर सकी जिसके चलते उन्हें उपविजेता के खिताब से संतोष होना पड़ा। मैच को अंतराष्ट्रीय एम्पायर अश्विनी कुमार व राष्ट्रीय एम्पायर राजकुमार द्वारा संचालित किया गया। उधर फाइनल संपन्न होने के बाद विजेता टीम कोलकाता को 1 लाख रूपये नकद व ट्राफी एवं उपविजेता टीम जालंधर को 51 हजार नकद व ट्राफी अतिथियों के हाथों प्रदान की गई। इसके अलावा खिलाडियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार जालंधर के मनमीतसिंह को प्रदान किया गया। वहीं निर्णायकों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर किरण भाई त्रिवेदी अध्यक्ष नेहरू स्पोर्टिंग क्लब का अभिनंदन क्लब के खिलाडियों द्वारा शानदार आयोजन के लिए व विजय वर्मा महासचिव टूर्नामेंट कमेटी उपाध्यक्ष को उनके 51 साल के कार्यकाल में टूर्नामेंट निरंतर जारी रखने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुशील वर्मा द्वारा किया गया।

### अंतराष्ट्रीय स्तर के मैच व हॉकी एकेडमी की मांग, पूरी करने का रहेगा प्रयास- फिरोज

इस दौरान हॉकी इण्डिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी फिरोज अंसारी ने दोनों टीम को बधाई देते हुये आयोजन समिति को लगातार 51 वर्ष तक टूर्नामेंट कराने के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले का हॉकी टूर्नामेंट देश में प्रसिद्ध है। आयोजन समिति जो बालाघाट में अंतराष्ट्रीय स्तर का मैच कराने व हॉकी एकेडमी की मांग रखी है। इसे पूर्ण कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

### आगामी समय मे भव्य होंगा आयोजन- किरण भाई

इस दौरान नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी ने कहा कि आगामी समय में इससे भी बेहतर टूर्नामेंट कराया जाएगा। एस्टोटर्फ मैदान में अंतराष्ट्रीय स्तर का मैच भी शीघ्र कराने प्रयास किया जा रहा है। जिले की खेल प्रेमी जनता ने इस आयोजन को सफल बनाने में काफी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अतिथियों व खिलाडियों एवं खेलप्रेमी दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के पदाधिकारी ऋषभदास वैद्य, कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती, अशोक मोदी, नेमीचन्द सेठिया, सुधांशु तिवारी राजकुमार शांडिल्य, राजेश सेवइवार, रमेश इंगले, संदीप नेमा, रमेश उके, तुषार मानकर, मकरंद अंधारे, वामन उके, गोपाल धुर्वे, फिरोज खान, सत्यम वर्मा, प्रमोद तिवारी, विद्या भूषण वर्मा, सुनील गांधी, अशोक कोचर, अजय वर्मा, सुभाष गुप्ता, राधेलाल दौने, उत्पान सिंह ठाकुर, वासिक आजमी, संतोष कावड़े, रमेश राउत, विनोद साव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मानसिक तनाव में कृषक ने शराब के नशे में कीटनाशक का सेवन किया

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** हट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोडुंदा से मानसिक तनाव से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां 46 वर्षीय कृषक ने शराब के नशे में आकर घर में रखी कीटनाशक दवा का



सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषक जगदीश पिता जियालाल मर्सकोले, उम्र 46 वर्ष, ग्राम बोडुंदा निवासी है और अपने परिवार के साथ खेती-किसानी करता है। बताया गया है कि वह शराब पीने का आदी है, जिसके चलते घर में अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती थी। 17 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे जगदीश मर्सकोले शराब पीकर घर पहुंचा, जिससे परिवार में विवाद हो गया। इसी दौरान मानसिक तनाव में आकर उसने खेत में उपयोग होने वाली कीटनाशक दवा '505' का सेवन कर लिया। कीटनाशक का सेवन करते हुए मोहल्ले के लोगों ने उसे देख लिया और तत्काल परिजनों को सूचना दी। इसके कुछ ही समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह लगातार उल्टियां करने लगा। परिजनों ने बिना देर किए निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया, जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

**In The Court Of Pranesh Kumar Pran, Principal District Judge, District Court,Balaghat**

**Presiding Officer- प्राणेश कुमार प्राण**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000034/2022)

रामप्रसाद बिसेन,..........................................वादी
Vs
इशुलाल..................................................प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 16/02/2026

**प्रेषिती-**
(1) **मुन्नालाल देवारे** पता- निवासी बगडमारा पोस्ट रजेगांव तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र.।
(2) **सागनबाईं पति रोशनलाल ठाकरे** पता- निवासी ग्राम पुनी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.।

यह कि प्रार्थी रामप्रसाद बिसेन ने आपके विरूद्ध अंतर्गत धारा 96 सहपठित आदेश 41 नियम 1 व्य प्र सं के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 09 **January** 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**

कृपया ध्यान दे:-
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# मोरिया में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

### खेलो भारत' गतिविधि के अंतर्गत आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर इकाई लामता के कार्यकर्ताओं द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 'खेलो भारत' गतिविधि के माध्यम से भारतीय पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता



का आयोजन मोरिया में किया गया।प्रतियोगिता में महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। शिक्षकों सहित सभी गणमान्य नागरिकों ने विद्यार्थी परिषद के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना की।इस प्रतियोगिता में परसवाड़ा, नैनपुर, लामता, लालबर्रा, मोरिया, चंगूटोला, मगरदर्रा, उड़दना एवं बैहर सहित कुल 15 नगरों की टीमों ने सहभागिता की।प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 12 बजे संपन्न हुई।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीम उड़दना को प्रथम पुरस्कार के रूप में रू.3101/-, मोरिया को द्वितीय पुरस्कार के रूप में रू.2101/-, तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम को ?1101/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भुवनेश्वर रजक (निर्माण सभापति, जनपद पंचायत बालाघाट) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय लामता के प्राचार्य श्री सुंदरलाल बिसेन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति के रूप में कुबेर सिंह बैस (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अभाविप), चंद्रशेखर कटरे एवं डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे उपस्थित रहे।

### विभिन्न कार्यक्रमों के किए जा रहे आयोजन-यानिश

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लामता के नगर मंत्री यानीश एड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर अभाविप बालाघाट द्वारा साप्ताहिक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले की सभी इकाइयों में मैराथन, संगोष्ठी, रक्तदान शिविर, कंबल वितरण, ऋतुमति अभियान, वृक्षारोपण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में लामता इकाई द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में नगर मंत्री यानीश एड़े, महाविद्यालय प्रमुख प्रतीक चौधरी, सहमंत्री अमित धामड़े, ओमप्रकाश सहारे, जीतू सोनी, विद्यालय प्रमुख दीप पारधी एवं अखिलेश तुलसीकार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# छापामार कार्यवाही में पकड़ी डेढ़ करोड़ की जीएसटी चोरी

### विभागीय अधिकारियों ने हर्ष कंट्रक्शन की 70 लाख, तो वैनगंगा कंट्रक्शन की पकड़ी 81 लाख की चोरी जीएसटी वसूली का बनाया गया प्रकरण, दोनों फर्मो को नोटिस जारी करने की चल रही तैयारी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर में पिछले दो दिनों तक चली जीएसटी की छापामार कार्यवाही में करीब डेढ करोड रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी गई है। जहा विभागीय अधिकारियों द्वारा हर्ष कंट्रक्शन की 70 लाख, तो वही वैनगंगा कंट्रक्शन पर 81 लाख रुपए की जीएसटी चोरी का प्रकरण बनाया गया है। तो वहीं अब विभागीय अधिकारियों द्वारा इन दोनों ही फर्मो को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने की तैयारी की जा रही है।बताया गया कि हर्ष कंस्ट्रक्शन में 70 लाख रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। इसी तरह वैनगंगा कंस्ट्रक्शन द्वारा करीब 81 लाख रुपए की टैक्स चोरी की गई है। स्टेट जीएसटी इवेजन ब्यूरो की कार्यवाही में इस टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। दोनों ही फर्म, वस्तुओं की खरीदी बिक्री सहित अन्य कार्यों में जीएसटी की चोरी कर अवैध रूप से धन लाभ कमा रहे थे,जिसका खुलासा गुरुवार और शुक्रवार 2 दिनों तक चली जीएसटी की छापामार कार्यवाही में किया गया है।जहा दोनों फर्मो को मिलाकर करीब डेढ़ करोड रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी गई है।दोनों ही कंपनियों में कंस्ट्रक्शन से जुड़े कार्यों में टैक्स की चोरी की गई है।अब विभागीय अधिकारियों द्वारा जीएसटी चोरी करने वाले इन फर्मो से टैक्स वसूली की योजना बनाई जा रही है।



### नोटिस जारी कर वसूली जाएगा टैक्स-विवेक सिंह

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जबलपुर राज्य कर अधिकारी विवेक सिंह ने बताया कि स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की दो टीमों ने बीते दिनों दो अलग-अलग कंपनियों में छापामार कार्यवाही की गई थी। दो दिनों तक दोनों ही कंपनियों के कंस्ट्रक्शन से जुड़े कार्यों के दस्तावेजों की जांच की गई है।इस जांच में हर्ष कंस्ट्रक्शन में 70 लाख और वैनगंगा कंस्ट्रक्शन में 81 लाख रुपए की टैक्स चोरी सामने आई है। जिसकी वसूली के लिए नोटिस जारी कर, टैक्स वसूली की आगामी कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय नगर परिषद लांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक/2329/रा. शा./न.प.लांजी/2026/ — लांजी, दिनांक 15/01/2026

**।। ई-निविदा सूचना ।।**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद लांजी जिला बालाघाट द्वारा निम्न तालिका अनुसार **वित्तीय वर्श 2025-26 हेतु शिवरात्री मेला 05 दिवसीय वसूली (18/02/2026 से 22/02/2026 तक (05 दिवस)) अवधी के लिए** फीस वसूली के अधिकारो का हस्तांतरण करने के लिये ई-निविदा ऑनलाईन वेबसाईट **www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा फीस वसूली ठेकों का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्रं. | ठेके का नाम | वसूली का क्षेत्र | टेण्डर आई.डी. कमांक | सरकारी बोली | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवरात्री मेला 05 दिवसीय वसूली | वार्ड कमांक 05 मंडई टेकरी लांजी | 2026_UAD_475851_1 | 194000 | 19400 | 1000 | 18/02/2026 से 22/02/2026 तक (05 दिवस) |

**नोट :-**

1. नियम एवं शर्ते ऑनलाईन वेब पोर्टल वेबसाईट **www.mptenders.gov.in** के माध्यम से देखी एवं प्राप्त हो सकेगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की **तिथि 16/01/2026 प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 03/02/2026 सायं 5.30 बजे** तक तथा ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 03/02/2026 सायं 5.30 बजे** तक निर्धारित है, अन्य जानकारी ऑनलाईन देखी जा सकती है।
3. **ई-निविदा दिनांक 04/02/2026 को शामः 5.30 बजे खोली जावेंगी।**
4. उपरोक्त निविदा के संशोधन केवल वेबसाईट पर ही Corrigendum अंतर्गत प्रकाशित किये जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में नहीं।
5. उक्त ई-निविदा में भाग लिये जाने हेतु निविदाकार को उल्लेखित वेब पोर्टल पर दिये गये निर्देशानुसार डिजिटल सिग्नेचर बनवाई जाकर बिडर आई0डी0 रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य होगा, उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये अपने नजदिकी एम.पी. ऑनलाईन, कियोस्क तथा उक्त वेब पोर्टल हेल्पडेस्क पर संम्पर्क कर सकते हैं।

(रेखा ताराचंद कालबेले) अध्यक्ष नगर परिषद् लांजी
(संदीप रामटेक्कर) उपाध्यक्ष नगर परिषद् लांजी
(किशोर रामटेक्कर) सभापति नगर परिषद् लांजी
(मयूर वाहने) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद् लांजी

हम सब की प्यारी चहेती दुलारी बिटिया
**हेमांशी चन्द्रवार**
आपको चतुर्थ जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
-विनीत-
श्रीमती किरणलता - राजकुमार चन्द्रवार (दादी-दादा)
श्रीमती सीता - भरतलाल बमनोटे (नानी-नाना)
श्रीमती स्वाति - चंद्रकांत चन्द्रवार (मम्मी-पापा)
श्रीमती रीतू - श्रीकांत चन्द्रवार (चाची-चाचा)
ओजस चन्द्रवार (बड़ा भाई), धार्मिक चन्द्रवार (बड़ा भाई)
दीपांशी चन्द्रवार (छोटी बहन)
एवं समस्त चन्द्रवार परिवार मिरेगांव (लालबर्रा)।



**दुकान किराये पद देना है**
-पता-
स्टेट बैंक के पास, कालीपुतली चौक, मेन रोड, बालाघाट
मो. 9827116521

**आवश्यकता है**
माइक्रो कमपयुटर में
- कम्प्युटर टीचर्स - 03 पद
- कम्प्युटर ऑपरेटर - 02 पद
- स्टेनो टीचर्स - 02 पद
- टैली टीचर्स - 01 पद
- चपरासी - 02 पद
- लाइब्रेरियन - 01 पद

पता-माइक्रो कम्प्युटर
SBI ATM के सामने वाली गली
भटेरा रोड, बालाघाट
मो. 9407311752, 9399009557

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# हजारों क्विंटल धान 32 ट्रकों में लाकर बालाघाट जिले की खरीदी केंद्रों में खपाने की थी तैयारी, धान और ट्रक जब्त

## धान की अफरातफरी, परमिट के दुरूपयोग, किसानों के साथ छल मामले में 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है. परसवाड़ा थाने में चार व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जबलपुर से मंडला के लिए धान परिवहन की अनुज्ञा जारी कराई गई थी, जिसके बाद मंडला से महाराष्ट्र के गोंदिया के लिए धान परिवहन की अनुमति दर्शाई गई। लेकिन जांच में सामने आया कि यह धान गोंदिया न ले जाकर बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में अवैध रूप से खपाया जाना था।**

परसवाड़ा एसडीएम श्रीश प्यासी द्वारा दिव्या पेट्रोल पंप के पास ट्रक क्रमांक MP-09 ॥ ॥-3261 एवं CG-15-D ॥-6573 को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि भारती ट्रेडर्स जबलपुर एवं हनु ट्रेडिंग कंपनी जबलपुर से कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला के नाम पर धान परिवहन किया गया और बाद में मंडला से गोंदिया के लिए अनुज्ञा जारी कराई गई थी। परंतु धान को परसवाड़ा तहसील के धान खरीदी केंद्रों में खपाने की योजना थी।

इस मामले में परसवाड़ा के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरेश धोटे द्वारा परसवाड़ा थाने में ट्रक चालक आकाश यादव, बलराम यादव, कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला के प्रोपराइटर कमल आहूजा तथा बिचौलिए राजेन्द्र रहांगडाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।कार्रवाई के दौरान ट्रकों में लाए गए 1500 बोरी में 599 क्विंटल धान को जब्त कर चंदना वेयरहाउस के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। धारा 223. 3(5) BNS का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

मामले में पुलिस सूत्रों के अनुसार ट्रक क्र. MP09HH3261 एवं CG15DH6573 धान से भरी हुयी बोरियों का उपार्जन अवधि में अवैध रूप से परिवहन, जारी मण्डी अनुजा पत्र से रूट डायवर्ट कर गंतव्य स्थान तक नहीं पहुँचाये जाने पर अपराध दर्ज किया गया है. जिसके अनुसार 13 जनवरी को शाम 05 बजे ट्रक क्र. CG15DH6573 को परसवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत दिव्या पेट्रोल पंप परसवाडा के समीप संदिग्ध खड़े ट्रक को वाहन चालक आकाश यादव पिता श सुरेन्द्र यादव उम्र-26 वर्ष निवासी ग्राम जामगांव (नैनपुर) द्वारा धान से भरे ट्रक को परिवहन कर लाया गया था। इसी प्रकार उसी दिन को ट्रक क्रमांक MP09HH3261 का चालक बलराम यादव उक्त वाहन को थाना के बाहर खड़ा किया। 14 जनवरी को संयुक्त टीम द्वारा वाहन चालक आकाश यादव के द्वारा वाहन कमांक CG15DH 6573 में कृषि उपज को अनुजा पत्र क्र. 2630001401201 2023 दिनांक 12.01.2026 समय रात्री 8.30 बजे मेसर्स भारती ट्रेडर्स जबलपुर से 164.25 क्वि. 390 नग धान से भरी बोरिया मेसर्स कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला के नाम का अनुजा पत्र प्रस्तुत किया गया तथा उक्त मात्रा स्वीकार की गयी। वाहन क्रमांक CG15DH 6573 में कृषि उपज धान को अनुजा पत्र क. खबर के मुताबिक परसवाड़ा पहुँचकर विवेचक द्वारा उक्त मोबाईल नंबर पर बात करने पर राजेन्द्र राहगडाले निवासी झिरिया द्वारा परसवाडा में पेट्रोल पंप के पास गाडी खडी करने को कहा गया।वाहन चालक के द्वारा राजेन्द्र राहंगडाले द्वारा ही धान से भरे वाहन क. CG15DH6573 को धान खपाने बुलाया गया था, तथा अनुजा पत्र अनुसार गंतव्य स्थान गोदिया सदीप ट्रेडिंग कपनी न जाते हुये परसवाडा में ही खाली करने को कहा गया। इस प्रकार वाहन चालक द्वारा अवैध रुप से धान से भरे ट्रक का परिवहन करना स्वीकारा गया ।वाहन क्र. MP09 ॥ ॥3261 के वाहन चालक बलराम यादव के द्वारा बताया गया कि वाहन मालिक का नाम पियूष साहू निवासी बम्हनी बंजर (मण्डला) का है तथा उनके छोटे भाई द्वारा मेरे द्वारा जबलपुर के अनुज्ञसिधारी व्यापारी हनु ट्रेडिंग कपनी से थर्ड पार्टी



अनुजा पत्र जो कृषि उपज मंडी समिति मडला के अनुजसिधारी व्यापारी कमल किशोर ट्रेडर्स के माध्यम से राज्य के बाहर व्यापारी सदीप ट्रेडिंग कंपनी गोदिया के लिये जारी मंडी अनुजा पत्र क्र. 263005195120122017 दिनाक 12.01.2026 रात्री 10.08 बजे दिया गया था।उक्त वाहन में अनुजा पत्र अनुसार धान मात्रा 305.20 क्रि. 763 नग तथा तौल काटा पर्ची क्र. 9212 अनुसार 307.15 क्वि. भरवाकर जबलपुर से रवाना हुआ। रास्ते में वाहन मालिक पियूष साहू के छोटे भाई द्वारा मोबाईल पर वार्ता कर गोदिया न जाकर परसवाडा जाकर रुकने के लिये ही कहा गया तथा परसवाड़ा पहुँचकर दिये गये मोबाईल नंबर दिया गया था और उस नबर से मैने फोन लगाया तो जिसमें अपना परिचय राजेन्द्र राहंगडाले निवासी ग्राम झिरिया परसवाडा का निवासी होना बताया और ट्रक को ग्राम झिरिया लाने के लिये बोला तो मै ट्रक लोड हुआ धान सहित मध्य रात्री लगभग 12.15 बजे पहुंचा था कि राजेन्द राहगडाले आ गया था उसी समय राजस्व एव पुलिस थाना परसवाड़ा के संयुक्त दल द्वारा संदेह की स्थिति मे वाहन को खड़ा देखकर पूछताछ करने पर सतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर थाना परसवाड़ा मे लाकर खड़ा किया गया। 15 जनवरी को राजेन्द्र कुमार राहंगडाले उम्र 38 वर्ष पिता हरिराम राहगडाले निवासी ग्राम झिरिया (परसवाड़ा) थाना परसवाड़ा मे उपस्थित हुआ जिसने अपने कथनों में बताया कि मैं कमल ट्रेडर्स मण्डला वाले को मैं बहुत समय से जानता हूँ उसके साथ मिलकर उपार्जन में अवैध रूप से धान का परिवहन कर धान को बुलवाकर उपार्जन केन्द्रों में खपत कराने का काम करता हूँ। इसी प्रकार की अवैध रूप से धान समितियो केन्द्रों भौरवाही , बघोली केन्द्रों मे धान खपाई जाती है तथा प्रक्रिया के लेनदेन एवं जानकारी तथा आर्थिक व्यौरा का जिक्र मेरे मोबाईल एन्ड्राइड फोन जो कि मेरी व्हाट्सप वार्ता (चैट) में लेनदेन का जिक्र 20 दिसंबर 2025 से वर्तमान तक उपलब्ध है। इसी तारतम्य मे दिनाक 13 जनवरी को ट्रक ड्रायवर आकाश यादव ट्रक क्र. CG 15 DH 6573 द्वारा ट्रक में भरकर लायी गयी धान को परसवाड़ा मे समितियो मे खपाने के उद्देश्य से तथा आर्थिक लाभ, अतिरिक्त मुनाफा कमाने के उददेश्य से धान कृषको के खाते मे बेचने का कार्य बिचैलिये के रुप मे किया जा रहा था।

साथ ही जबलपुर मंडी समिति की अनुजमिधारी फर्म हनु टेडिंग कंपनी द्वारा सेकण्ड पार्टी कमल ट्रेडर्स मंडला के माध्यम से गोटिया महाराष्ट के लिए 13 अनुजा पत्र जारी कर धान विक्रय किया गया। उक्त धान के कुल 32 वाहनों के द्वारा जिला बालाघाट से होकर महाराष्ट्र राज्य के लिए किये गये परिवहन की पुष्टि हेतु परसवाडा तहसील अंतर्गत स्थापित आगमन उपार्जन चेकपोस्ट कनई (नाटावारिया), खैरलांजी तथा बालाघाट तहसील अंतर्गत गुडरू चेकपोस्ट की आगमन-निर्गमन पंजी से मिलान किया गया। जिसमें से दिनांक 13 जनवरी को वाहन क्र. MP 18 GA2795 द्वारा फर्म हनु टेडिंग कंपनी द्वारा सेकण्ड पार्टी कमल ट्रेडर्स मंडला के माध्यम से थर्ड पार्टी गुरुकृपा परवायलिंग वारासिवनी के लिए परिवहन की प्रविष्टि गुडरू चेकपोस्ट पर पायी गयी। कमल ट्रेडर्स के शेष 31 वाहनों की जिले की आगमन उपार्जन चेकपोस्ट पर संधारित आगमन-निर्गमन पजी में प्रविष्टी नहीं होना पाया गया। इसी प्रकार उक्त वाहनो की किरनापुर तहसील अंतर्गत स्थापित निर्गमन उपार्जन चेकपोस्ट रजेगाव की आगमन-निर्गमन पंजी से मिलान करने पर पंजी में प्रविष्टी नही होना पाया गया। जिसमें से पूर्व के 30 वाहनो की प्रविष्टी एवं उपरोक्त वर्णित वर्तमान में जस 02 वाहन कुल 32 वाहनो की प्रविष्टी न तो जिले की आगमन चेकपोस्ट गुडरु, कनई (नाटाबारिया), खैरलांजी पर पायी गयी, एवं ना ही जिले की निर्गमन चेकपोस्ट रजेगांव पर पायी गयी।

इस प्रकार सबंधित फर्म द्वारा उपार्जन अवधि में कलेक्टर बालाघाट द्वारा दिये गये आदेश विहित निर्देशो का स्पष्ट उल्लंघन किया जाना पाया गया। साथ ही उक्त 32 वाहनों के द्वारा परिवहित 6163.86 क्वि. धान को जिले के उपार्जन केन्द्रो मे कृषको के खातो मे अवैध रूप से खपाया जाना प्रतीत होता है। जिसकी विस्तृत जांच नितांत आवश्यक है तथा फर्म कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला के द्वारा की जाने वाली धान की ट्रेडिंग की विस्तृत जांच नितांत आवश्यक है। प्रथम दृष्टया कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला द्वारा ट्रक क्र. MP 09 HH 3261 एवं CG 15 DH 6573 में अनुजा पत्रों के माध्यम से धान का परिवहन करने में अनुजा पत्र के विपरीत रूट डायवर्ट कर गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचाने से स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा अनुजा पत्र का दुरूपयोग कर अवैध रुप से आर्थिक लाभ कमाने तथा धान उपार्जन अवधि में शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का कृत्य किया जाना पाया गया। साथ ही मिलीभगत मे शामिल परसवाड़ा तहसील के राजेन्द राहंगडाले निवासी झिरिया द्वारा उक्त ट्रक क्र. MP 09 HH 3261 एवं CG 15 DH 6573 के वाहन चालको एवं वाहन मालिको के माध्यम से जिले में अवैद्य तरीके से धान बुलाकर धान की अफरा-तफरी कर धान को उपार्जन समितियां में खपाये जाने, वास्तविक कृषकों के हितो को नुकसान पहुचाने एवं निजी आर्थिक लाभ प्राप्त करने, एवं शासन को जान बूझकर आर्थिक क्षति पहुचाने एवं धोखाधडी किये जाने का स्पष्ट उद्देश्य प्रतीत होता है।

तत्संबंध में की गयी कार्यवाही अंतर्गत ट्रक क्रमांक MP 09HH3261 एवं CG15DH 6573 मे धान से भरी बोरियो को निर्देशानुसार दिनाक 16.01.2026 को चंदना वेयर हाउस एम.डब्ल्यू.एल.सी. की अभिरक्षा में कुल 1500 नग वोरिया 599.05 क्विं. धान को सौपा गया एवं उक्त दोनो वाहनो को पुलिस अभिरक्षा में थाना परसवाडा में सुपुर्दगी मे दिया गया। अत: उक्त कृत्य में शामिल अवैध रूप से गिरोह के रूप में काम करने वाले कमल आहूजा निवासी मंडला के प्रोप्रा कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला एवं राजेन्द्र राहंगडाले निवासी झिरिया के द्वारा कलेक्टर बालाघाट के आदेशों का भी उल्लंघन पाया गया है.उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जाना उचित होगा। इस मामले में आगे जाँच जारी है।

# जैन राइजर्स ने जीता जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 का खिताब

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित जैन प्रीमियर लीग (सीजन-3) का सफल और रोमांचक समापन 16 जनवरी की देर रात हुआ। 9 जनवरी से शुरू हुए इस क्रिकेट टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया और लगातार कई दिनों तक क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भरपूर मुकाबले देखने को मिले। लीग मुकाबलों के बाद जीती हुई टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम दिन खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जैन राइजर्स और सिंघाई शाइनिंग स्टार्स आमने-सामने रहे, जिसमें जैन राइजर्स ने सधा हुआ प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई ।दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में कलर्स एमपी-50 और राइजिंग अशोका के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। इस मैच में राइजिंग अशोका की टीम ने बेहतर रणनीति और संतुलित खेल के दम पर जीत हासिल कर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। रात में खेले गए फाइनल मैच ने दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए राइजिंग अशोका की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 114 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैन राइजर्स की टीम ने शुरू से ही सकारात्मक रुख अपनाया और संयमित बल्लेबाज़ी के साथ रन गति बनाए रखी। अंततः टीम ने 117 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया और जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 की विजेता बनी। फाइनल जीत के साथ जैन राइजर्स को 1 लाख 11 हजार रुपये की आकर्षक पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उपविजेता रही राइजिंग अशोका की टीम को 55,555 रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज़ों, गेंदबाज़ों और ऑलराउंड खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा के अनुसार शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी टीमों, खिलाड़ियों, अंपायरों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।




# शराब पीकर जा रहे युवक की दोस्त ने की पिटाई- जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वारासिवनी रोड स्थित ग्राम गर्रा के मशीन टोला में शराब पीकर घर लौट रहे एक युवक के साथ उसके ही दोस्त द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक वीरेंद्र उर्फ मोनू पिता मारुतिराव भोयर 32 वर्ष वार्ड नंबर 17 महाराजपुर बालाघाट निवासी है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक वीरेंद्र भोयर पेशे से ड्राइवर है। 16 जनवरी की रात करीब 8 बजे वीरेंद्र भोयर अपने दोस्त सुमित नगपुरे के साथ गर्रा स्थित शराब दुकान में शराब पीने गया था। शराब पीने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से वारासिवनी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वारासिवनी रोड पर ग्राम गर्रा के मशीन टोला पहुंचते ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

विवाद बढ़ने पर आरोप है कि सुमित नगपुरे ने अपने दोस्त वीरेंद्र भोयर के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद हिमांशु पटले ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

मारपीट में घायल वीरेंद्र भोयर को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने घायल वीरेंद्र भोयर का बयान दर्ज कर अस्पताल तहरीर आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित थाना भेज दी है।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस का उपवास

## गांधी प्रतिमा के समक्ष जताया विरोध, बैहर व बालाघाट विधायक बोले गांधी विचारधारा पर हमला हैं

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में किए जा रहे बदलावों और इससे जुड़े कानूनी अधिकारों को समाप्त किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट द्वारा उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय हनुमान चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत कांग्रेस विधायक सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक उपवास रखकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है, लेकिन इसमें किए जा रहे बदलावों से आमजन के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उपवास के दौरान वक्ताओं ने महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि रोजगार का अधिकार आमजन का मौलिक हक है और इसे कमजोर करने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मनरेगा योजना में किए जा रहे संशोधनों को तत्काल वापस लिया जाए और ग्रामीण मजदूरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की हैं ।




महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में किए जा रहे बदलावों और इसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट द्वारा स्थानीय हनुमान चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैहर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने कहा कि यह उपवास कार्यक्रम महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में किए जा रहे बदलावों के विरोध में आयोजित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभी कांग्रेस का शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन है, लेकिन यदि सरकार ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया तो आने वाले समय में कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन और उपवास करेगी। विधायक संजय उईके ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिए जीवनरेखा है, लेकिन भाजपा सरकार इसे कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा योजना के नाम और स्वरूप में बदलाव कर इसके मूल उद्देश्य को खत्म किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में बड़े स्तर पर परिवर्तन किए जा रहे हैं, जो न केवल गलत हैं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों के भी खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को स्वदेशी और अहिंसा का संदेश दिया था, लेकिन आज केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें उनकी विचारधारा को समाप्त करने का प्रयास कर रही हैं। विधायक मुंजारे ने कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी के नाम पर इस योजना की शुरुआत की थी। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने योजना का नाम बदलकर और इसके स्वरूप में परिवर्तन कर गांधीजी के नाम और उनके विचारों को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने इसे महात्मा गांधी का सीधा अपमान बताया। उन्होंने कहा कि योजना का नाम बदलना यह दर्शाता है कि भाजपा महात्मा गांधी के प्रभाव को कम करना चाहती है और धीरे-धीरे उनके नाम को योजनाओं से समाप्त करने का प्रयास कर रही है। विधायक ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के खिलाफ करार दिया। उपवास कार्यक्रम के दौरान हनुमान चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रघुपति राघव राजा राम भजन का गायन किया। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि यह उपवास भाजपा सरकार को सद्बुध्दि देने और जनहित में फैसले लेने की मांग को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस उपवास के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार से मांग करती है कि वह महात्मा गांधी की विचारधारा और गरीबों के अधिकारों का सम्मान करे।

# महादेव कराते फिटनेस एकेडमी के 20 खिलाड़ियों ने जीते 20 पदक

## नेशनल कराते चैंपियनशिप में बालाघाट के खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** महादेव कराते फिटनेस एकेडमी, बालाघाट के खिलाडियों ने नेशनल कराते चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। बालाघाट के वैध लॉन में 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एकेडमी के 20 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 20 पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता यूनाइटेड शोतोकॉन कराते एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित की गई, जिसमें महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं मध्यप्रदेश सहित 7 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। एकेडमी के मुख्य कोच सेन्साई राकेश वरकड़े के नेतृत्व में खिलाडियों ने कड़े मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गोल्ड मेडल विजेता तनिष्का टेकाम, अंश रंगारे, सनाया खान, आयुष घोरमारे, अभिज्ञा गजभिए, मीत डोंगरे, अग्र राहंगडाले , सिल्वर मेडल विजेता चार वर्षीय टूर्नामेंट की सबसे छोटी खिलाड़ी शिफा, हर्षिल वर्मा, लक्की चौरागडे, गर्व बनवाले, वेदिता गजभिए, दिव्या टेंगाहे, चंदना घोरमारे, जय पटले ब्रॉन्ज मेडल विजेता अर्जुन उराडे, ओजस हरिनखेड़े, दीप्ति पटले, दृष्टि बागडे, जय पटले इस शानदार उपलब्धि के बाद गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी आगामी 7 एवं 8 फरवरी 2026 को हैदराबाद में आयोजित प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही चयनित खिलाड़ी भविष्य में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर मुख्य प्रशिक्षक सेन्साई राकेश वरकड़े, महिला प्रशिक्षक देविका घोरमारे, जॉनसन स्कूल के डायरेक्टर नवीन बक्शी, प्रवीन बक्शी, प्रिंसिपल शैली बक्शी, पूनम बक्शी, लिटिल स्टेप स्कूल के प्रिंसिपल राहुल रंगारे एवं पूजा मैडम, समस्त शिक्षकगण, अभिभावकगण राजेश वर्मा, पिंकी वर्मा, राजेंद्र चौरागडे, संगीत चौरागडे, मनोज बनवाले, रिंकी बनवाले सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



# आस-पास की खबरें

## विधायक अनुभा मुंजारे ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा बस स्टैण्ड में शनिवार की रात करीब 8 बजे पार्टी के



पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने विधायक श्रीमती मुंजारे से लालबर्रा क्षेत्र के विकास के मुद्दे पर चर्चा भी किये एवं नगर की कुछ समस्याओं व मांगों से अवगत भी करवाये। इस अवसर पर पांढरवानी सरपंच अनीस खान, विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, सुमित स्वामी, अमीनुद्दीन हन्फी, अधिवक्ता अमित अग्रवाल, नईम खान, अशोक जैन, नितिन साखला, गुड्डू जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गढ़वाल समाज लालबर्रा मंडल की बैठक आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित गढ़वाल समाज मंगल भवन में अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल पांढरवानी (लालबर्रा) के तत्वाधान में 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से गढवाल समाज लालबर्रा मंडल की आवश्यक बैठक आहुत की गई है। चर्चा में मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती मीना कुरमजी ने बताया कि वर्तमान मंडल कार्यकारिणी का कार्यकाल 7 जनवरी 2026 को समाप्त हो चुका है। ऐसे में बैठक में वर्तमान कार्यकाल के आय-व्यय का विवरण सर्वसम्मति से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही नये मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी विस्तृत चर्चा के साथ ही अन्य सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की जायेगी। आगे बताया कि आयोजित बैठक में पांढ़रवानी मंडल (लालबर्रा) के अंतर्गत आने वाले पांढ़रवानी, कटंगटोला, आमाटोला, अतरी, छोटी पनबिहरी, बड़ी पनबिहरी, मानपुर, औल्याकन्हार, अमोली एवं लालबर्रा के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होगें। इस अवसर पर गढ़वाल समाज पांढरवानी (लालबर्रा) मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती मीना कुरमजी ने की है।





# खिलाड़ियों ने थाना प्रभारी एवं सांदीपनि स्कूल प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

## हाई स्कूल खेल मैदान में शराब पीने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही एवं सफाई करवाने की मांग की

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।**

**नगर मुख्यालय में एक मात्र खेल मैदान है जहां खिलाड़ियों के द्वारा अपने खेल का प्रैक्टिस किया जाता है। लेकिन खेल मैदान में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब पीकर बॉटल को फोड़ने के साथ ही गंदगी की जा रही है। साथ ही इन कांच के टुकड़ों की वजह से आये दिन सुबह-शाम के समय क्रिकेट सहित अन्य खेल खेलने वाले खिलाड़ी एवं युवा चोटिल हो रहे हैं। जिससे परेशान खिलाड़ियों ने शनिवार को थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान में रात्रि गश्त कर असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही एवं सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान की साफ-सफाई कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करवाने की मांग की है। खिलाड़ियों ने बताया कि लालबर्रा नगर मुख्यालय में हाई स्कूल का एक मात्र खेल मैदान है जहां सुबह एवं शाम के समय स्थानीय खिलाड़ियों के द्वारा क्रिकेट सहित अन्य खेल खेले जाते है और स्थानीयजन घुमने भी आते है। लेकिन रात्रि के समय असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब पीकर कांच की बोतल को फोड़ देते है जिससे खिलाड़ी चोटिल हो रहे है एवं गंदगी की जा रही है। इस तरह से लालबर्रा नगर मुख्यालय का एक मात्र खेल मैदान नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। जिससे खिलाड़ियों सहित सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर पूर्व में भी पुलिस प्रशासन को अवगत करवा दिया गया है लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है। जिससे असामाजिक तत्वों के हौंसले बुलंद है और उन्हे पुलिस प्रशासन का कोई डर नही है। तभी तो थाने से करीब 100 मीटर दुर स्थित खेल मैदान में रात्रि के समय शराब पी रहे है। पुलिस प्रशासन से मांग है कि खेल मैदान का रात्रि गश्त कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करें एवं स्कूल प्रशासन साफ-सफाई कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करवाये।**

### खेल मैदान नशेड़ियों का बन गया है अड्डा - अंकित

खिलाड़ी अंकित पिपलोद ने बताया कि नगर मुख्यालय के खेल मैदान में सामाजिक तत्वों के द्वारा बैठकर शराब पी जाती है और कांच की बोतलों को फोड़ा जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों एवं आमजनों को जो मॉर्निंग वॉक पर आते हैं उन्हें परेशानी हो रही है। साथ की कांच लगने से खिलाड़ी चोटिल भी हो रहे है, इस तरह से हाई स्कूल का खेल का मैदान नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। श्री पिपलोद ने बताया कि स्कूल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर खेल मैदान की साफ-सफाई करवाने की मांग की है ताकि खेल मैदान साफ-सुथरा एवं सुरक्षित रह सके।



### असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करे पुलिस प्रशासन - कुथे

खिलाड़ी अंकित कुथे ने बताया कि एक मात्र खेल मैदान में असामाजिक तत्वों के द्वारा रात्रि में शराब पीकर गंदगी की जा रही है। इस संबंध में पूर्व में थाना प्रभारी एवं स्कूल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया, जिसके कारण असामाजिक तत्वों के हौंसले बुलंद है और रात के समय खेल मैदान में पहुंचकर शराब पीकर कांच के बोतल को फोड़ रहे है एवं जहां-तहां कांच के टुकड़े रहते है। जबकि इस खेल मैदान में सुबह-शाम के समय खिलाड़ी एवं स्कूली ब'चें खेलते है और स्कूल के ब'चें खेल मैदान से आना-जाना भी करते है। श्री कुथे ने बताया कि कांच के टुकड़ों से सभी को परेशानी होती है और चोटिल भी हो रहे है इसलिए थाना प्रभारी को पुनः ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान में रात्रि गश्त कर असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।



### इन्होने की मांग-

खेल मैदान में रात्रि के समय शराब पीने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग करने वालों में अंकित कुथे, बिट्टु अड़मे, ऋषभ धुर्वे, कुनाल सिलारे, अंशुज सूर्यवंशी, हर्षवर्धन शर्मा, ओम माते, तन्मय माते, दुर्गेश गोस्वामी, यशराज शर्मा, बैजनाथ शर्मा, हिमांशु पसीने, अंकित पिपलोद, राधिका यादव, श्रध्दा बाहेश्वर, मुस्कान मरठे, अमित अग्रवाल, राहुल सहारे, विकास कोकोटे, विजेन्द्र उइके, अमित लखेरा, असलम अली, दानिश हन्फी, अयान खान, तबरेज मिर्जा, सरफराज खान, गणेश नागरे, शुभम बिसेन, विकास चौबे, अख्तर अली, तौसिफ, सद्दाम भाई, एहतेशाम, कामिल कुरैशी, योगेश गढ़ेवाल, ब्रजेश पंचेश्वर, सुमित पंचेश्वर, सुमित ब्रम्हे, अभिषेक यादव, सिध्दार्थ, अंकित खंडाते, रविन्द्र उइके, शानू ब्रम्हे, नरेन्द्र मरकाम, शुभम गेडाम, आयुष कावरे, विश्वास सिलारे, श्री सिलारे, देवेश बिसेन, अमन बनवाले, विक्की डहरवाल, मोहित सार्वे, गौरव, डिलेश यादव, ऋषभ रजक, अंकित डहरवाल, प्रफुल वराडे, अभिनव उइके, अतुल सराठे, निशांत चौहान, वेद दुबे, सुजल सराठे सहित अन्य खिलाड़ी एवं जागरूक नागरिक शामिल है।

## बेहरई के 4 लड़कों का सीमा सुरक्षा बल में हुआ चयन

**पद्मेश न्यूज।बेहरई/लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई के 4 लड़कों का सीमा सुरक्षा बल में चयनित होने पर पूरे ग्राम में खुशी एवं गर्व का माहौल है। इस तरह ऐ बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) में चयनित होने पर उनके स्नेहीजनों, परिवार व ग्राम वासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं सरपंच श्रीमती शारदा दिलीप टेम्भरे एवं रामप्रसाद बघेले स्थाई पटेल का कहना है कि यह बेहरई के लिए बहुत



(सीमा सुरक्षा बल) के लिए नितिन (भरत) पिता नारायण पटले, निशांत पिता दिलीप लिमझे, समीर पिता शोभाराम घोटीवार, दीपक पिता मानिक पटले का चयन हुआ है। ये चारों मध्यम परिवार के तालुक रखते है। जिनके माँ - बाप कृषि एवं मजदूरी कार्य करते है और परिवार का पालन-पोषण करते है। वहीं चारों चयनित युवाओं ने आर्थिक कठिनाइयां के बावजूद इन्होंने कभी अपने लक्ष्यों से समझौता नहीं किया और निरंतर प्रयास कर मेहनत करते हुए देश सेवा का सपना साकार किया है। इन चारों युवाओं का बीएसएफ ही गर्व की बात है। जिससे परिवार व ग्राम का नाम रोशन होता है। इन चारों की सफलता से गांव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा है। जो विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़कर सफलता का मार्ग दिखाती है। बीएसएफ में चयनित हुए चारों युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मातृभूमि की सेवा का यह पावन अवसर उन्हें यश सम्मान और सफलता की नई ऊंचाई तक ले जाये। सीमा सुरक्षा बल में चयनित हुए ग्राम के चार युवाओं को ग्रामीणजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा का हुआ आयोजन

## कक्षा 2 से 8 तक के 504 विद्यार्थियों ने ओएमआर सीट में हल किया पेपर

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार पुरे प्रदेश में जिला स्तर पर कक्षा 2 से 8 कक्षा में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं की 16 जनवरी से जारी दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा 17 जनवरी का संपन्न हुई। इसी कड़ी में लालबर्रा विकासखण्ड में जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा के लिए सांदीपनी स्कूल लालबर्रा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जिसमें प्रथम दिन कक्षा दुसरी से तीसरी कक्षा के 84 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं कक्षा छटवीं से आठवी के 152 विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं 17 जनवरी को कक्षा 5 वीं से 6 वीं के 144 एवं माध्यमिक खंड के 152 विद्यार्थियों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ओएमआर सीट के माध्यम से पर्चा हल किये। वहीं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की जिला स्तर पर संभाग स्तरीय परीक्षा आयोजित की जायेगी एवं रा'य स्तर पर होने वाली परीक्षा में पास होने पर उन्हे छात्रवृत्ति भी मिलेगी। साथ ही इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 2 से 8 तक के छात्र-छात्राओं में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में आत्मविश्वास पैदा होता है एवं उन्हे अपनी शैक्षणिक और क्षमता कौशल को पहचाने का मौका भी मिलता है। इसी उद्देश्य से ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया जाता है। नगर मुख्यालय में बनाये गये परीक्षा केन्द्र सांदीपनी स्कूल लालबर्रा में 16 जनवरी से जारी इस दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा में कुल 504 विद्यार्थियों ने ओएमआर सीट के माध्यम से पर्चा हल किया है और यह परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई, किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना है।





### ओलम्पियाड परीक्षा से बच्चों की सोच एवं सीखने की प्रक्रिया होती है तेज

आपकों बता दे कि राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें कक्षा 2 से 8 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शामिल होते है क्योंकि शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शिक्षा की दक्षता को परखने एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे कर सकते है, विशेष विषय के ज्ञान का परीक्षण करवाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इसी उद्देश्य से 16 जनवरी से विकासखंड स्तर पर जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड के कक्षा 2 से 8 तक के 504 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं ओलम्पियाड परीक्षा जो विद्यार्थी उत्तीर्ण कर लेता है तो वह हर शैक्षणिक क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशित करता है एवं परीक्षा से छात्र-छात्राओं को अपनी शैक्षणिक और क्षमता कौशल को पहचानने का मौका भी मिलता है। साथ ही ओलंपियाड छात्रों की योग्यता के साथ-साथ किसी विशेष विषय के ज्ञान का परीक्षण करके उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं। ओलंपियाड से स्कूली शिक्षा में छात्रों का प्रदर्शन भी बेहतर होता है क्योंकि इससे उनकी सोच और सीखने की प्रक्रिया तेज होती है। जिससे उन्हें स्कूलों में पढ़ाये जाने वाले कॉन्सेप्ट को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। साथ ही ओलम्पियाड छात्रों के मानसिक विकास और तैयारी के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा है। चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि 16 जनवरी से जिला स्तरीय दो दिवसीय ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया गया और इस परीक्षा के लिए सांदीपनी स्कूल लालबर्रा को केन्द्र बनाया गया था जहां कक्षा 2 से 8 कक्षा में पढ़ाई करने वाले 504 विद्यार्थियों ने शामिल होकर ओएमआर सीट में परीक्षा दिये है। श्री तुरकर ने बताया कि ओलम्पियाड परीक्षा का उद्देश्य है कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक प्लेटफार्म दिया जाता है। जिससे उनकी मानसिक क्षमता का विकास होता है और भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार होते है।

# अस्पताल के पुराने भवन को किया जा रहा डिस्मेंटल

## 50 बिस्तर के अस्पताल का जल्द होगा निर्माण कार्य प्रारंभ, बालिका छात्रावास में अस्थाई रूप से अस्पताल का हो रहा संचालन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के 50 बिस्तर के अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा। उसके पूर्व पुराने भवन को डिस्मेंटल (ढहाने) का कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है। वहीं पुराने भवन डिस्मेंटल (जमींदोज) होने के बाद करीब साढ़े नौ करोड रूपयों की लागत से सर्वसुविधायुक्त नवीन अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। आपकों बता दे कि लंबे समय से नगर में एक आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्तमान में जर्जर हो चुके भवन के स्थान पर अब एक नया सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण किया जायेगा। जिसके लिए विभाग द्वारा डिस्मेंटल की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि निर्माण एजेंसी जल्द से जल्द नींव खुदाई का कार्य प्रारंभ कर सके। शासन की मंशा है कि निर्माण कार्य को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। इस हेतु युध्द स्तर पर पुराने भवन में लगे सामग्री को निकालकर डिस्मेंटल किया जा रहा है जिसका कार्य जारी है।

### बालिका छात्रावास में शिफ्ट हुआ अस्पताल

अस्पताल के नवीन भवन के निर्माण के दौरान क्षेत्रीय जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। वहीं नवीन भवन के तैयार होने तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अस्थाई रूप से महाविद्यालय के बालिका छात्रावास में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां अस्पताल की सभी ओपीडी, इमरजेंसी सेवाएं और स्टाफ अब इसी परिसर से अपनी सेवाएं दें रहे है। साथ ही क्षेत्रीयजनों को स्वास्थ्य सेवाएं भी मिल रही है। लेकिन नये स्थान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा शिफ्ट हो जाने के कारण जिन्हे कालेज स्थित बालिका छात्रावास किस स्थान पर है पता नही होने के कारण उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सबसे अधिक परेशान दुर-दराज से आने वाले बुजुर्ग लोग हो रहे है।






### 50 बिस्तर का होगा सर्वसुविधायुक्त नया अस्पताल

नगर मुख्यालय में इस बड़े प्रोजेक्ट की शुरूआत को क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। शासन स्तर से इस नवीन भवन के लिए न केवल बजट जारी किया गया है, बल्कि इसकी क्षमता को बढ़ाकर 50 बेड (बिस्तर) कर दिया गया है। वहीं नवीन अस्पताल का भवन करीब साढ़े नौ करोड़ रूपयों की लागत से आधुनिक सुविधाओं के साथ ही नवीन भवन पूरी तरह से सर्वसुविधायुक्त होगा। वहीं भवन बनने के बाद बेड की संख्या बढ़ने से भर्ती मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। इसलिए क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने शासन-प्रशासन से तीव्र गति से डिस्मेंटल कर भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की है ताकि तय समय-सीमा के अंदर सर्वसुविधायुक्त नवीन अस्पताल का भवन गुणवत्तापूर्ण बन सके और क्षेत्रीयजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नवीन भवन का निर्माण कार्य हेतु पुराने भवन को डिस्मेंटल किया जा रहा है जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। वहीं भवन निर्माण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में असुविधा न हो इसलिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को लालबर्रा कालेज के बालिका छात्रावास में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां से अस्पताल का संचालन कर क्षेत्रीयजनों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।

# जिला स्तरीय ओलम्पियार्ड परीक्षा का हुआ आयोजन

## ३६९ परीक्षार्थियों ने अपने विषय का पेपर किया हल





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**

**नगर के कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी के तत्वाधान में १७ जनवरी को दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलम्पियार्ड परीक्षा २०२५-२६ का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड स्तर से चयनित ३८४ छात्र छात्राओं में से ३६९ छात्र.छात्राओं के द्वारा विद्यालय में उपस्थित होकर अपना पेपर हल किया गया। यह परीक्षा शिफ्ट के हिसाब से आयोजित की गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साहित होकर परीक्षा में भाग लिया यह परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।**

### जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थी संभाग में लेंगे भाग

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओलम्पियार्ड परीक्षा का आयोजन बीते दिनों विकासखंड स्तर पर समस्त ६ जन शिक्षा केंद्रो में आयोजित की गई थी। जिसमें ३०८८ परीक्षार्थियों के द्वारा पंजीयन किया गया था। किंतु परीक्षा में २९५४ परीक्षार्थियों के द्वारा उपस्थित होकर पेपर हल किया गया। जिसमें जिला स्तर पर ३८४ परीक्षार्थियों का चयन हुआ था। जिनकी जिला स्तरीय परीक्षा का आयोजन कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न किया गया। जहां १६ एवं १७ जनवरी को यह परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें प्रथम दिन तीन शिफ्ट में और दूसरे दिन चार शिफ्ट में यह परीक्षा ली गई। जिसमें कक्षा २ से ३ ,कक्षा ४ से ५ और कक्षा ६ से ८ वीं इस प्रकार तीन वर्गों में यह परीक्षा हुई। जिसमें प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थियों ने चार विषय और माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ६ विषय में अपनी रुचि अनुसार पूर्व में चयनित विषय पर परीक्षा दी। इस परीक्षा में ३६९ छात्र.छात्राएं शामिल हुए जिन्होंने शांतिपूर्वक अपना पेपर हल किया।

### परीक्षा से १५ परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों के आवागमन की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा नगर में ही जिला स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें दो दिवस तक विभिन्न पालियो में यह परीक्षा संपन्न की गई। जिसमें कक्षा २ से ३ में दर्ज ७२ परीक्षार्थियों में ६९ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कक्षा ४ से ५ में कुल चयनित ९६ परीक्षार्थियों में ९२ परीक्षार्थी उपस्थित रहे ४ अनुपस्थित। कक्षा ६ से ८ में २१६ परीक्षार्थियों में से २०८ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया ८ परीक्षार्थी की अनुपस्थित रहे। इस प्रकार तीनों वर्ग की परीक्षा में दोनों दिन को मिलाकर कुल ३८४ चयनित परीक्षार्थियों में से ३६९ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया १५ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को दक्ष बनाने आयोजित होती है परीक्षा

राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें कक्षा २ से ८ वीं में अध्ययनरत छात्र छात्राएं शामिल होते है। यह परीक्षा केवल शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की शिक्षा की दक्षता को परखने एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे कर सकते है। विशेष विषय के ज्ञान का परीक्षण करवाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इसमें अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी मिलेगी। इससे छात्र छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा होता है एवं उन्हे अपनी शैक्षणिक और क्षमता कौशल को पहचाने का मौका मिलता है। इसी उद्देश्य से ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

### दो दिवसीय ओलम्पियार्ड परीक्षा का शांतिपूर्ण हुआ आयोजन- सतेन्द्र

बीआरसी सत्येंद्र शरणागत ने बताया कि पूर्व में विकासखंड स्तर पर ओलम्पियार्ड परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें १४८ प्राथमिक, ७४ माध्यमिक स्कूल के ३०८८ विद्यार्थी में से २९५४ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें से जिला स्तर के लिए ३८४ विद्यार्थी चयनित हुए थे जिनकी जिला स्तरीय ओलम्पियार्ड परीक्षा का आयोजन किया गया था। यह दो दिवसीय आयोजन था जिसमें ७ शिफ्ट में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें ३८४ विद्यार्थियों में ३६९ विद्यार्थी ने पेपर हल किया १५ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न किया गया है इसमें से अब विद्यार्थी संभाग स्तर के लिए चयनित होंगे।

# कटेदरा और लखनवाड़ा में विधायक पारधी के मुख्य आतिथ्य में हुआ प्रतियोगिता का समापन

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/कटंगी।** ग्राम कटेदरा में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का सफ ल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के लगभग ३० ग्रामों की टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें लखनवाड़ा, सेल्वा, भोरगढ़, सुकली, कतरकना, कटंगी, कोहका, नांदी, धनकोसा, चौखंडी, मुंडेवाड़ा, बिछुआ, सुंदर, कामठी, अर्जुननाला, केवलारी, चाकाहेटी, बोथवा, सॉवरी, पिपरिया, सीताखो, नेवरगांव, पाथरवाड़ा, पिडंकेपार सहित अन्य ग्रामों की टीमों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आरसीए और कटेधरा टीम के बीच खेला गया। जिसमें आरसीए की टीम ने ५ विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। प्रथम पुरस्कार आरसीए टीम को २१००१ एवं द्वितीय पुरस्कार कटेधरा टीम को ११००१ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गौरव सिंह पारधी के हस्ते प्रदान किया गया। इस दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेश बोरकर, डाल सिंह ठाकरे, तोषन बिसेन, रोमेंद्र बघेले, योगराज ठाकरे, सुरेश रोकड़े, झलक ठाकरे, महेंद्र ठाकरे,ऐकटराव रहांगडाले, नरेंद्र बड्डु ठाकुर, बालू गौतम, बबलू आगासे, गिरीश ठाकरे, हेमराज बिसेन, भूपेंद्र ठाकरे, विमल ठाकरे, यशवंत ठाकरे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। इसी क्रम में ग्राम लखनवाड़ा में भी प्रतिवर्ष अनुसार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र की १६ टीमों ने भाग लिया। जिसमें वरूड, बनेरा, जाम, जाम टोला, कटंगी ,दैर्दबरा, अगासी, उमरी, जराहमोहगांव, बुदबुदा, कोचेवाही, रमरमा सहित अन्य ग्रामों की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फ इनल मैच लखनवाड़ा और बनेरा टीम के बीच खेला गया। प्रथम पुरस्कार बनेरा टीम को १०००१ रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार लखनवाड़ा टीम को ५००१ रुपये विधायक गौरव सिंह पारधी के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामकिशोर वहाने,बाबूलाल भगत, लक्ष्मी प्रसाद गौतम, प्रेम किशोर बिसेन, लेखचंद नेवारे, बुधराम पटले, लालचंद रहांगडाले, गिरधारी कोहरे, संजू मुरखे, समीर परते सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामवासी उपस्थित रहे। विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि कटंगी क्षेत्र की पहचान केवल कृषि या भौगोलिक कारणों से नहीं बल्कि खेल प्रतिभाओं के माध्यम से भी बने यही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गांवों में आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को मंच प्रदान करती हैं जिससे उनकी प्रतिभा सामने आती है। विधायक ने खिलाड़ियों को मेहनत अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि क्षेत्र से निकलकर खिलाड़ी जिला , प्रदेश और देश स्तर पर कटंगी का नाम रोशन करें यही उनकी अपेक्षा है।





# दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव आयोजित

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** श्री दिगंबर जैन मंदिर में दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के तत्वाधान में पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन किया गया है। यह आयोजन १७ से २० जनवरी तक यानी चार दिवसीय मांगलिक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें वर्ष २०२५ में सानन्द सम्पन्न हुए पंचकल्याणक एवं जिन बिम्ब प्रतिष्ठा महामहोत्सव की स्वर्णिम स्मृतियों का कार्यक्रम प्रारंभ हुए। जिसमें प्रथम दिवस आदिम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक उत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें प्रात: ७.३० बजे अभिषेक पूजन कर आचार्य श्री के छाया चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वल्लन किया गया। भक्तामर विधान द्वारा सम्पूर्ण विश्व में शाँति की मङ्गल भावना एवं सभी जीवों के कल्याण हेतु की कामना की गयी। तत्पश्चात बडे बाबा आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर लाडू चढाए गये। दिगंबर जैन पँचायत कमेटी के उपाध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि २०२५ में निर्यापक श्रमण १०८ श्री समता सागर के सानिध्य में आचार्य श्री १०८ विद्यासागर महामुनिराज की परम अनुकम्पा एवं आचार्य श्री १०८ समय सागर के आशीर्वाद स पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव सम्पन्न हुआ था। दिगंबर जैन पँचायत कमेटी के द्वारा प्रथम पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। १७ से १९ जनवरी तक प्रतिदिन प्रात: संगीतमय भक्तामर विधान पूजन एवम रात्रि में महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। २० जनवरी की प्रात: नवीन पाषाण जिनालय में मूलनायक विमलनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक किया जायेगा। यह कार्यक्रम में विधानाचार्य एवं संगीतकार पूनमचंद जैन ,संदीप जैन के सानिध्य में हो रहा है। जहाँ जैन समाज की गौरव सीईओ जनपद पंचायत सुश्री दीक्षा जैन के स्थानांतरण होने पर उन्हें उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया। जिन्होंने मंदिर में भगवान के अभिषेक हेतु भव्य पाण्डुक शिला भेंट की गयी। वहीं साधु संतों के विहार में सतत परिश्रम करने वाले निवेश जैन एवं विनीत जैन का भी सम्मान किया गया। इस मांगलिक धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में सामाजिक लोगों के द्वारा होकर धर्म लाभ लिया गया।



# रामपायली के जामा मस्जिद में सालाना उर्स का हुआ आयोजन





**पद्मेश न्यूज। रामपायली।** स्थानीय सुन्नी हनीफि या जामा मस्जिद में सालाना उर्फ शरीफ का हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर तमाम जमात के लोग इमाम हाफ्जि मोहम्मद इकराम और सदर शेख रहीम की सदारत में यह आयोजन किया गया । जिसमें उर्स शरीफ मौके पर हिंदू संगठन के लोगों को बुलाकर उनका सत्कार कर इस्तकबाल किया गया। उर्फ शरीफ के दिन में खावातिनों का मिलाद बयान बाद में नमाजे जुमा से मगरिब तक बाद मगरिब लंगर का इंतेजामत किया गया। बाद नमाजे इस मिलाद शरीफ वह सारी रात जिक्र वह नमाजे पढ़ी गई। क्योंकि यह रात शब्बे मिराज की रात थी इस रात में अल्लाह के महबूब की मुलाकात हुई जिसकी एवज में इस्लाम धर्म के मानने वालों को नमाजों का तोहफा मिला है धूमधाम से मनाए गए। उर्स शरीफ के अवसर पर नगर के हिंदू संगठनों को भी इस उर्श शरीफमें बुलाकर मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा तौलिया भेंट कर उनका इस्तकबाल किया गया। जहां हिंदू संगठन के लोगों ने मुस्लिम धर्म के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सदर अब्दुल कलाम,अजीज भाई ,इरफान भाई ,जाहिद भाई ,रहमान खान ,सलाम भाई ,यासीन भाई ,गुलाम रसूल शेख ,जावेद भाई ,शानू पटेल ,बबलू भाई ,हारुन भाई ,शाहिद तमाम जमात के लोग मौजूद रहे। जिन्होंने विशाल लंगर के आयोजन में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर लंगर के आयोजन में कौमी एकता का परिचय दिया। अजीज भाई ने बताया कि मंदिर और मस्जिद एक दीवार के आड़ में वर्षों से खड़े हैं जहां अपने अपने धर्म के लोग इबादत भजन कीर्तन करते है। वहीं दोनों की अपनी तहजीब से नगर की फिज़ा में कभी जहर पनपने नहीं दिया जाता क्योंकि हिंदू मुस्लिम भाई की तरह कौमी एकता की मिसाल यहां पेश करते आए है। हम मुस्लिम संगठन के लोगों ने भी सर्वसम्मति से निर्णय लेकर निर्णय लिया है की मस्जिद में अनेक इबादत के मौक़े पर यहां मांसाहार का प्रयोग वर्जित रहेगा। क्योंकि बाजू में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का ऐतिहासिक मंदिर है जिसकी गरिमा का पूरा ख्याल पूरी जमात के जेहन में कैद है और सदैव रहेगा। जिसके लिए मांसाहार का प्रयोग मस्जिद में वर्जित रखते हुए केवल शाकाहार लंगर के आयोजन किए जाते हैं जो गंगा जमुना की तहजीब मिसाल रामपायली में दिखाई देती है और सदैव दिखाई देगी। राम रहीम का यहा आशीर्वाद बना हुआ है कि रामपायली की धरा में राम रहीम एक साथ एक मंजर में दिली ख्वाहिशों के साथ अपने.अपने स्थान में प्यार से इबादत का पैगाम पेश करते आए हैं और आगे भी यह पैगाम पूरे भारत में मिसाल पेश करता है जो नगर को गौरवांनित करता है।

# क्षत्रीय पवार युवा महिला मंडल का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संपन्न

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के वार्ड नं.१ हिमाचल नगर स्थित पवार मंगल भवन में १७ जनवरी को क्षत्रीय पवार युवा महिला मंडल वारासिवनी के तत्वाधान में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम राजा भोज ,माँ गढ़काली ,माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना कर हल्दी कुमकुम कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं को क्षत्रीय पवार युवा महिला मंडल वारासिवनी की सदस्यों के द्वारा हल्दी कुमकुम देकर वान की रश्म अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं का आना जाना लगा रहा जहां नृत्य गीत भाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिनका उपस्थित महिलाओं के द्वारा उत्साहवर्धन भी किया गया। विदित हो की मकर संक्रांति पर्व के साथ त्योहारों की शुरुआत हो गई है। बालाघाट जिला महाराष्ट्र से लगा हुआ है इसलिए यहां पर भी हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम महिलाएं मकर संक्रांति के पश्चात आयोजित करती हैं। जो पूरे महीने चलता है महिलाएं एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर तिलगुड़ खिलाकर शादीशुदा महिलाओं को सुहाग की चीजें जैसे कंगन, कुमकुम, बिंदी और फुल इत्यादि वस्तु भेंट में देती है। जिसमें बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र की महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज करवायी। जहां हल्दी कुमकुम कार्यक्रम के पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिता नृत्य व गीत प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई। जिसमें उपस्थित महिलाओं के द्वारा बढ चढकर भाग लिया गया। श्रीमती धारणा बिसेन ने बताया कि हमारे पवार क्षत्रीय महिला मंडल के द्वारा हर वर्ष की तरह हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया है। इस आयोजन का उद्देश्य वारासिवनी सहित आसपास क्षेत्र की महिलाओ को जोड़ना हैं। बड़ी संख्या मे महिलांए एकत्रित हुई इस दौरान महिलाओं को हल्दी कुमकुम देने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं ने भाग लेकर बेहतर प्रस्तुति दी वहीं हम जानते हैं कि संक्रांति से सुहाग को अमर बनाने के लिए हल्दी कुमकुम करते हैं इसी के तहत सौभाग्यवती की कामना से यह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं मौजूद रहे।






# भारतीय सेना स्थापना दिवस के ७८ वॉ सेना दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय में हुये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** भारतीय सेना स्थापना दिवस के ७८ वॉ सेना दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय में एनसीसी केडेट्स द्वारा ६ म प्र बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्ट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के आदेशानुसार एनसीसी केडेट्स ने भारतीय सेना के पराक्रम त्याग एवं समर्पण एवं सेना के बहुमूल्य योगदान पर कविता भाषण नृत्य आदि का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य हुमराज पटले की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी श्रीमती अन्नू राहंगडाले ,श्रीमती वंदना शर्मा ,लखन रिनायत,कमल टेंभरे ,श्रीमती स्वाती बरमाटे ,श्रीमती आर्शी कादरी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी केडेट् पूजा राहंगडाले ने नृत्य ,अवनी देशमुख ने कविता तथा कल्याणी सोनवाने ने भाषण के द्वारा भारतीय सैनिकों को सेना दिवस पर याद किया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा।




**आवश्यकता है**

वारासिवनी कार्यालय में केबल में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है

स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता

- संपर्क करें -

पद्मेश सिटी केबल

बस स्टेण्ड, वारासिवनी






## गाथा : बालाघाट की राजनीति और सत्ता का वह स्वर्णिम दौर

**एक्सप्रेस विशेष**

# प्रथम 'भाऊ' थे बड़गांव जमींदारी के राणा हनुमान सिंह

• डॉ विपिन बिहारी शांडिल्य

अठारहवी सदी के अंत में 1780 ई में उदयपुर राजस्थान से राणा सांगा महाराणा प्रताप के वंशज बालाघाट आये. अरावली से सतपुड़ा तक की उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा के पदचिंन्हो का बड़गांव जमींदारी साक्षी रहा है.हिरदेसिंह राणा बड़गांव जमींदारी के प्रथम जमींदार थे.इसी जमींदारी परिवार में उनके पुत्र राणा हनुमान सिंह का जन्म हुआ था.



सन 1958 से 1972 तक जिनके आभा मंडल से दमकते थे = स्व. मोतीलाल जैन, सूरज प्रसाद तिवारी, तेजलाल टेम्भरे, जयचंद वैध, सुरेन्द्र नाथ खरे, कन्हैया लाल खरे, नारायण राव केलकर, चिंतामन राव केलकर, इन्दा पवार, शंकर लाल तिवारी,बद्रीनारायण अग्रवाल,सीताराम जायसवाल, इन्दरचन्द चतुरमोहता, भवानीप्रसाद उमरे, रमणिकलाल त्रिवेदी, मधुसूदन गौतम,झनकार सिंह नगपुरे, थानसिंह बिसेन, पाराशर सिंह बिसेन, गणपत सिंह उइके, के के संजना, पंडित नंदकिशोर शर्मा, नरबदा प्रसाद श्रीवास्तव, यशवंत राव खोंगल तो उनके छाया तले यश और पद हासिल करते रहे.राजनीति का ककहरा सीखते रहे.

भूतपूर्व मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल, कैलाश नाथ काटजू, पाराशर सिंह बिसेन उनके राजनीतिक गुरु थे.

ऐतिहासिक स्त्रोत बताते हैँ कि राणा साहब यानि तब के लोकप्रिय सम्बोधन % भाऊ % राणा हनुमान सिंह से पूर्व मुख्यमंत्रियों यथा ठाकुर गोविन्द नारायण सिंह, अर्जुन सिंह, श्यामाचरण शुक्ल, दिग्विजय सिंह के भी उनके बेहतर और प्रगाढ़ रिश्ते बिना राजनीतिक पद लोलुपता के रहे हैं.वे बरसों बरस जिला कांग्रेस के एकछत्र मुखिया रहे.

### बड़गांव जमींदारी का प्रभुत्व

प्राचीन जमाने के स्त्रोत के अनुसार शायद पूरे भारत में एक गांव की जमींदारी के रूप में बड़गांव अपवाद कहा जा सकता है। बड़गांव को भोसलों ने और तदुपरान्त अंग्रेजी शासकों ने भी वैधानिक रूप से जमींदारी का दर्जा दिया।

### इतिहास का उज्जवल पक्ष

जब हम बड़गांव की बात करते हैं तो अपने आपको महाराष्ट्र के कामठा, भोसलेशाही और गोंडवाना (गढ़ा-मंडला) के इतिहास से जुड़ा हुआ पाते हैं। इस गांव ने इसके आसपास आबाद भूतपूर्व जमींदारियों बम्हनगांव, भाडरा, बीजागढ़, भानपुर, हिर्री , किरनापुर, हट्टा, लांजी, किन्ही इत्यादि में न जाने कितने परिवर्तन देखे-कितनी ही जातियों के शासकों को आते-जाते गिरते और उठते देखा है। गोंडशाही, मुगलशाही, भोसलेशाही, सागर की राजशाही और अन्त में ब्रिटिश हुकूमत से बड़गांव और उसके आसपास की जमींदारियां अपना रूप बदलती रहीं।

बड़गांव बालाघाट-गोंदिया राजमार्ग पर स्थित महाराष्ट्र सीमा पर बसे रजेगांव से लांजी जानेवाले मार्ग पर लगभग रजेगांव से 8 किलोमीटर दूर एक साधारण सा गांव है।

बड़गांव, माटे, बम्हनगांव, आमगांव, पाला, कोतरी, सिवनी, हिर्री ये समस्त गांव बालाघाट तहसील के किरनापुर विकास खंड में स्थित हैं। राजस्थान के ठाकुरों के भोसलेशाही और गोंडशाही के युग में इस क्षेत्र में आकर बसने का इतिहास साक्षी है। बालाघाट जिले की बहुत सी जातियां ब्रिटिश हुकूमत के दौरान बालाघाट में आकर बसीं किन्तु ठाकुरों का इस जिले में आगमन दो सदी पूर्व का माना जाता है।

बड़गांव का इतिहास भानपुर जमींदारी के इतिहास के साथ जुड़ा है और उदयपुर से आये राणा परिवार की एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है।

दो भाई जो राजपूताने के राणाओं की गौरवशाली परम्परा के प्रतीक थे-श्यामसिंह राणा और हिरदेसिंह राणा, नागपुर के राजा के आमंत्रण पर भानपुर के राजा से बकाया राजस्व वसूली के लिए आये थे और यहां आकर वे इसी भूमि का एक हिस्सा बन गये।

बालाघाट गजेटियर और भंडारा सेटलमेन्ट रिपोर्ट में उपलब्ध जानकारी तथा नागपुर के भोंसलों के इतिहास से यह स्पष्ट आभास होता है कि राजस्थान के उदयपुर से आमंत्रित ठाकुर हिरदेसिंह राणा जो कि राणा हनुमानसिंहजी के पूर्वज थे, इस जिले में आये पहले राजपूत थे। ठाकुर हिरदेसिंह राणा एक कुशल प्रशासक और निर्भीक सेनानी थे और उनकी योग्यता को देखते हुए नागपुर के राजा द्वारा उन्हें भानपुर जमींदारी से बकाया राजकर वसूल करने और भानपुर की व्यवस्था ठीक करने

भेजा गया था। भानपुर का तत्कालीन गोंड सामन्त एक नाकाबिल और अयोग्य शासक था तथा उसकी जमींदारी में अराजकता फैली हुई थी।

भानपुर में ठाकुर हिरदेसिंह के आगमन से तत्कालीन जमींदार को बकाया भू-राजस्व देना पड़ा और हिरदेसिंह दो सालों तक भानपुर जमींदारी के प्रशासक रहे। तत्पश्चात उन्हें उनकी सफलता के कारण बम्हनगांव की 7 ग्रामों की जमींदारी इनाम में दी गयी।

कालान्तर में ठाकुर हिरदेसिंह राणा बड़गांव के प्रथम जमींदार हुए। बेहतर उद्योगपति रहे स्व.रमणीकलाल त्रिवेदी ने कभी उल्लेख भी किया था कि राणा हनुमानसिंह को बालाघाट जिले की अधिकांश आबादी, छोटे-बड़े गरीब-अमीर भाऊ साहब के नाम से पुकारते हैं। कुछ लोग राणासाहब के नाम से सम्बोधित करते हैं। भाऊ एक स्नेह और अपनत्व का सूचक है और इस जिले में किरनापुर क्षेत्र के दो ही व्यक्ति इस नाम से पुकारे जाते रहे। राणा साहब के अतिरिक्त उनके पारिवारिक मित्र श्री मोतीलाल जैन भी इस स्नेहपूर्ण सम्बोधन के भागीदार रहे थे।

श्री राणा का जन्म पिछले परिच्छेदों में वर्णित राजपूताने से आये ठाकुर हिरदेसिंह के वंशज स्व. ठाकुर ओंकारसिंह राणा तात्कालीन जमीन्दार बड़गांव के यहां 14 सितंबर 1914 को बड़गांव में हुआ। वे अपनी बहनों के बीच एक मात्र भाई के रूप में आये और उनके जन्म ने उनकी माताश्री स्व. लीलावती बाई, पिताश्री तथा समस्त राणा परिवार में आनन्द मंगल भर दिया। स्व. लीलावती देवी महाराष्ट्र के बनाथर के मालगुजार स्व. ठाकुर रामसिंह की लाड़ली बेटी थीं। अपनी ममता स्नेह उदारता और सरलता के लिए आज भी उनके परिचित उन्हें बड़ी श्रद्धा से याद करते हैं। पिता स्व. ठाकुर ओंकारसिंह राणा अपनी धर्मपत्नी की तरह ही अत्यन्त सरल उदार ईमानदार सत्यनिष्ठ और मेहनती व्यक्ति थे। घमण्ड या दर्प उन्हें नाम मात्र भी छू



नहीं गया था। लोग उनकी मिसालें आज भी देते हैं। ऐसे आदर्श मां-बाप की छत्रछाया में श्री राणा हनुमानसिंह को 21 वर्ष की आयु तक रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और सहसा उन पर मार्च 1935 में उस समय वज्राघात हुआ जब उनके पिता का स्वर्गवास हुआ और एक भरे पूरे परिवार का दायित्व उनके अपरिपक्क कंधों पर आया। मृत्यु के समय पिता की आयु मात्र 43 वर्ष थी। जमीन जायदाद और जमीन्दारी के मुकदमों का सिलसिला जारी था। आय के सीमित साधन थे और आर्थिक समस्यायें उपस्थित थीं।

पिता की मृत्यु के 3 वर्ष बाद 1938 में महाराष्ट्र स्थित पातूर ग्राम के शिक्षक ठाकुर यशवन्तसिंहजी की द्वितीय पुत्री सौ. शकुन्तला देवी के साथ श्री राणाजी का विवाह सम्पन्न हुआ।

### बालाघाट में उनका योगदान

श्री राणा की प्राथमिक शिक्षा किरनापुर में, माध्यमिक शिक्षा ए.व्ही.एम. स्कूल बालाघाट में तथा मेट्रिकुलेशन की शिक्षा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में सम्पन्न हुई। शिक्षा के प्रति उनका लगाव और अभिरुचि अनवरत बनी रही, परिणामस्वरूप किरनापुर हाईस्कूल,तिरोड़ी माध्यमिक कन्या शाला, तिलक बाल मंदिर, कमला नेहरू महिला महाविद्यालय बालाघाट का निर्माण उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में हुआ।

1935 में पिता की मृत्यु के उपरान्त राणा हनुमानसिंह ने एक संकटपूर्ण संघर्ष का एक लम्बे अरसे तक मुकाबला किया और 21 वर्ष का युवक अपनी कर्मठ और प्रेरणामयी माता के सहारे एक ओर अदालती मामलों को निबटाने, आर्थिक झंझटों को दूर करने और अपने पारिवारिक अस्तित्व को बरकरार करने में जुट गया। इस संघर्षपूर्ण जीवन और अनुभव की पाठशाला ने उन्हें एक सच्चा आदमी बना दिया। वे मुसीबतों के अंगारों में तपकर और भी निखरे। भाग्य ने भी उनका साथ दिया और मैंगनीज खनि उद्योग की और उनका ध्यान गया। उन्होंने इसके लिए एड़ी चोटी का पसीना एक कर दिया और एक सफल मैंगनीज व्यवसायी के रूप में निखर कर सामने आये। उनकी इस सफलता के पीछे उनकी माताश्री और उनकी सौभाग्यवती पत्नी श्रीमती शकुन्तला बाई राणा का हाथ रहा।

अपने जीवन की एक भयंकर गलती को आज भी याद करते हुए वे कहते थे कि -卐अपरिपक्क और अनुभवहीन व्यक्ति को बरगलाकर झूठा आश्वासन और दिवास्वप्न दिखा कर कैसे बलिदान का बकरा बनाया जा सकता है। इसका अनुभव मुझे 1952 के चुनावों में हुआ जबकि बुजुर्ग और समझदार जमींदारों ने बढ़ा चढ़ाकर मुझे कांग्रेस उम्मीदवार स्व. कन्हैयालालजी के विरूद्ध खड़ा करवा दिया। स्व. कन्हैयालाल मेरे पूज्य थे और मैं स्वयं एक कट्टर कांग्रेसी था। जमींदारों के संघ ने मेरी अनुभवहीनता का पूरा लाभ उठाया और परमात्मा की कृपा से मैं हार गया और मैंने सबक लिया कि स्वविवेक से बड़ा गुरू दूसरा कोई नहीं है। इस घटना के उपरान्त मैंने निश्चय कर लिया कि सेवा के विस्तृत क्षेत्र में बिना किसी पद पर रहे भी जन सेवा की जा सकती है।

इस गुरूमंत्र ने उन्हें स्वयमेव ही अनेकों महत्वपूर्ण पदों पर आसीन करवा दिया और वे जिला कांग्रेस बालाघाट के अध्यक्ष पद पर अनेक बार निर्वाचित हुए और सांसदों और विधायकों को बनाते रहे।

**इस सन्दर्भ को रेखांकित करते हुए एक बार पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह ने कहा भी था -**

उनमें राजनैतिक सूझबूझ तो है ही उनका उदारवादी दृष्टिकोण और दूरदर्शिता सर्वमान्य है। वे अनेक वर्षों तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालाघाट रहे, दूसरे बहुत से महत्वपूर्ण पदों पर रहे, न जाने कितने लोगों को विधान-सभा और लोकसभा सदस्य बनवाने में उनका योगदान रहा किन्तु स्वयं कभी अपने लिये उन्होंने किसी पद की लालसा नहीं की। वे स्वयं विधायक अथवा सांसद बन सकते थे। इन पदों से दूर रहकर समाज सेवा के विभित्र क्षेत्रों में उन्होंने जो उल्लेखनीय कार्य किये हैं उनके लिये वे अभिनन्दनीय हैं।

### सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यावसायिक और राजनैतिक विकास

इसे एक सुखद संयोग और बालाघाट जिले के लिए स्वर्णयुग कहा जा सकता है जब 1958 से 1972 तक अनवरत बालाघाट जिले में राणा हनुमानसिंह के साथ स्व. मोतीलाल जैन, सूरजप्रसाद तिवारी, तेजलाल टेंभरे, जयचन्द वैद्य, सुरेन्द्रनाथ खरे, सीताराम जायसवाल, इन्दरचन्द चतुर मोहता, बृजबिहारी तिवारी, मित्रता के घनिष्ट बन्धनों में बंधे। श्री राणा जिला कांग्रेस अध्यक्ष थे उनके दिमाग में योजनायें जन्म लेती रहती है। स्व. पं. शंकरलाल तिवारी तत्कालीन म.प्र. के मंत्री का वरदहस्त था। बालाघाट में एक विशाल प्रदर्शनी के आयोजन की रूपरेखा बनी और विशाल पैमाने पर लगातार 3 साल तक प्रदर्शनियां हुई जो 15-15 दिनों तक चलती थी जिनमें कृषि, शिक्षा, संगीत, कवि सम्मेलन मनोरंजन के अतिरिक्त प्रतिदिन किसी एक नेता का आगमन होता था। लाखों लोग एकत्रित होते थे और 15 दिनों तक जैसे एक मेला भरा रहता था। इन समस्त कार्यक्रमों के आयोजन संयोजन अर्थ व्यवस्था और संपर्क सूत्र के केन्द्र बिन्दु राणा हनुमानसिंह ही थे। महिलाओं के लिए, बच्चों, युवाओं, आदिवासियों, छात्रों, खनि मजदूरों, व्यापारियों सबके अपने अपने प्रदर्शनी स्टाल होते थे। सरकस , नाटक मण्डलियां, कव्वालियां, लोक नृत्य, लोकगीत, विभिन्न दूकानें, खादी भंडार, पुस्तकों की दुकानें सैकड़ों की तादाद में होती थी और दूर दूर के कलाकार और व्यवसायी हिस्सा लेते थे।

खनिज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें खनिज के पहचानने का ईश्वरदत्त गुण प्राप्त है और बालाघाट जिले में कहां कौन सा खनिज मिल सकता है, इसकी उन्हें जानकारी है। मैने उन्हें व्यापारियों से घिरा हुआ देखा है जो सिर्फ यह सलाह लेने आते है कि कौन सा व्यापार किस जगह किया जाये। इस तरह राणा हनुमान सिंह बालाघाट जिले के लिए किसी वरदान से कम नहीं थे. सन 1991 कृषि विज्ञान अनुसन्धान केंद्र के लिए इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रायपुर को श्री राणा ने बड़गाँव स्थित अपनी चल अचल सम्पति कृषि भूमि 60 एकड़ और भवन इत्यादि राष्ट्र को अर्पित कर दिया और विधिवत उसका पंजीकरण करवाया भी. तब उक्त संपत्ति का शासकीय मूल्य 35 लाख रूपये आँका गया था.सही मायनो में वे बालाघाट जिले के पहले दानवीर कर्ण थे. एमएम मुलना भी उसी परम्परा के वाहक रहे।

---

**राजपाट**

# सुबह का भूला

आरसीपी सिंह की जल्द ही जद (एकी) में वापसी हो सकती है। कभी नीतीश कुमार की आंखों का तारा माने जाने थे। थे। लेकिन, 2022 में नीतीश उनसे चिढ़ गए तो उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी। बिहार विधानसभा के पिछले चुनाव में वे प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में थे। पर अब किसी पार्टी में नहीं हैं। पटना के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पिछले हफ्ते उन्हें नीतीश के समीप देखा गया, तो पार्टी में वापसी की अटकलें तेज हुई। अब जरा आरसीपी सिंह के बारे में जान लें। नीतीश के जिले नालंदा से नाता रखने वाले रामचंद्र प्रसाद सिंह उन्हीं की कुर्मी जाति के हैं। उत्तर प्रदेश कैडर के 1984 बैच के आइएएस थे। नीतीश केंद्र में रेल मंत्री थे, तो उनके निजी सचिव रहे। फिर वे बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके प्रमुख सचिव बन गए। आम धारणा हो गई कि नीतीश उन्हीं की सलाह से चलते हैं। नीतीश की सलाह पर 2010 में नौकरी छोड़ दी। जद (एकी) के राज्यसभा सदस्य बन गए। 2021 से 2022 तक केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री रहे। बीच में नीतीश ने उन्हें जद (एकी) का अध्यक्ष भी बनाया, पर 2022 में उनकी निकटता भाजपा से बढ़ गई तो नीतीश ने हाशिए पर पहुंचा दिया। अब चर्चा है कि नीतीश से मिलकर अपनी गलती की माफी मांग चुके हैं। पर जब तक ललन सिंह की सहमति नहीं होगी, तब तक नीतीश उन्हें पार्टी में शायद ही वापस लें।

### कहीं पे निशाना

मुख्यमंत्री को घेरने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के कुछ मंत्री अब नौकरशाहों को निशाना बना रहे हैं, जिससे कांग्रेस पार्टी की अंतरकलह सतह पर आ रही है। शुरुआत की उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य सरकार के तीन साल पूरे होने के मौके पर। कहा कि कुछ अधिकारी अभी भी सरकार के बजाय भाजपा नेताओं से निर्देश लेते हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ आइएएस और आइपीएस अधिकारी हिमाचली हितों के विपरीत काम कर रहे हैं। जवाब दिया पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने, जिन्हें मुख्यमंत्री सुक्खू का नजदीकी माना जाता है। उन्होंने फरमाया कि अगर कोई मंत्री अपने काम नहीं कर पाता तो इसमें दोष किसी अधिकारी का नहीं। आइएएस और आइपीएस अधिकारियों के संगठन ने नाम लिए बिना बयान की निंदा की है.

### विपक्ष का एक और हथियार

देश भर में चल रही मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया के तहत नई समय-सीमा ने भले ही सूची से बाहर रह गए मतदाताओं को एक राहत दी हो। लेकिन, इस पर विपक्ष को एक और सियासी हथियार मिल गया है। कई राज्यों में प्रक्रिया के लिए समय-सीमा बढ़ाने की मांग चल रही थी। इसी बीच निर्वाचन आयोग ने उन राज्यों समेत राजस्थान को भी यह अनुमति दी है। इस पर सियासी पारा चढ़ गया है। विपक्ष साफ तौर पर बिना आवश्यकता के समय सीमा बढ़ाने को लेकर मिलीभगत होने का आरोप लगा रहा है। विपक्ष अपने इन दावों के साथ अदालत में भी हाजिरी लगाने की तैयारी कर रहा है ताकि इस मसले पर आयोग अपना पक्ष अदालत में रखे।

### सब दुखी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के इस चरण की शुरुआत बिहार से हुई, और वहां हंगामा खूब बरपा। मगर पश्चिम बंगाल में इसका विचित्र असर दिख रहा है। चुनाव आयोग से न तो तृणमूल कांग्रेस खुश है और न ही भारतीय जनता पार्टी। हालांकि पहला चरण मोटे तौर पर इस सूबे में कामयाब रहा है। कुल 58 लाख लोगों के नाम कटे। पर, किसी खास जाति, मजहब या इलाके के लोगों के नाम ज्यादा कटने की शिकायत नहीं आई। इसके बावजूद ममता बनर्जी आयोग को चार पत्र लिख चुकी हैं। शिकायत है कि मामूली त्रुटि के आधार पर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। पूर्व में मतदाता सूची में सुधार के नाम पर नागरिकता परीक्षण करने का भी उन्होंने विरोध किया था। ममता का विरोध तो समझ आता है कि वे भाजपा की नीतियों का विरोध करती आई है। आयोग पर हमला तो भाजपा के सूबेदार शमिक भट्टाचार्य ने भी बोला है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर आयोग ने उनके कार्यकर्ताओं द्वारा भरे गए फार्म-7 के आधार पर मतदाता सूची में सुधार नहीं किया तो भाजपा चुनाव नहीं होने देगी। दरअसल भाजपा के अनेक नेता मानते हैं कि राज्य में राष्ट्र?पति शासन लगाए बिना ममता को हराना मुश्किल होगा। अटकलें लगाई जा रही हैं कि अगर एसआइआर के बहाने बंगाल का विधानसभा चुनाव टला तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का बहाना मिल जाएगा। बंगाल अभी भी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### प्रियंका से आस

प्रियंका गांधी के जन्मदिवस 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के भीतर खासा जोश दिखा। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने न केवल अपनी महासचिव का जन्मदिन मनाया, बल्कि अनेक राजनीतिक कार्यक्रम भी किए। उत्तर प्रदेश में पार्टी नेताओं ने अगले तीन महीने में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर जनसंपर्क का अभियान भी शुरू किया। दरअसल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय प्रियंका के करीबी माने जाते हैं। अब चर्चा शुरू हो गई है कि क्या प्रियंका फिर उत्तर प्रदेश की सियासत में वापसी करेंगी। राहुल अमेठी के और सोनिया रायबरेली से सांसद थे तो प्रियंका इन दोनों क्षेत्रों का काम देखती थी और इस वजह से राज्य की राजनीति से उनका जुड़ाव था। पिछले विधानसभा चुनाव में प्रियंका ने उत्तर प्रदेश में कुछ सक्रियता दिखाई थी, पर उनका सिक्का चल नहीं पाया था। फिलहाल वे केरल की वायनाड सीट से सांसद हैं, पर पार्टी का एक बड़ा वर्ग मानता है कि अगर 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रियंका को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बना दिया जाए तो कांग्रेस बेहतर ढंग से लड़ पाएगी।

**संकलन - मृणाल वल्लरी**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** ताजा पूछपरख से शनिवार को खाद्य तेलों में बाजार तेजी के रहे। तिलहनों में सोयाबीन मजबूत रहा। दलहनों में चने में लेवाली अच्छी रही। किराना बाजार में अखरोट बाजार मजबूती पर रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा सामान्य से अच्छी रही। सोया व कपास्या तेलों में बाजार मजबूती पर रहे। तिलहनों में सोयाबीन सुर्ख रही। दलहनों में चने में लेवाली अच्छी देखी गयी। उधर, किराना जिंसों में अखरोट बाजार बड़त पर रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 3950-4070, खोपरा गोला 310-390, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1300-1350, क्लीन 1500-1550, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1675-2150, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 2750-2900, विरूद्ध नगर 2800-2850, मीडियम 2950-3150, बेस्ट 3200-3350, एक्ट्रा बोल्ड 3350-3450, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 565-590, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 860-900, कैलिफोर्निया 780-795, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2250-2300, (160) 2250-2300, (200) 2300-2350, (250) 2500-2550

**तेल**- सींगदाना 1610-1630, मुम्बई 1640, राजकोट तेलिया 2520-2540, सोया साल्वेंट 1270-1275, सोया रिफाइंड 1325-1330, कपास्या 1270-1275, धूलिया 1280, कड़ी 1280,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1600, मुम्बई पाम 1280, मुम्बई सोया 1330,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2075, देवास-उज्जैन 2075, खंडवा-बुरहानपुर 2050, अकोला 3250 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 8000-8200, रायडा 6300-6500, सोयाबीन 4900-5100, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5950-5975, एवरेज 5750-5800, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5700-5750, एवरेज 5600-5650, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7200-7300, एवरेज 7000-7100, हल्की 6800-6900, तुअर महाराष्ट्र 7400-7600, उड़द बेस्ट 7300-7400, एवरेज 7100-7200, शंकर 6800-6900, हल्की 6500-6600,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** सुस्त कारोबार के बीच शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार बने रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 274000, चॉंदी (99) 273000, टंच 272500, सिक्का 2500, सोना 10 ग्राम 144500,

# एसबीआई ने एटीएम ट्रांजेक्शन शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली। एजेंसी।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने एटीएम से पैसे निकालने के शुल्क में वृद्धि की है। अब फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट खत्म होने के बाद दूसरे बैंक के एटीएम से कैश निकालना और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन करना पहले से महंगा हो गया है। नए नियमों के अनुसार कैश विदड्रॉल पर प्रति ट्रांजैक्शन 23 रुपए जीएसटी सहित और बैलेंस चेक या मिनी स्टेटमेंट जैसे नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 11 रुपए जीएसटी सहित चार्ज देना होगा। इस बढ़ोतरी का असर सभी ग्राहकों पर नहीं होगा। बीएसबीडी अकाउंट एसबीआई एटीएम का इस्तेमाल करने वाले एसबीआई डेबिट कार्ड होल्डर्स और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) अकाउंट पर नए चार्ज लागू नहीं होंगे। एसबीआई सेविंग्स अकाउंट धारकों को पहले की तरह दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री ट्रांजैक्शन मिलते रहेंगे।

# सेंसेक्स और निफ्टी में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सप्ताहभर उतार-चढ़ाव रहा

**मुंबई। एजेंसी।** बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने मिश्रित संकेत दिखाए, जिसमें ग्लोबल अनिश्चितताओं, जियोपॉलिटिकल तनाव और विदेशी निवेशकों के लगातार आउटफ्लो के दबाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी लगभग सपाट स्तर पर बंद हुए। हफ्ते की शुरुआत सोमवार को बाजार में कमजोरी के साथ हुई। विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी, अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने की आशंकाएँ और वैश्विक जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताओं के कारण सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 455.35 अंक गिरकर 83,120.89 पर आ गया। निफ्टी भी 135.35 अंक की गिरावट के साथ 25,547.95 पर पहुंचा। हालांकि दिन के अंत तक सेंसेक्स और निफ्टी में सुधार देखा गया और दोनों इंडेक्स मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए। मंगलवार को बाजार ने शुरुआती तेजी दिखाई, लेकिन विदेशी निधियों की निरंतर निकासी और ब्लू-चिप शेयरों में बिकवाली के कारण दिन के अंत में सेंसेक्स 250.48 अंक गिरकर 85,627.69 पर और निफ्टी 57.95 अंक गिरकर 26,732.30 पर बंद हुआ। बुधवार को भी शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव जारी रहा, और सेंसेक्स 244.98 अंक गिरकर 83,382.71 पर, निफ्टी 66.70 अंक गिरकर 25,665.60 पर बंद हुआ। गुरुवार को मुंबई महानगरपालिका चुनाव के कारण बाजार बंद रहा। शुक्रवार को बाजार ने सप्ताह के समापन पर हल्की बढ़त दर्ज की। सेंसेक्स 187.64 अंक बढ़कर 83,570.35 पर और निफ्टी 28.75 अंक बढ़कर 25,694.35 पर बंद हुआ। साप्ताहिक समीक्षा के मुताबिक विदेशी निधियों की निकासी और वैश्विक बाजारों की अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने हफ्ते भर उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता बनाए रखी। निवेशक सतर्क रहे, लेकिन सप्ताह के अंत में बाजार ने मामूली सुधार दिखाया, जिससे संकेत मिलता है कि बाजार ने फिलहाल वैश्विक दबावों को संतुलित किया है।




# एसबीआई ने एटीएम ट्रांजेक्शन शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली। एजेंसी।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने एटीएम से पैसे निकालने के शुल्क में वृद्धि की है। अब फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट खत्म होने के बाद दूसरे बैंक के एटीएम से कैश निकालना और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन करना पहले से महंगा हो गया है। नए नियमों के अनुसार कैश विदड्रॉल पर प्रति ट्रांजैक्शन 23 रुपए जीएसटी सहित और बैलेंस चेक या मिनी स्टेटमेंट जैसे नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 11 रुपए जीएसटी सहित चार्ज देना होगा। इस बढ़ोतरी का असर सभी ग्राहकों पर नहीं होगा। बीएसबीडी अकाउंट एसबीआई एटीएम का इस्तेमाल करने वाले एसबीआई डेबिट कार्ड होल्डर्स और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) अकाउंट पर नए चार्ज लागू नहीं होंगे। एसबीआई सेविंग्स अकाउंट धारकों को पहले की तरह दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री ट्रांजैक्शन मिलते रहेंगे। इसके बाद कैश विदड्रॉल पर 23 रुपए और बैलेंस चेक/मिनी स्टेटमेंट पर 11 रुपए चार्ज लगेगा। बैंक ने इंटरचेंज फीस में हालिया बढ़ोतरी और ऑपरेशनल लागत में इजाफे को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। एसबीआई का कहना है कि एटीएम ट्रांजैक्शन से जुड़े खर्चों में वृद्धि के कारण चार्ज बढ़ाना जरूरी था।




# अप्रैल से यपूीआई के जरिए ईपीएफ निकासी संभव

## ईपीएफ खाते की पूरी राशि निकालने की अनुमति नहीं होगी

**नई दिल्ली। एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के करोड़ों अंशधारकों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईपीएफओ इस साल अप्रैल तक ऐसी व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रहा है, जिसके तहत सदस्य यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से अपनी कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से आंशिक निकासी कर सकेंगे। इस नई प्रणाली के जरिए निकाली गई राशि सीधे संबंधित सदस्य के बैंक खाते में जमा होगी। सूत्रों ने बताया कि इस सुविधा के अंतर्गत ईपीएफ खाते की पूरी राशि निकालने की अनुमति नहीं होगी। सदस्य अपनी पात्र राशि में से अधिकांश हिस्सा निकाल सकेंगे, जबकि न्यूनतम 25 प्रतिशत राशि भविष्य निधि खाते में सुरक्षित रखी जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अंशधारकों को ईपीएफ पर मिलने वाले उच्च ब्याज और चक्रवृद्धि लाभ का फायदा लगातार मिलता रहे। वर्तमान में ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर लागू है। नई व्यवस्था के तहत ईपीएफओ सदस्य अपने यूपीआई पिन का उपयोग कर सुरक्षित लेनदेन कर सकेंगे। बैंक खाते में पैसा आने के बाद उसका उपयोग यूपीआई भुगतान, एटीएम निकासी या डेबिट कार्ड के जरिए किया जा सकेगा। ईपीएफओ इस प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी खामियों को दूर करने में जुटा हुआ है।







**मेष**- आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। उनकी साथी के साथ बॉन्डिंग अच्छी रहेगी और आपके धन-धान्य में भी वृद्धि होगी। आपको अपनी राजनीति से संबंधित कामों को पूरे ध्यान से करने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रचने की कोशिश करेंगे। नौकरी की तलाश में भटक रहे लोगों को उनके किसी मित्र की मदद से कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। जल्दबाजी के कारण आपको कोई चोट-चपेट आदि लग सकती हैं, इसलिए आप किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें। संतान के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। विद्यार्थियों को अपनी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करनी होगी, तभी वह किसी सफलता को हासिल कर सकेंगे।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। सामाजिक विषयों में आपकी पूरी रुचि रहेगी। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बेहतर डील मिल सकती है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। प्रेम में पड़े लोग अपने साथी के प्रति समर्पित नजर आएंगे। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी लिए गए निर्णय को लेकर पछतावा होगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। बच्चों की सेहत पर आप पूरा ध्यान दें। यदि आपने किसी काम को लेकर कोई जोखिम उठाया, तो बाद में उसमें आपको समस्या हो सकती है। पिताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी देंगे, जिसे पूरा करने में यदि आपने ढील दी, तो उसमें आपको खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। आज आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जिसमें आप व्यस्त नजर आएंगे।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आएगा। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को बिल्कुल ना रखें और आप अपने घर में साफ-सफाई और रख-रखाव पर पूरा ध्यान देंगे। किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने काम को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपको यदि किसी काम को लेकर कोई सुझाव दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा और आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती हैं। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कोई पारिवारिक कलह आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी और संतान की नौकरी को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन आपको अपने पेट संबंधित समस्याओं के कारण मुश्किले बढ़ेंगी।

**धनु**- आज आपके मन में किसी काम को लेकर बेचैनी बनी रहेगी। आपका स्वास्थ्य भी प्रभावित रहेगा। आप अपनी किसी बिजनेस डील को लेकर परेशान रहेंगे और आपको अपनी माताजी से किए हुए वादे को भी पूरा करने की आवश्यकता है। धन से संबंधित मामलों में आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें, इसलिए कोई इंवेस्टमेंट करने के बारे में बिल्कुल ना सोचे। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपके बेफिजूल के खर्चे करने की आदत के कारण आप अपने संचय धन में भी कमियां कर सकते हैं। भाई बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद खड़ा हो सकता है, जिसको लेकर आपको कानून के चक्कर काटने पड़ेंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी पर की यात्रा पर जाने की योजना बनाएंगे और आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा, इसलिए उनसे कोई बात आप बहुत ही सोच समझकर बोले।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में ध्यान देने के लिए रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को भी कुछ उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे। यदि आपने शेयर मार्केट में पहले इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह भी आपको अच्छा लाभ देगा, लेकिन आपको किसी डील को लेकर थोड़ा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है, इसलिए पार्टनरशिप करने से पहले जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें।

## शब्दजाल - 8144

*शब्दजाल में 10 राज्यों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, पंजाब

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | क | ल | ड्री | म | बि | हा | र | सी | ल | ज |
| र | ज | ल | दे | क्रां | हि | ड्ड | इं | म | ट | वा |
| त | स | स्था | ल | र्म | मा | रा | रा | हा | ख | द |
| म | ज | ज | न | पु | च | रा | प | रा | ली | ब |
| म | ध्य | दो | ग | ल्ता | ल | क | तू | ष्ट्र | झ | उ |
| स | क | प्र | प | ह | प्र | र्ना | ना | ता | घ | त्त |
| गु | अ | स | दे | या | दे | ट | श | ज | ला | र |
| पे | ज | दा | ई | श | श | क | फ | रा | श | प्र |
| स | बा | रा | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | दे |
| त्ता | पा | ला | त | शो | पं | जा | ब | ल | स्त्री | श |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | उ | ड़ी | सा | म | त |

### शब्दजाल - 8143 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | ल | र | बु | दा | प | र | तू | ग | झ | न |
| ज | अ | ल | ध | आ | प्लू | टो | ब | त | शा | र |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ल | ढा | र | ला | ई |
| श | म | अ | प | वे | र | क | फ | ह | र्ष | ल |
| स | नि | श | र | व | के | तु | इ | ग | वी | ट |
| री | रं | ल | च | व | लि | र्त | रा | ती | प | गु |
| जो | गा | ल | प | गा | प | म | हू | कौ | या | रू |
| चं | बा | शु | क्र | त | क | छ | प्रे | ग | श | थ |
| द्र | स | मि | व | व | न | ज | न | शा | जू | द |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| थो | औ | प | ग | र | मं | ग | ल | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7088



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'ऑखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'बन्नो तेरी ऑंखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7087

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | त | बा | र | | जु | र्म | | जी | |
| त | | द | | क | र्मा | | घा | त | क |
| रा | हु | ल | | री | ना | रा | य | | र्म |
| ज | | | हि | ना | | जा | ल | | यो |
| | फ | की | रा | | शी | बा | | बा | गी |
| क | र्ज | | स | नी | | बू | म | | |
| र | | शी | त | ल | | | हा | सि | ल |
| म | हा | न | | क | न्या | दा | न | | व |
| | द | | ना | म | | दा | ता | | स्ते |
| सं | सा | र | | ल | की | | | नू | री |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# दैनिक पंचांग

**18 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.29 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कुंभ | 08.19 बजे से |
| मंगल | मकर में | मीन | 09.52 बजे से |
| बुध | मकर में | मेष | 11.23 बजे से |
| गुरू | मिथुन में | वृष | 13.03 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 15.01 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.15 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.31 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 21.43 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | तुला | 23.53 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.08 ब.से |
| | | धनु | 04.24 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 18 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 01.22 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 10.14 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 21.11 बजे को समाप्त।
**करण** चतुष्पद 12.46 बजे तदनन्तर नाग 01.22 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 35'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872593
**जूलियन दिन** 2461058.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब **तारीख** 28
**विशेष** माघ अमावस्या, मौनी अमावस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः संकल्प

एक बार नानक काशी के पास एक गांव में प्रवचन कर रहे थे। प्रवचन के बीच में उन्होंने कहा, सफलता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आशावादी होना चाहिए। प्रवचन खत्म होने के बाद एक भक्त ने पूछा, गुरु जी , क्या किसी चीज की आशा करना ही सफलता की कुंजी है। नानक ने कहा, नहीं , केवल आशा करने से कुछ नहीं मिलता। मगर आशा रखने वाला मनुष्य ही कर्मशील होता है। लेकिन उस आदमी की समझ में ये बातें नहीं आ रही थी। उसने कहा, गुरु जी, आप की गूढ़ बातें मेरी समझ में नहीं आ रही हैं। उस समय खेतों में गेहूं की कटाई हो रही थी। तेज गर्मी पड़ रही थी। नानक ने कहा, चलो मेरे साथ। तुम्हारे प्रश्न का जवाब वहीं दूंगा। नानक उस आदमी को अपने साथ लेकर खेतों की तरफ चले गए। उन्होंने देखा कि एक खेत में दो भाई गेहूं की कटाई कर रहे थे। बड़ा भाई तेजी से कटाई करता आगे था दूसरा भाई पीछे था। नानक उस आदमी के साथ वहीं एक आम के पेड़ के नीचे बैठ गए। दोपहर हो गई थी। छोटा भाई बोला, भइया, आज तो पूरी कटाई हो नहीं पाएगी। अभी बहुत बाकी है, कल सुबह आकर काट लेंगे। बड़े भाई ने कहा, अब ज्यादा कहां बचा है। देखता नहीं, थोड़ा ही तो रह गया है। इन दो कतारों को काट लेंगे तो बाकी बारह कतारें रह जाएगी। इतना तो आराम से काट लेंगे। कल पर क्यों टालता है। बड़े भाई की बात सुन कर छोटा भाई जोश में आ गया और उसका हाथ भी तेजी से चलने लगा। थोड़ी देर में पूरा खेत कट गया। खेत कटने के बाद नानक वहां से चलने लगे तो भक्त ने कहा, मेरे प्रश्न का उत्तर तो शेष है। नानक ने कहा, तुम्हारे प्रश्न का जवाब तो उन दोनों भाइयों ने दे दिया जो खेत में गेहूं काट रहे थे। बड़ा भाई आशावादी था, तभी तो कटाई पूरी हुई। भक्त को अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया।

## सूडोकु नवताल- 7397

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7396 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 8612



**बाएँ से दाएँ**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

### शब्द पहेली -8611 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | ल | वा | र | | वि | | |
| | क | | द्य | | अ | रा | ज | क |
| क | रा | र | | क | प | ट | | हा |
| | र | ज | त | | ना | | आं | सु |
| अ | | क | मी | ना | प | न | | नी |
| चा | बी | | ज | | न | ज | ला | |
| न | | स | वा | ल | | र | ज | त |
| क | र | ब | ला | | आ | | वा | |
| | | ल | | अ | स | बा | ब | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# मै भी बाघ, हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत थीम पर हुआ अनुभूति कार्यक्रम

## 126 बच्चों ने दूरबीन से पक्षी दर्शन कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

पद्मेश न्यूज। लांजी।

**देश का दिल कहे जाने वाले मध्यप्रदेश में वन विभाग के द्वारा स्कूली बच्चो को प्रकुति से पहचान कराने के लिये एक विशेष अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जो कि केवल मध्यप्रदेश वन विभाग के द्वारा संचालित किया जाता है। यह एक ऐसा विशेष कार्यक्रम है जो कि शासकीय विद्यालयो के छात्र छात्राओं के लिये जंगल से जुडने, जंगल वन क्षेत्र, वन्य प्राणी, पक्षियों का पहचानने का एक अद्भुत अविस्मरणीय क्षण होता है और हर छात्र इस अद्भुत विषय से जुडना चाहता है। बतादे कि वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य के अंतर्गत बीट -कांद्री कक्ष क्रमांक पी.634 में मध्य प्रदेश शासन वन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों में प्रकृति, वृक्ष, वन तथा वन्य जीवों के प्रति संरक्षण की भावना विकसित करने हेतु अनुभूति कार्यक्रम आयोजित की गई . अनुभूति कार्यक्रम 2025-26 की थीम मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव , हम हैं धरती के दूत के अंतर्गत यह बताया गया कि बच्चे धरती के दूत हैं जो हरियाली एवं जंगल का संदेश लेकर समाज में जाते हैं एवं अपने आस पास वृक्ष संरक्षण का कार्य करते हैं अनुभूति का यही नारा है। इसमें पर्यावरण का महत्व , जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत और प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली पर आधारित कचरे का प्रबंधन के बारे में विद्यार्थियों को रोचक तरीके से बताया गया । इस अनुभूति कार्यक्रम में शासकीय उच्च विद्यालय रिसेवाड़ा एवं शासकीय उच्च विद्यालय सावरी के 126 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने दूरबीन से पक्षी दर्शन , जंगली जीवों के बारे में रोचक जानकारी तथा पर्यावरण संरक्षण के तरीके के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जाना .वन संरक्षण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर बच्चों ने पुरस्कार भी प्राप्त किये।**



वन विभाग के अनुभूति कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक राजकुमार कर्राहे, उपवनमण्डलाधिकारी राकेश अड़कने, डिलेश्वर बसेना सरपंच प्रतिधि अमेड़ा ब, सुरेश लिल्हारे पूर्व सरपंच रिसेवाड़ा, शासकीय उच्च विद्यालय रिसेवाड़ा की प्राचार्या श्रीमती गुलनाज खान, सावरी उच्च विद्यालय के प्राचार्य एल. बी. धनोले , वरिष्ठ पत्रकार संजय टेम्भरे, मयूर सूले, वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार, शिक्षक शिक्षिकाऐं स्टाफ, वन अमला, वन सुरक्षा समिति एवं छात्र छात्राओं की उपस्थित रही। विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा विद्यार्थियों को पेड़ के महत्व , बालाघाट जिले के वन संपदा बाहुल्य क्षेत्र में पाये जाने वाले औषधीय पौधे, यहाँ पर्यटन को बढ़ावा देने एवं वन संरक्षण के बारे में प्रेरक उद्बोधन दिए। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अनुभूति कार्यक्रम के लिए वन विभाग के कार्यों की सराहना की करते हुये कहा कि सच में यह एक अद्भुत और अविस्मरणीय कार्यक्रम है जिससे हमारे क्षेत्र के बच्चे मे निश्चित रूप से वन संरक्षण, सुरक्षा, पेड पौधो, वन्य प्राणियों के संरक्षण, पक्षियो के संरक्षण को लेकर प्रेरणा जागेगी। आप ने अनेको उदाहरण बच्चो के समक्ष प्रस्तुत करते हुये वन संपदाओ, वन्य प्राणियो के विषय में जानकारी दी तथा आज आप सांस ले पा रहे है तो इसी प्रकृति के कारण है सोचो अगर यह प्रकृति नही रहेगी तो क्या होगा। आपने विधानसभा क्षेत्र में वन क्षेत्रो में पर्यटन को लेकर भी चर्चा कर कहा कि हमारा विधानसभा लांजी किरनापुर का विजन डाक्यूमेंट तैयार है उसमे अव्वल नंबर पर पर्यटन को लेकर क्षेत्र में विकास करना है। अंत में वन विभाग के द्वारा अनुभूति कार्यक्रम को लेकर स्मृति चिन्ह उपस्थित अतिथियों को भेंट किया।

### छात्र छात्राओं को मास्टर ट्रेनर्स ने कराया प्रकृति की अनुभूति

मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र बड़ीचार्य, प्रेरक महेन्द्र ढवरे ने अनुभूति की इस वर्ष की थीम मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत गान से कार्यक्रम प्रारंभ करवाया तथा वन और वन्यजीव से संबंधित रोचक जानकारी प्रदान की . वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी के वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री सपन ताम्रकार ने रोचक खेल के माध्यम से वन विभाग की कार्यप्रणाली एवं मानव जीवन में जंगल के महत्व , उनकी उपयोगिता, विभिन्न वन्य प्राणियों के पैरों के निशान, उनकी उपस्थिति के अन्य साक्ष्य को रोचक तरीके से प्रस्तुत कर तथा ट्रैकिंग करवाकर बच्चों को जानकारी प्रदान की।

अनुभूति की एक दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों प्लास्टिक मुक्तजीवनशैली पर आधारित जीवन प्रबंधन सीखा जिसे वन विभाग पश्चिम लांजी के स्टाफ ने रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया था। इस हेतु प्लास्टिक से बने फ्लैक्स की जगह कपड़े पर बैनर बनाया गया, प्लास्टिक की कुर्सी के बजाए बाँस से बने टेबल और बाँस के बेंच बनाए गए, स्मृति चिन्ह भी लकड़ी से बनी मुख्य थीम मैं भी बाघ ,हम हैं बदलाव , हम हैं धरती के दूत के प्रतीक चिन्ह के रूप में अतिथियों को प्रदान किया गया। कपड़े से थैला बनाने की विधि भी विद्यार्थियों को बताया गया। और पेड़ के पत्तों से बने पत्तल पर अतिथियों एवं विद्यार्थियों को भोजन कराया गया। वन विभाग लांजी के उपवनमंडलाधिकारी राकेश अड़कने ने विद्यार्थियों को पेड़ों को बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रेरक उद्बोधन दिए। रिसेवाड़ा उच्च विद्यालय की छात्राओं ने डांस ट्रेनर हिना रामटेक्कर के मार्गदर्शन में सीखे अनुभूति थीम सॉंग हम हैं धरती के दूत गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर जंगल का संदेश दिया। इस दौरान उप वनक्षेत्रपाल दिलीप उके, रवीन्द्र कुमार सोनवाने, वनपाल सुनील कुमार खोंगल, करीम खान, संजय विश्वकर्मा, वनरक्षक विवेक बंसोड़, नेमेंन्द्र मलघाटी, कुलदीप मण्डले , काशीराम हनोते, प्रियंका रीमटेक्कर, संगीता कोकोटे, कुलदीप मंडले , संजय दुरूगकर , कन्हैयालाल गायकवाड़ ,नरेन्द्र धुर्वे, वनरक्षक रत्नकला भलावी, अभिषेक सोनी, विभूति नाथ झा , जड़ी- बूटी एवं औषधीय पौधे के विशेषज्ञ वैद्य राजेन्द्र कुमार, स्वास्थ्य विभाग से एम.ओ. डॉ विद्या उईके एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ , वन विभाग के कर्मचारी एवं विद्यालय के शिक्षकगण, गणमान्य गण उपस्थित रहे।

# टेमनी ग्राम के दो सगे भाई सहित चार युवा सीमा सुरक्षा बल में चयनित

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के ग्राम टेमनी में इन दिनों खुशी और गर्व का माहौल छाया हुआ है। यहां के दो सगे भाई सहित चार प्रतिभाशाली युवाओं का चयन देश की प्रतिष्ठित सीमा सुरक्षा बल में सफलतापूर्वक हो गया है। यह उपलब्धि न केवल इन युवाओं और उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे ग्राम तथा आसपास के क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय बनी है। चयनित युवाओं में योगेश मोतीशंकर कावरे, ऋतिक धनीराम पंचाले, एवं दो सगे भाई अंकित सुखचंद भोण्डेकर और अमित सुखचंद भोण्डेकर शामिल हैं। सभी युवा ग्राम टेमनी के निवासी हैं। इनके माता-पिता कृषि और मजदूरी का कार्य करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद इन चारों युवाओं ने अदम्य साहस, कठोर परिश्रम और लगन से शारीरिक तथा लिखित परीक्षाओं को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। लांजी क्षेत्र के युवा आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। जमीन से लेकर आसमान तक लांजी के युवाओं ने प्रदेश और देश में अपना परचम लहराया है। सिविल सेवा, स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग, शिक्षा, खेल, न्यायालय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के साथ ही वैज्ञानिक, इंजीनियर, पायलट, स्पेस सेंटर जैसे ऊंचे पदों पर भी लांजी के युवा तैनात हैं। देश सेवा के क्षेत्र में भी लांजी के युवा अग्रणी हैं— आर्मी, पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स और सीमा सुरक्षा बल में तैनात होकर वे राष्ट्र की सेवा में समर्पित हैं। ग्रामीणों ने इन चार युवाओं के चयन पर बधाई देते हुए कहा, यह हमारे लिए बेहद गौरवान्वित करने वाला क्षण है। इनकी सफलता ग्राम के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि संकल्प मजबूत हो और लक्ष्य निर्धारित हो, तो विपरीत परिस्थितियां भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। क्षेत्रवासियों ने सभी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि देश सेवा का यह पावन अवसर इन्हें सम्मान, यश और सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



# चार छात्रों का सीमा सुरक्षा बल एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित आरक्षक (सामान्य ड्यूटी) परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम हाल ही में घोषित किया गया है। इसमें लिबर्टी कोचिंग, लांजी के चार प्रतियोगी छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। राजू खरे पिता तिलेचंद खरे, ग्राम- हरदीटोला, दुलापुर और आशीष मानकर पिता बाडुलाल मानकर, ग्राम रमपुरा का चयन सीमा सुरक्षा बल में आरक्षक पद पर हुआ है। वहीं पंकज आसटकर पिता शोभाराम आसटकर, ग्राम मनेरी और संजय कावरे पिता रोशेलाल कावरे, ग्राम नंदोरा घोटी का चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में आरक्षक पद पर हुआ है। यह उपलब्धि लिबर्टी कोचिंग के लिए बहुत गर्व की बात है। यह संस्थान लांजी क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक भरोसेमंद और प्रेरणादायक शैक्षणिक संस्थान के रूप में जाना जाता है। संस्थान ने क्षेत्र के युवाओं को नौकरी-उन्मुख शिक्षा और कैरियर मार्गदर्शन देकर एक अनोखी पहल की है, जिसका लाभ अब इन छात्रों सहित अनेक युवाओं को मिल रहा है।



जानकारी में बताया गया कि आरक्षक (सामान्य ड्यूटी) परीक्षा 2025 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा- 4 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 तक आयोजित की गई। कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम 17 जून 2025 को घोषित, जिसमें 3,94,121 उम्मीदवार शारीरिक परीक्षण/शारीरिक मापदंड परीक्षण के लिए योग्य घोषित। शारीरिक परीक्षण/शारीरिक मापदंड परीक्षण 20 अगस्त 2025 से 15 सितंबर 2025 तक आयोजित, जिसमें 95,575 उम्मीदवार सफल हुए। उसके बाद दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण (विस्तृत चिकित्सा परीक्षण/पुन: चिकित्सा परीक्षण) की प्रक्रिया पूरी की गई। कुल रिक्तियां- 53,690 सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, असम राइफल्स, नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो, सचिवालय सुरक्षा बल अंतिम योग्यता सूची- कंप्यूटर आधारित परीक्षा के सामान्यीकृत अंकों और राष्ट्रीय कैडेट कोर प्रमाणपत्र धारकों को मिलने वाले अतिरिक्त अंकों के आधार पर तैयार की गई। आरक्षित वर्गों (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) के उन उम्मीदवारों को, जो एक राज्य से दूसरे राज्य में चले गए हैं, उनके मूल राज्य या निवास प्रमाणपत्र के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया गया है। इन सफल छात्रों को संस्थान के संस्थापक राकेश नारनौरे, मार्गदर्शक जनपद सदस्य टूमनलाल घोरमारे, शिक्षक सौरभ कोठारे, सुरेन्द्र लाड़ेकर सहित अन्य शिक्षकों, साथी छात्र-छात्राओं और परिवारजनों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# कुंजीलाल जी सोनवाने पंचतत्व में विलीन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर के वार्ड क्रमांक 15, निमटोला निवासी कुंजीलाल गुजोबा जी सोनवाने का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे लंबे समय से जीवन के विभिन्न उतार-चढ़ावों से गुजरते हुए परिवार और समाज में अपनी सादगी, मेहनत और नैतिक मूल्यों के लिए जाने जाते थे। श्री कुंजीलाल जी का निधन 16 जनवरी 2026 की रात्रि लगभग 11 बजे हुआ। उनकी मृत्यु से पूरे निमटोला में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और स्थानीय निवासियों ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया और गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार 17 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे निमटोला के मोक्षधाम में विधि-विधान से संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें पड़ोसी, रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल होकर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की तथा इस दुख की घड़ी में ईश्वर से परिवार को शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।



# वालीबॉल के रोमांचक मैचों का लुत्फ़ लेने मैदान मे उमड़ रहा जनसैलाब

**पद्मेश न्यूज। किरनापुर।** सूर्योदय स्पोर्टिंग वालीबॉल क्लब किरनापुर के तत्वावधान मे तीन दिवसीय वालीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। और टूर्नामेंट के इन वालीबॉल मैचों का लुत्फ़ लेने मैदान मे क्षेत्र भर से जन सैलाब उमड़ रहा है। टूर्नामेंट मे बतौर मुख्य अतिथि भंडारा-गोंदिया जिले के सांसद प्रशांत भाऊ पडोले एवं गोंदिया नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शेंडे,, जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, उपाध्यक्ष भुवन भाऊ राहंगडाले, वरिष्ठ नागरिक कुंवर सिंह चौहान,सामाजिक कार्यकर्ता मंगल प्रसाद रैकवार, व्यापारी संघ किरनापुर अध्यक्ष संतोष बैस सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की प्रमुख मौजूदगी मे किए जा रहे हैं। इस दौरान अपने उद्बोधन मे मंचासीन अतिथि वक्ताओं ने कार्यक्रम की खूब सराहना की गई।टूर्नामेंट मे शामिल टीमों मे साई पंजाब, एस के डी यू राजस्थान, औरंगाबाद, जबलपुर रेल्वे, जिंदल रायगढ़ औरंगाबाद यूनिवर्सिटी की टीमों ने अपने अपने पुल मे मैच जीतकर अगले चरण मे प्रवेश किया।इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे टूर्नामेंट समिति अध्यक्ष डॉ नन्हें बहेकार, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान,सचिव शिव तारन, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी,आर पी श्रीवास्तव, योगेन्द्र सुनेरी,डी डी मेश्राम,मंगल प्रसाद रैकवार, जे.पी.रामटेके, अजय मर्सकोले, मोनू अली, मोनू तारन,कमलेश चौधरी, चंद्रप्रकाश राहंगडाले,अनिल चापेकर, के के बावनथडे, एच सी सिलहारे,परवेज़ अली,बंटी अर्जुनवार,अंकुश पचभैया, राकेश बोरकर, अहद ताजर, अक्षय भीमटे, भूपेन्द्र अजीत, प्रेम किशोर जांगड़े,शुभम शेंडे,दीपक भालाधरे, सुमित रहेकवार, अंकुश गोस्वामी,पीयूष शर्मा, अमोल पचभैया सहित अनेक सदस्य, वालीबॉल खिलाडियों एवं क्षेत्रवासियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा हैं।



## सीआरपीएफ 7 बटालियन द्वारा सिलाई प्रशिक्षण देकर भेंट की सिलाई मशीने

**पद्मेश न्यूज। किरनापुर।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल , सी/7 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मछुरदा गाँव, पुलिस स्टेशन-बिरसा, जिला-बालाघाट में स्थित कम्पनी सी/7 बटालियन में संस्था करूणा बोथरा, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र बालाघाट (मध्य प्रदेश) द्वारा दिनांक 26/12/2025 से 16/01/2026 तक स्थानीय निवासीयों में से कुल 15 महिलाओं को सिलाई मशीन का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में संगीता ठाकरे, माधुरी ठाकरे, पार्वती खुसरे, काईटकन बिसेन, रोशनी यादव, सेवती यादव, कल्पना मरकाम, चंदा बाई बिसेन, लता पटेल, कविता धुर्वे, माधुरी मराठी, दुर्गेश्वरी यादव, रतनी मरकाम, सोमबती मरकाम, सुनिता यादव द्वारा बढ़कर हिस्सा लेते हुये पूरी मेहनत, ईमानदारी से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कपिंग गिल, कमाण्डेंट 7 बटालियन के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरांत सिविक एक्शन प्रोग्राम के अन्तर्गत सभी प्रशिक्षित मेधावी छात्राओं को सिलाई मशीन वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।सी0आर0पी0एफ0 द्वारा किये गये इस कार्य को ग्रामवासियों द्वारा बहुत सराहा गया तथा उनके द्वारा निवेदन किया गया कि इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहे। इस अभियान के दौरान बटालियन के अजय पटियाल (उप कमाण्डेंट), निरीक्षक कांशी प्रसाद (कम्पनी कमाण्डर), अन्य जवानों के साथ-साथ ग्रामवासी मौजूद थे।




# वन परिक्षेत्र हट्टा ( सामान्य ) द्वारा आयोजित किया गया अनुभूति कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। हट्टा।** वन परिक्षेत्र हट्टा (सामान्य) के पीपरझरी बीट अन्तर्गत कक्ष क्र. 686 में दिनांक 17 जनवरी 2026 को अनुभूति कार्यक्रम वैनगंगा नदी शंकरघाट जलाशय में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा एवं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय हट्टा के कुल 125 स्कूली छात्र-छात्राओं को मैं भी बाघ, हम है बदलाव, हम है धरती के दूत थीम पर अनुभूति कार्यक्रम के तहत वन क्षेत्र में ट्रेकिंग के दौरान वन्यजीव एवं वनों के महत्व एवं संरक्षण संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। जिसमें प्रेरक ज्ञानचन्द शर्मा, अनीश चार्ल्स, सुरेन्द्र वडीचार्य एवं वन अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न वन्य प्राणियों,पेड़ पौधों के विभिन्न प्रजातियों एवं उनके उपयोगिता, औषधीय पौधे की पहचान एवं उपयोग,तितलियों, मधु मक्खियों, दीमक, सर्पों,जलीय और स्थलीय पक्षियों,गिद्धों के विभिन्न प्रजातियों एवं उनके संरक्षण के उपक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए द्य वानिकी कार्य के तहत बोल्डर चेकडैम, ब्रसवुड चेकडैम, पौधा अंगीकरण, फायर लाइन,वाटर होल, वन्यप्राणियों के पगमार्क एवं विष्ठा,मुनारा एवं ट्रांजेक्ट लाइन के बारे में जानकारी दी गई द्य कार्यक्रम में उपवन मंडलाधिकारी दक्षिण (सामान्य) बालाघाट श्रीमति विनीता फुलबेले, श्रीमान वन परिक्षेत्र अधिकारी हट्टा (सा.) सुरेन्द्र कुमार शेण्डे , के मार्गदर्शन में सम्पन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हट्टा श्रीमति रंजना वैघ,सरपंच प्रतिनिधि देवीशंकर टेम्भरे, वन सुरक्षा समिति पीपरझरी अध्यक्ष श्री चन्द्र किशोर क्षीरसागर, समाजसेवी लोकराम कटरे, दुर्गा कटरे जी, अष्टराज राहंगडाले जी एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। एवंअन्य वन सुरक्षा समितियों के अध्यक्ष, शिक्षकगण की उपस्थिति रही। अनुभूति कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन कराने में वन परिक्षेत्र हट्टा (सा.) के समस्त अधिकारी / कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## इंदौर के भागीरथपुरा में राहुल गांधी के पहुंचते ही संकरी गलियों से छलका दर्द

### जनता ने खूब नारेबाजी की और चिल्लाकर कहा हमें न्याय दिलाओ, त्रासदी के पीड़ितों से मिलने के बाद नेताप्रतिपक्ष बोले...ये कैसा स्मार्ट सिटी मॉडल जहां पानी पीने से हो रही मौतें

# हवा, दवा, जमीन में जहर, जवाब मांगो तो चलेगा बुलडोजर

इंदौर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर आए। भागीरथपुरा पहुंचते ही लोगों का दर्द छलक पड़ा। जनता ने खूब नारेबाजी की और चिल्लाकर कहा कि उन्हें न्याय चाहिए। जिन लोगों ने गंदा पानी पीकर अपनी जान गंवा दी उनके परिजन सडक़ों पर उतकर नारेबाजी करते रहे और बोले कि दोषियों को सख्त सजा मिलेगी तभी उन्हें न्याय मिलेगा। राहुल ने उन्हें आर्थिक मदद करने के उद्देश्य से एक एक लाख रुपए के चेक भी दिए लेकिन परिजन पूरे समय न्याय दिलाने की बात कहते रहे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से जो लोग प्रभावित हुए हैं, मैं उनसे मिला हूं। कई परिवार के सदस्यों की मौत हुई है और कई बीमार हुए हैं। वादा किया गया था- देश को स्मार्ट सिटी दी जाएंगी। मगर ये स्मार्ट सिटी का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी नहीं है और लोगों को डराया जा रहा है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे और पानी में गंदगी के संकट के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिले। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इलाज करा रहे पानी में गंदगी के शिकार लोगों और उनके परिवारों से मिलने के लिए इंदौर के बॉम्बे अस्पताल का भी दौरा किया। इसके बाद उन्होंने सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का नया स्मार्ट सिटी मॉडल पानी में जहर, हवा में जहर, दवा में जहर, जमीन में जहर, और, जवाब मांगो तो चलेगा बुलडोजर! कुछ इस तरह इस मॉडल में गरीबों की मौतों के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं होता। सरकार अभी उनकी लापरवाही से हुई इंदौर की त्रासदी की जवाबदेही ले - दोषियों को सजा और पीड़ितों को अच्छा इलाज और मुआवजा जल्द से जल्द दिलाए। वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि



भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से जो लोग प्रभावित हुए हैं, मैं उनसे मिला हूं। कई परिवार के सदस्यों की मौत हुई है और कई बीमार हुए हैं। वादा किया गया था- देश को 'स्मार्ट सिटी' दी जाएंगी। मगर ये स्मार्ट सिटी का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी नहीं है और लोगों को डराया जा रहा है।

### इंदौर में साफ पानी नहीं मिल रहा

राहुल गांधी ने कहा कि इंदौर में साफ पानी नहीं मिल रहा है। दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई है और यह सरकार का 'अर्बन मॉडल' है। यह सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसा अन्य शहरों में भी हो रहा है। लोगों को साफ पानी और हवा मिले, ये जिम्मेदारी सरकार की होती है, मगर वह इस काम में असफल है।

### सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आगे कहा कि सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। साथ ही, पीड़ितों को सही मुआवजा भी मिलना चाहिए, क्योंकि ऐसे हालात सरकार की लापरवाही से बने हैं। आज भी यहां साफ पानी नहीं मिल रहा है। इसलिए लोग चाहते हैं कि यहां साफ पानी की व्यवस्था की जाए। जनता को साफ पानी देना सरकार की जिम्मेदारी है, जिसे पूरा किया जाना चाहिए। नेता विपक्ष होने के नाते मैं इनकी आवाज उठाने आया हूं, ये मेरी जिम्मेदारी है- मैं पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं।

### पानी पीने से मौतें, क्या यही है सरकार का अर्बन मॉडल

भागीरथपुरा में पीड़ितों से मिलने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार अबर्न मॉडल की बात करती है लेकिन पानी पीने से मौतें हो रही है। क्या सरकार का अबर्न मॉडल यही है। राहुल ने कहा कि हमसे कहा जाता था कि देश को स्मार्ट शहर मिलेंगे,लेकिन यह कैसा स्मार्ट सिटी का मॉडल है, जहां पीने का साफ पानी नहीं मिलता।पानी पीने से लोगों की मौत हो जाती है । लोगों को डराया जाता है। ये हालत सिर्फ इंदौर में ही नहीं देश के कई शहरों में है। लोगों को साफ पानी मिले, कम प्रदूषण रहे,यह सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन उसे नहीं निभाया जा रहा है।

### पीड़ितों की मांग दोषियों को कड़ी सजा मिले

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सबसे पहले गीता बाई के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद वे पैदल ही जीवनलाल के घर पहुंचे। वहां से वे सभी पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए संस्कार उद्यान में पहुंचे। रहवासियों ने राहुल गांधी को बताया कि अभी भी क्षेत्र में कई जगहों पर गंदा पानी आ रहा है। वे गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। जगह-जगह लोग राहुल गांधी को आवाज लगाकर उन्हें क्षेत्र की परेशानियां बताने की कोशिश करते रहे थे। संस्कार उद्यान में पीड़ित परिवारों ने बताया कि यहां पर लंबे समय से पीने का गंदा पानी आ रहा था। वे कई बार शिकायतें कर चुके थे लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने यह भी बताया कि अभी भी लगातार डायरिया के केस आ रहे हैं। एक दिन पहले ही साफ पानी घरों में आया है लेकिन अधिकारियों ने कहा है कि अभी भी उन्हें पानी उबालकर ही पीना पड़ेगा। परिजन ने बताया कि इस मामले के असली दोषियों को बचाया जा रहा है। जो देह त्याग गए, उन्हें तभी शांति मिलेगी, जब मामले में दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

## कायदी में आज जिला स्तरीय, कल से ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रोमांच

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम कायदी में खेल प्रेमियों के लिए एक बार फिर वॉलीबॉल का महाकुंभ सजने जा रहा है। संजय वॉलीबॉल क्लब कायदी के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चार दिवसीय ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 18 से 21 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश की नामी-गिरामी टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें जीआरसी कामठी, छत्तीसगढ़ पुलिस, डब्ल्यूसीआर जबलपुर, पुणे, बिलासपुर रेलवे, प्रयागराज, गुजरात साईं, कर्नाटक अकादमी, दिल्ली, सिकंदराबाद रेलवे तथा तमिलनाडु पुलिस की टीमें शामिल हैं। सभी टीमें ग्राम कायदी के वॉलीबॉल मैदान में अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र नगरगढ़े ने बताया कि ग्राम पंचायत कायदी के बाजार चौक में पिछले 9 वर्षों से लगातार वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी प्रतियोगिता चार दिवसीय होगी।

### आज जिला स्तरीय मुकाबले

18 जनवरी को जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ सुबह 10 बजे अंशुमन तिवारी, प्राचार्य गुरुदेव पब्लिक स्कूल कायदी एवं भाऊलाल नगपुरे, अध्यक्ष वन समिति कायदी द्वारा किया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जावेद अली जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय गा.वि. मंच बालाघाट तथा वैभव बिसेन जिलाध्यक्ष सरपंच संघ बालाघाट उपस्थित रहेंगे। इस दिन जिले की टीमें दमदार खेल का प्रदर्शन करेंगी।

19 जनवरी से ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्तिकेय जायसवाल एसडीएम वारासिवनी, अभिषेक चौधरी एसडीओपी पुलिस वारासिवनी, सुश्री फरहत जहां उपसंचालक खनिज विभाग बालाघाट, पवन यादव थाना प्रभारी वारासिवनी एवं पियूष पाठक अधिवक्ता बालाघाट मौजूद रहेंगे।

### 21 जनवरी को होगा भव्य समापन

ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन 21 जनवरी 2026 को रात्रि 8 बजे होगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 33,333 रुपये नगद एवं शील्ड, जबकि उपविजेता टीम को 22,222 रुपये नगद एवं शील्ड प्रदान की जाएगी।

### ये होंगे मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि

समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती भारती पारधी सांसद बालाघाट-सिवनी होंगी। विशेष अतिथि के रूप में प्रदीप जायसवाल पूर्व कैबिनेट मंत्री, गौरव सिंह पारधी विधायक कटंगी, आनंद कोछड़ भाजपा नेता, राजेश पाठक समाजसेवी, महेंद्र सुराना जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अनुराग चतुरमोहता भाजपा नेता तथा मो. हनीफ कुरैशी ओबीसी महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष शामिल होंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के खेल प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 : सांसद भारती पारधी ने किया विभिन्न खेल स्पर्धाओं का शुभारंभ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 के दूसरे दिन शुक्रवार, 17 जनवरी 2026 को आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ माननीया सांसद बालाघाट श्रीमती भारती पारधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, टेनिस, शतरंज एवं वेटलिफ्टिंग— इन पांच खेल स्पर्धाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया।

आयोजन स्थल पर जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा द्वारा सांसद श्रीमती पारधी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार एवं खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से प्रदेश के 313 विकासखंडों में चयन स्पर्धाएं तथा 55 जिलों, 8 संभागों एवं प्रदेश के 9 शहरों में खेलो एमपी यूथ गेम्स




का आयोजन किया जा रहा है।

सांसद श्रीमती पारधी ने खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का स्लोगन मध्य प्रदेश की जय, हम सब की विजय दोहराते हुए बालाघाट के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाडियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश की जय, बालाघाट की विजय का उद्घोष किया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक पदक जीतने के लिए खिलाडियों से संकल्प भी दिलाया।

कार्यक्रम में जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, जिला इंडियन कराते संघ के संरक्षक देवेंद्र चंदेल, इकबाल मंसूरी, आदित्य पंडित (टेबल टेनिस संघ), वरिष्ठ खिलाड़ी संजय शुक्ला, संदीप नेमा, मनीष सिहोरे (शतरंज संघ) सहित आदिवासी विकास विभाग के समस्त पीटीआई, खेलो इंडिया कोच, सभी विकासखंडों के युवा समन्वयक एवं खेल विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन द्वारा किया गया। यह आयोजन बालाघाट जिले में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

## मप्र यात्री परिवहन नियंत्रण के लिए सात कंपनियां बनाईं गईं, एमडी के अधीन होंगी

भोपाल। मध्यप्रदेश में यात्री परिवहन को नियंत्रित और बेहतर करने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत राज्य स्तर पर एक होल्डिंग कंपनी (मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड) और उसके अधीन 7 सहायक कंपनियों का गठन किया है, जो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, और रीवा संभागों में शहरी और अंतर-शहरी बसों का प्रबंधन देखेगी। जिससे सुरक्षित, किफायती और समयबद्ध सार्वजनिक परिवहन सुनिश्चित हो सके।

इसके तहत मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड (एमपीपीटीआईएल), जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। ये कंपनी के अधीन कार्य करेंगी और 7 प्रमुख संभागों (भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, रीवा) में परिवहन का संचालन करेंगी। इसका मकसद नागरिकों को आरामदायक, सुरक्षित और किफायती दरों पर समय पर बस सेवा उपलब्ध कराना, साथ ही एक आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-टिकटिंग और सीट उपलब्धता की जानकारी देना। इसकी शुरुआत इंदौर संभाग से सरकारी बसों का संचालन शुरू किया जाएगा, जिसके बाद अन्य संभागों में विस्तार होगा। यह कदम प्रदेश के सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकेंगी।

## समारोहपूर्वक बैगा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं के संरक्षण एवं उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में प्रगति मैदान, मलाजखंड में 17 जनवरी से दो दिवसीय बैगा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया।

17 जनवरी को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक संजय उईके, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित बैगा जनजाति के अर्जुन सिंह धुर्वे, बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष झामसिंह तेकाम, उपाध्यक्ष छन्नू बैगा, पुजारी थानसिंह धुर्वे, बैगा समाज के बिरसा ब्लाक अध्यक्ष धनसिंह धुर्वे, एसडीएम अर्पित गुप्ता, नगरपालिका मलाजखंड के अध्यक्ष मानसिंह मेरावी, जनपद पंचायत परसवाड़ा के अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे, नगरपालिका के पार्षदगण, अधिकारीगण एवं महोत्सव में भाग लेने आए बैगा जनजाति के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

बैगा महोत्सव का शुभारंभ कबड्डी




प्रतियोगिता के साथ किया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस विकासखंड बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा की टीमों के मध्य लीग मैच खेले गए। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान रस्साकस्सी, कबड्डी, गिल्ली डंडा, बोरा दौड़, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, पिट्ठू एवं कंचे जैसे पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों में बालक एवं बालिकाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर, सहायक संचालक उद्यान क्षीतिज करहाड़े, विद्यालयों के प्राचार्य, व्यायाम शिक्षक एवं छात्रावास अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बैगा समाज के लोग उपस्थित रहे।

बैगा महोत्सव के माध्यम से बैगा जनजाति की सांस्कृतिक विरासत, खेल प्रतिभा एवं सामाजिक एकता को प्रोत्साहन देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे समाज के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। इस महोत्सव में केवल बैगा जनजाति के बालक व बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## श्रीमद् शिव महापुराण कथा समापन के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम आमगांव में शैलेन्द्र सिल्हारे ,श्रीमती संतोषी सिल्हारे के गृह निवास में विगत 11 दिनों से आयोजित शिव महापुराण कथा का समापन 16 जनवरी दिन शुक्रवार को हवन पूजन के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। श्रीमद् शिव महापुराण के कथा मे अंतिम दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच कथा वाचन सम्पन्न हुआ और भक्तों ने पंडित राघव प्रसाद शास्त्री जी महाराज से आशीर्वचन प्राप्त किए। इस अवसर पर कथावाचक पंडित राघव प्रसाद शास्त्री जी महाराज ने भगवान शिव के दिव्य स्वरूप, भक्ति की शक्ति और धर्म के जीवन में महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। मंत्रोच्चार, भजनों और आरती के बीच



श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते-नाचते दिखाई दिए। कथा के कई प्रसंगों पर गृह स्थल शिवमय माहौल से भर उठा। भंडारे के दौरान भगवान शिव के जयघोषों से गांव गूंजती रहीं यह शिव महापुराण कथा शुक्रवार को हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति दी गई। आयोजक परिवार और श्रद्धालुओं ने पंडित राघव प्रसाद शास्त्री के मंत्रोच्चारण के बीच आहुति अर्पित कर मंगलकामना की। हवन के दौरान पवित्र अग्नि, वेदघोष और शांति पाठ से पूरा गृह स्थान आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इसके बाद आयोजित महाभंडारे में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। भंडारे में देर शाम तक प्रसादी वितरण चलता रहा, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी श्रद्धा के साथ भाग लिया।

## सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत सीआरपीएफ ने दूरस्थ ग्राम मछुरदा की महिलाओं को दिलाया सिलाई प्रशिक्षण

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। 7 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत जिला बालाघाट के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम मछुरदा, थाना बिरसा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की गई। यह गांव विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का प्रमुख निवास क्षेत्र है, जहां की महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था करूणा बोथरा, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र बालाघाट (मध्य प्रदेश) के माध्यम से यह प्रशिक्षण 26 दिसंबर 2025 से 16 जनवरी 2026 तक कम्पनी सी/7 बटालियन परिसर में संचालित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम मछुरदा की 15 महिलाओं — संगीता ठाकरे, माधुरी ठाकरे, पार्वती कुमरे, कीर्तन




बिसेन, रोशनी यादव, सेवंती यादव, कल्पना मरकाम, चंदा बाई बिसेन, लता पटेल, कविता धुर्वे, माधुरी मरठे, दुर्गेश्वरी यादव, रतनी मरकाम, सोमबती मरकाम एवं सुनिता यादव — ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूरी मेहनत और लगन से सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत श्री कपिंग गिल, कमाण्डेंट 7 बटालियन के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत सभी प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। यह पहल न केवल महिलाओं के लिए स्वरोजगार का माध्यम बनेगी, बल्कि उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

दूरस्थ, आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं को दिया गया यह प्रशिक्षण इस बात का सशक्त उदाहरण है कि सीआरपीएफ के जवान देश की आंतरिक सुरक्षा का दायित्व निभाने के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का भी पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन कर रहे हैं। सीआरपीएफ द्वारा किए गए इस कार्य की ग्रामवासियों ने सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की।

इस अवसर पर उप कमाण्डेंट अजय पटियाल, निरीक्षक कांशी प्रसाद (कम्पनी कमाण्डर), अन्य जवानों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन आज

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिला तैराकी संघ सचिव महेंद्र सुराना और तैराकी संघ अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि खेलो एमपी वायजी अभियान के तहत जूनियर ग्रुप(बालक ,बालिका)15 से 17 वर्ष ग्रुप नंबर 1, एवं 13 से 14 वर्ष ग्रुप नंबर 2 उक्त आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं की जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को डोंगरिया स्थित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के स्विमिंग पुल में किया जाएगा।इसमें बालक बालिकाओं को खेलो एमपी स्विमिंग फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक,बटरफ्लाई स्ट्रोक ,50 मी ,100 मीटर ,200 मीटर की प्रतियोगिता होगी। जिसमें चयनित खिलाड़ियों को इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में खेलने का अवसर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि खेलो एमपी स्विमिंग राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर में 28 से 31 जनवरी तक होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में किया जाएगा।



# सीरीज के फाइनल में कीर्तिमानों का विराट धमाका करने उतरेंगे रोहित

## हिटमैन के निशाने पर अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड, कोहली रच सकते हैं शतकों का नया इतिहास

इंदौर। मध्य प्रदेश की खेल राजधानी इंदौर का होलकर स्टेडियम रविवार को एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। कल (18 जनवरी) होने वाला यह सीरीज डिसाइडर मुकाबला न केवल ट्रॉफी का फैसला करेगा, बल्कि क्रिकेट जगत के दो महायोद्धाओं रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए रिकॉर्ड बुक को नए सिरे से लिखने का महामंच भी साबित होगा।

### सिक्सर किंग के निशाने पर अफरीदी का गढ़

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए इंदौर का यह मैदान हमेशा से लकी रहा है। कल उनके पास पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में अफरीदी के नाम सबसे ज्यादा 50 छक्के हैं, जबकि रोहित 49 पर पहुंच चुके हैं। होल्कर की छोटी बाउंड्री पर जैसे ही रोहित



2 छक्के लगाएंगे, अफरीदी का रिकॉर्ड इतिहास बन जाएगा। इसके अलावा, रोहित को वनडे इतिहास के दिग्गज जैक कैलिस (11,579 रन) को पछाड़ने के लिए मात्र 14 रनों की दरकार है।

### सहवाग से आगे निकलने को विराट तैयारी

शानदार फॉर्म में चल रहे विराट कोहली कल एक और बड़ा शिखर फतह कर सकते हैं। कीवी टीम के खिलाफ वनडे में कोहली और वीरेंद्र सहवाग 6-6 शतकों के साथ बराबरी पर हैं। कल एक और सेंचुरी लगाते ही कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ 7 वनडे शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली ने पिछले मैच में ही सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक रन (1773) बनाने का गौरव हासिल किया है, जिसे वे कल और आगे ले जाना चाहेंगे।

### होल्कर : रनों की बारिश और रोहित का राज

इंदौर की पाटा पिच गेंदबाजों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। साल 2023 में जब कीवी टीम यहाँ आई थी, तब रोहित शर्मा ने शतकीय प्रहार किया था। हालांकि, इंदौर में विराट कोहली का बल्ला अब तक शांत रहा है, जिसे वे कल एक बड़ी पारी खेलकर यादगार बनाना चाहेंगे। वीरेंद्र सहवाग (1,157 रन) को पीछे छोड़ न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे सबसे सफल भारतीय बल्लेबाज बनने के लिए रोहित को केवल 35 रन चाहिए।

### रिकॉर्ड्स की दहलीज पर भारतीय दिग्गज

**रोहित शर्मा** - 2 छक्के लगाते ही अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त।

**रोहित शर्मा** - 14 रन बनाते ही वनडे इतिहास के 8वें सबसे सफल बल्लेबाज बनेंगे।

**विराट कोहली** - कल के मैच में अपना 51वां वनडे शतक और न्यूजीलैंड के खिलाफ 7वां शतक जड़ने का मौका।

कल रविवार की छुट्टी होने के कारण स्टेडियम के खचाखच भरे रहने की उम्मीद है। इंदौर के क्रिकेट प्रेमी एक बार फिर ऋद्धह (रोहित-कोहली) के पुराने अवतार और टीम इंडिया की खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए बेताब हैं।

# छह साल बाद रॉड लेवर एरिना में लौटे रोजर फेडरर, कैस्पर रूड के साथ किया अभ्यास

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी आखिरी प्रतिस्पर्धी उपस्थिति के करीब छह साल बाद स्विस टेनिस लीजेंड रोजर फेडरर एक बार फिर मेलबर्न के प्रतिष्ठित कोर्ट पर नजर आए। फेडरर ने रॉड लेवर एरिना में नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी कैस्पर रूड के साथ प्रैक्टिस सेशन किया। यह 2020 के बाद पहली बार था, जब फेडरर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान इस ऐतिहासिक कोर्ट पर उतरे। हालांकि उन्होंने 2022 में प्रोफेशनल टेनिस से संन्यास ले लिया था, लेकिन उनकी मौजूदगी ने दर्शकों और टेनिस प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह भर दिया। फेडरर और कैस्पर रूड का आमना-सामना करियर में सिर्फ एक बार हुआ है। दोनों के बीच एकमात्र मुकाबला 2019 में फ्रेंच ओपन के चौथे राउंड में खेला गया था, जहां फेडरर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की थी। अब वर्षों बाद दोनों खिलाड़ियों का मैदान पर साथ अभ्यास करना टेनिस जगत के लिए एक खास पल बन गया। 44 वर्षीय फेडरर ऑस्ट्रेलियन ओपन के सबसे सफल खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने अपने करियर के 20 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से छह खिताब मेलबर्न में ही जीते हैं। इस टूर्नामेंट में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 102-15 का शानदार रहा है। फेडरर ने आखिरी बार 2020 में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेला था, जहां सेमीफाइनल में उन्हें अंतत: चैंपियन बने नोवाक जोकोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद घुटने की चोटों और फिटनेस समस्याओं के चलते वह धीरे-धीरे प्रतिस्पर्धी टेनिस से दूर होते चले गए। फेडरर रॉड लेवर एरिना में एक विशेष प्रदर्शनी मैच का भी हिस्सा बनेंगे, जो टूर्नामेंट के पहले उद्घाटन समारोह में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी मुकाबले में उनके साथ आंद्रे अगासी, पैट्रिक राफ्टर और लेटन हेविट जैसे पूर्व एटीपी नंबर-1 खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

# एशेज चयन पर रिकी पोंटिंग ने उठाए सवाल

## ब्यू वेबस्टर को नजरअंदाज करने पर जताई हैरानी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने एशेज सीरीज के दौरान टीम चयन को लेकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की रणनीति पर सवाल खड़े किए हैं। पोंटिंग का कहना है कि वह अब तक यह समझ नहीं पाए हैं कि शानदार फॉर्म में चल रहे ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को नजरअंदाज कर विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस को प्राथमिकता क्यों दी गई। उनके मुताबिक यह फैसला न सिर्फ चौंकाने वाला था, बल्कि टीम संतुलन के लिहाज से भी पूरी तरह तार्किक नहीं लगता।

पोंटिंग ने कहा कि ब्यू वेबस्टर ने अपने छोटे से टेस्ट करियर में ही यह साबित कर दिया है कि वह बड़े मंच पर प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के फाइनल में टेस्ट डेब्यू करते हुए मैच जिताने वाला योगदान दिया था। इसके बावजूद नवंबर में पर्थ में खेले गए एशेज के पहले टेस्ट में उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया। उनकी जगह कैमरन ग्रीन को खिलाया गया, जबकि ब्रिस्बेन और एडिलेड में हुए अगले दो टेस्ट मैचों में भी वेबस्टर को बाहर ही रखा गया।

इन मुकाबलों में चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया, जिन्होंने नंबर सात पर बल्लेबाजी करते हुए क्रमश:



23, 32 और 10 रन बनाए। पोंटिंग के अनुसार यह चयन कई मायनों में हैरान करने वाला था, क्योंकि वेबस्टर न केवल बल्लेबाजी में भरोसेमंद विकल्प हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी से भी टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। एक बातचीत में पोंटिंग ने कहा कि वह जानते हैं कि चयनकर्ता आज के दौर में आंकड़ों और डेटा को काफी महत्व देते हैं और संभव है कि कुछ मेट्रिक्स में इंग्लिस आगे रहे हों, लेकिन फिर भी यह फैसला उन्हें समझ से परे लगता है।

पोंटिंग का मानना है कि वेबस्टर भले ही बहुत आकर्षक या स्टाइलिश खिलाड़ी न हों, लेकिन वे हालात को बखूबी समझते हैं और टीम की जरूरत के अनुसार योगदान देते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि उस्मान ख्वाजा की अनुपस्थिति में भविष्य में नंबर पांच पर वेबस्टर के लिए एक मजबूत अवसर बन सकता है। उधर, ब्यू वेबस्टर ने भी एशेज के शुरुआती चार टेस्ट मैचों में मौका न मिलने पर अपनी निराशा जाहिर की थी। हालांकि नए साल में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर उन्हें आखिरकार खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने नाबाद 71 रन की अहम पारी खेली। इसके साथ ही अपनी पार्ट-टाइम ऑफ स्पिन गेंदबाजी से तीन विकेट लेकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि उन्हें लगातार नजरअंदाज करना चयनकर्ताओं की एक बड़ी चूक हो सकती है।

# टी20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश क्रिकेट में उबाल

## खिलाड़ियों का पक्ष लेने पर सीडब्ल्यूबी अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट में इन दिनों हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूबी) के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने खुलासा किया है कि खिलाड़ियों के अधिकारों के समर्थन में आवाज उठाने के बाद उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। एक इंटरव्यू के दौरान मिथुन ने कहा कि बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा अपमानजनक बयान दिए जाने के बाद जब उन्होंने खिलाड़ियों का पक्ष लिया, तभी से यह सिलसिला शुरू हुआ। मिथुन ने साफ किया कि उनका मकसद देश के खिलाफ कुछ कहना नहीं, बल्कि क्रिकेटरों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। मिथुन ने कहा कि वह चाहते हैं कि बांग्लादेशी टीम अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप जरूर खेले, लेकिन किसी भी तरह की असुरक्षा के माहौल में नहीं। सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड भारत में होने वाले अपने चार लीग मुकाबले श्रीलंका में कराने की मांग कर रहा है। इसी मुद्दे पर विवाद और गहरा गया, जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के निदेशक नजमुल इस्लाम ने कहा कि यदि आईसीसी मैचों का वेन्यू नहीं बदलता और टीम टूर्नामेंट से नाम वापस लेती है, तो उसे किसी तरह का मुआवजा नहीं मिलेगा। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि खिलाड़ियों ने ऐसा कुछ खास नहीं किया है, जिसके बदले उन्हें भुगतान मिलना चाहिए। इन बयानों से आहत मिथुन ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी इस तरह की स्थिति का सामना नहीं किया। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि उन्होंने कब और कैसे देश के खिलाफ कुछ कहा। उन्होंने दो टूक कहा कि उन्होंने केवल क्रिकेट और क्रिकेटरों के हित में बात की है। मिथुन ने स्पष्ट किया कि वह किसी निजी एजेंडे से नहीं, बल्कि सीडब्ल्यूबी के अध्यक्ष होने के नाते खिलाड़ियों के अधिकारों के लिए खड़े हुए हैं। उनके मुताबिक, यदि वह इस पद पर रहकर खिलाड़ियों के लिए आवाज नहीं उठाएंगे, तो फिर इस जिम्मेदारी का कोई मतलब नहीं रह जाता।

# बाबर आजम को सिंगल लेने से रोकने पर छाया विवाद

नई दिल्ली। बिग बैश लीग में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सिडनी डर्बी के दौरान स्टीव स्मिथ और बाबर आजम के बीच एक पल के लिए पैदा हुआ तनाव चर्चा का विषय बना हुआ है। सिडनी सिक्सर्स की पारी के 11वें ओवर में बाबर आजम सिंगल लेकर स्ट्राइक बदलना चाहते थे, लेकिन नॉन-स्ट्राइकर एंड पर मौजूद कप्तान स्टीव स्मिथ ने उन्हें मना कर दिया। इस फैसले के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच पिच पर बातचीत हुई और बाबर की नाराजगी साफ नजर आई। मैच के बाद स्मिथ ने इस पूरे घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे पूरी तरह रणनीतिक निर्णय बताया।



स्मिथ ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि टीम मैनेजमेंट उनसे तेज खेलने को कह रहा था, लेकिन वह पावर सर्ज को ध्यान में रखते हुए एक ओवर और खुद स्ट्राइक पर रहना चाहते थे। उन्होंने बताया कि उस समय छोटी बाउंड्री का फायदा उठाना जरूरी था और यही वजह थी कि उन्होंने सिंगल नहीं लिया। बाबर उस वक्त 38 गेंदों पर 47 रन बनाकर क्रीज पर थे। क्रिस ग्रीन के ओवर में तीन डॉट गेंदों के बाद बाबर ने आखिरी गेंद पर रन लेने की कोशिश की, लेकिन स्मिथ ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।

इसके तुरंत बाद स्मिथ ने अपने फैसले को सही साबित कर दिया। पावर सर्ज के दौरान रयान हैडली के ओवर में उन्होंने लगातार चार छक्के जड़ते हुए कुल 32 रन बटोरे। यह ओवर बिग बैश लीग के इतिहास का सबसे महंगा ओवर बन गया और यहीं से मैच पूरी तरह सिक्सर्स के पक्ष में झुक गया। 13वें ओवर में स्मिथ ने बाबर को स्ट्राइक दी, लेकिन वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए। आउट होने के बाद बाबर को गुस्से में डगआउट की ओर जाते देखा गया, जिसका संबंध पहले हुए घटनाक्रम से जोड़ा गया। डेविड वॉर्नर के नाबाद 110 रन के बावजूद सिडनी थंडर ने 189 रन बनाए, लेकिन स्मिथ के 42 गेंदों पर 100 रन की बदौलत सिक्सर्स ने 17.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से मैच जीत लिया।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर भी इतिहास में दर्ज नहीं हो सकी तान्या चौधरी की उपलब्धि, जानें वजह

मंगलुरु। अंतराष्ट्रीय एथलीट तान्या चौधरी ने 85वीं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में महिला हैमर थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तान्या ने 65.60 मीटर का थ्रो फेंककर सरिता सिंह का नौ साल पुराना 65.25 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ दिया, लेकिन इसके बावजूद यह उपलब्धि आधिकारिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड बुक में दर्ज नहीं हो पाएगी। इसकी बड़ी वजह यह है कि इस प्रतियोगिता को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की मान्यता प्राप्त नहीं है। तान्या ने खुद स्वीकार किया कि इस टूर्नामेंट के दौरान उनका डोप टेस्ट भी नहीं हुआ। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के नियमों के अनुसार, किसी भी राष्ट्रीय




रिकॉर्ड को मान्यता देने के लिए प्रतियोगिता के दौरान डोप टेस्ट अनिवार्य होता है। चूंकि अंतर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप एएफआई और विश्व एथलेटिक्स से मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए यहां बनाए गए रिकॉर्ड को राष्ट्रीय रिकॉर्ड का दर्जा नहीं दिया जाता। हालांकि तान्या का यह थ्रो टूर्नामेंट रिकॉर्ड के रूप में जरूर दर्ज किया गया है।

अपने प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए तान्या ने कहा कि उन्हें 67 मीटर तक थ्रो जाने की उम्मीद थी। उन्होंने बताया कि इस सत्र का उनका लक्ष्य 70 मीटर का आंकड़ा पार करना है और वह लगातार उसी दिशा में मेहनत कर रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही इस प्रतियोगिता में डोप टेस्ट नहीं हुआ, लेकिन राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी कभी भी, कहीं भी उनका नमूना ले सकती है। तान्या 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं, जहां वह सातवें स्थान पर रही थीं। इस चैम्पियनशिप में अन्य स्पर्धाओं में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की एशियाई चैंपियन पूजा सिंह ने ऊंची कूद में 1.85 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक के साथ टूर्नामेंट रिकॉर्ड अपने नाम किया। हालांकि तान्या का रिकॉर्ड आधिकारिक तौर पर दर्ज नहीं हो पाया, लेकिन उनका प्रदर्शन भारतीय एथलेटिक्स में उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा करता है।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में अफगानिस्तान की दमदार शुरुआत, साउथ अफ्रीका को 28 रन से हराया

विंडहोक। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में अफगानिस्तान ने शानदार आगाज करते हुए मजबूत मानी जा रही साउथ अफ्रीका टीम को 28 रन से शिकस्त दी। हाई परफॉर्मेंस ओवल में खेले गए मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 8 विकेट पर 266 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। टीम की इस पारी की नींव खालिद अहमदजई और फैजल शिनोजादा की शानदार साझेदारी ने रखी।

शुरुआत में उस्मान सदात जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद खालिद अहमदजई ने फैजल शिनोजादा के साथ दूसरे विकेट के लिए 166 गेंदों में 152 रन की अहम साझेदारी की। खालिद ने 102 गेंदों में 74 रन बनाए, जबकि फैजल शिनोजादा ने 95 गेंदों में 81 रन की बेहतरीन पारी खेली। बीच के ओवरों में अफगान टीम ने कुछ त्वरित विकेट गंवाए, जिससे स्कोर 186 पर पांच विकेट हो गया, लेकिन अंत में उजैर उल्लाह नियाजी ने नाबाद 51 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से बुयांडा माजोला और कॉर्नी बोथा ने तीन-तीन विकेट लिए।

267 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। 49 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद जेसन रोल्स ने अरमान मनैक के साथ साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की। रोल्स ने 98 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिल सका। पूरी टीम 47.4 ओवर में 238 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की ओर से अब्दुल अजीज और खातिर स्टानिकजई ने दो-दो विकेट झटके। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट में अपने इरादे साफ कर दिए और साउथ अफ्रीका के खिलाफ आत्मविश्वास से भरी जीत दर्ज की।

# विश्व कप हॉकी में भारतीय टीम से मिलेगी कड़ी टक्कर - डोरेन

कोपनहेगन। बेल्जियम के अनुभवी हॉकी खिलाड़ी आर्थर वैन डोरेन ने कहा है कि भारतीय टीम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में लगातार बेहतर हुआ है और वह 2026 में होने वाले विश्व कप में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देगी। डोरेन का मानना है कि भारतीय टीम को किसी भी प्रकार से कमजोर नहीं माना जा सकता है। डोरेन ने कहा, 'भारत को जीत बड़ा दावेदार न मानना बड़ी भूल होगी। इसका कारण है कि भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में लगातार सफलता हासिल की है। उसने ओलंपिक में भी पिछली बार कांस्य पदक जीता था। इससे साफ है कि टीम का स्तर पहले से बेहतर हुआ है। डोरेन के अनुसार भारतीय टीम का संतुलन अच्छा है। उन्होंने कहा, "उनके पास हर विभाग में अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके पास एक अच्छा कोच है, युवा वह अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम को पिछले कुछ समय में किसे प्रयासों का लाभ मिला है।

# विनोद कांबली : बेमिसाल प्रतिभा, जो अपने शिखर तक नहीं पहुंच सकी

नई दिल्ली। गुरु रमाकांत आचरेकर की कोचिंग से भारतीय क्रिकेट को कई महान खिलाड़ी मिले, लेकिन सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली को उनकी सबसे बड़ी खोज माना जाता है। जहां सचिन ने अपनी प्रतिभा का भरपूर उपयोग कर क्रिकेट इतिहास में अमर स्थान हासिल किया, वहीं विनोद कांबली की कहानी अपार प्रतिभा के बावजूद अधूरी रह गई। क्रिकेट विशेषज्ञों की राय में कांबली की कुदरती बल्लेबाजी और टाइमिंग कई बार सचिन से भी बेहतर मानी गई, लेकिन वह अपनी इस क्षमता के साथ न्याय नहीं कर सके।

18 जनवरी 1972 को मुंबई में जन्मे विनोद कांबली का क्रिकेट सफर बचपन से ही सचिन तेंदुलकर के साथ जुड़ा रहा। दोनों ने शारदाश्रम विद्यामंदिर की ओर से स्कूल क्रिकेट में 664 रनों की नाबाद साझेदारी कर इतिहास रच दिया, जो आज भी एक अटूट रिकॉर्ड है। यही पारी कांबली के करियर का पहला बड़ा पड़ाव बनी। घरेलू क्रिकेट में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और बेखौफ अंदाज ने उन्हें जल्द ही सुर्खियों में ला दिया।

घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद कांबली ने 1993 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। अपने दूसरे ही टेस्ट में मुंबई में 224 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर उन्होंने सबको चौंका दिया। इसके बाद दिल्ली में जिम्बाब्वे के खिलाफ 227 रन बनाकर उन्होंने अपनी प्रतिभा पर मुहर लगा दी। इन पारियों के दम पर कांबली सबसे तेज 1,000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बने और उन्हें भारत का अगला महान बल्लेबाज कहा जाने लगा।

हालांकि, शुरुआती सफलता के बाद कांबली उस स्तर को कायम नहीं रख सके।

# उथप्पा सहित पूर्व क्रिकेटर बोले, नीतीश को बेहतर ऑलराउंडर बनने पर्याप्त समय दें

मुम्बई। तीन दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों रॉबिन उथप्पा, आकाश चोपड़ा, और मनोज तिवारी ने कहा है कि किसी भी खिलाड़ी को अच्छा ऑलराउंडर बनने में समय लगता है। इसलिए युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को अभी अपने को साबित करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिये। हाल के दिनों में नीतीश का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। जिससे बाद से ही उनके टीम में रहने पर सवाल उठाते रहे हैं। इसी को लेकर अब तीन पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि किसी भी युवा खिलाड़ी का आंकलन कुछ मैचों के आधार पर ही नहीं किया जा सकता है। राजकोट में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में कमजोर प्रदर्शन के बाद रेड्डी निशाने पर आ गये थे। वहीं पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि ऑलराउंडर बनने में समय लगता है इसलिए रेड्डी को भी सयम दिया जाना चाहिये। दूसरे एकदिवसीय में नीतीश रेड्डी बल्ले और गेंद दोनों से ही विफल रहे थे। उन्होंने 20 रन बनाए और गेंदबाजी में केवल दो ओवर किये। मैच के बाद सहायक कोच रयान टेन डोश्टे ने रेड्डी के



प्रभाव को सीमित बताया जिससे उनके टीम में उनकी जगह खतरे में आ गयी है।

वहीं उथप्पा ने कहा कि ऑलराउंडर बनना क्रिकेट की सबसे कठिन भूमिकाओं में से एक है। रवींद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या भी लगातार अनुभव के बाद ही आज शीर्ष स्तर पर पहुंचे हैं। नीतीश को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने में समय लगेगा। इस बल्लेबाज को अवत तक पर्याप्त समय नहीं मिला है। इसका कारण है कि उन्हें नंबर सात पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाता है तब उनको काफी कम गेंदें मिलती हैं और गेंदबाजी में भी बहुत कम ओवर दिए जाते हैं। ऐसे में किस प्रकार वह विकेट ले सकते हैं। वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा नेता मनोज तिवारी ने रेड्डी के फॉर्म में गिरावट को उनके पहले अंतराष्ट्रीय शतक के बाद से जोड़ा। उन्होंने कहा कि उस बड़ी पारी के बाद जरूरत से ज्यादा उत्साह से उन्हें नुकसान हुआ होगा। इसलिए अब उन्हें बेसिकस पर ध्यान देना चाहिये। इसके अलावा उन्हें अधिक गेंदबाजी दी जानी चाहिये। इसका कारण है कि टीम के पास तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों की कमी है।


खंड –I

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्य प्रदेश शासन**

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट, मध्य प्रदेश**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/ 17 /ई–टेंडरिंग/2025–26 बालाघाट, दिनांक 09-01-26

1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित – 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | कार्य का प्रकार | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोजेक्ट नं. 732137, ग्राम लामता में स्ट्रीट लाईट विद्युतीकरण कार्य | संलग्न प्राक्कलन अनुसार | 28000/- | 1000/- Tax extra |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई **www.mpforest.gov.in** पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 09-01-2026, बजे 12:00 PM से दिनांक 22-01-2026, बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक ............ समय ............ को उप वनमण्डलाधिकारी, कार्यालय उकवा (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई–टेंडर फॉर्म खरीदे है।
- ई–निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्विपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल :–**https://mptenders.gov.in**

जी- 24463/25

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव सम्पन्न

# प्रवेश मलेवार 144 मतों से चुनाव जीतकर, बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

## 505 मतदाताओ में से 464 ने किया, मताधिकार का उपयोग

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिला अधिवक्ता संघ के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए शनिवार को मतदान प्रणाली के तहत चुनाव सम्पन्न कराए गए।जिसके तहत 17 जनवरी को ना सिर्फ मतदान हुआ, बल्कि मतदान के तुरंत बाद, मतगणना कर, देर रात चुनावी परिणाम भी जारी कर, जिला अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा कर दी गई।आपको बताए इस वर्ष जारी चुनावी प्रक्रिया के तहत कार्यकारिणी के महज 17 पदों के लिए 35 अधिवक्ता प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे।जिनमें से 17 उम्मीदवारो का चयन मतदान प्रणाली के तहत किया गया।चुनाव अधिकारियों द्वारा मतों की गणना कर देर रात जारी किए गए चुनाव परिणाम के अनुसार इस चुनाव में अपने प्रतिद्वंदियों को हराते हुए प्रवेश मलेवार ने 144 मतों से यह चुनाव जीत कर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष का ताज अपने नाम कर लिया।



### फिर से प्रवेश मलेवार के हाथों में आई जिला अध्यक्ष पद की कमान

देर रात संपन्न हुए इस चुनाव में जिला अध्यक्ष पद की कमान एक बार फिर से प्रवेश मलेवार के हाथों में आ गई है, श्री मलेवार 2 वर्ष पूर्व भी अध्यक्ष पद संभाल चुके हैं। तो वहीं दिलीप चौधरी उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए, इसी तरह महेंद्र मधु बिसेन ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर सचिव का पद अपने नाम किया। तो वही गितेश्वरी कुंजाम और मुकेश लिल्हारे सह सचिव बनाए गए है।इसके अलावा पंचमलाल खैरवार को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना खबर लिखे जाने तक जारी रही। इसीलिए उनके नामो की घोषणा नहीं की गई थी। बताया गया कि इस चुनाव में कुल 505 मतदाताओं में से 463 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

### अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव के पद पर

### दिखा कड़ा मुकाबला

जानकारी के मुताबिक जिलाअधिवक्ता संघ चुनाव के लिए विभिन्न पदों पर दावेदारी करने वाले 35 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे।जिसमे 1 अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशियों में अरविंद राय को 117, आनंद टेभरे को 107, प्रवेश मलेवार 144 और मीना कुर्वे को कुल 80 मत प्राप्त हुए। जहां सर्वाधिक 144 मत प्राप्त करने पर प्रवेश मलेवार को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया जबकि अध्यक्ष पद के लिए किए गए इस मतदान में 5 अधिवक्ताओं के मत रिजेक्ट घोषित किए गए।वही 1 उपाध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमे धर्मेंद्र धानेश को 116, दिलीप चौधरी को सर्वाधिक 169 मत, तो वही दिनेश्वरी राणा को 167 मत प्राप्त हुए। जिसमें दिलीप चौधरी को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इस चुनाव में 11 अधिवक्ताओं के मत रिजेक्ट घोषित किए गए। इसी तरह सचिव के 1 पद के लिए 3 प्रत्याशी मैदान में थे, जहा राकेश सिंगारे को महज 71 मतों से सन्तोष होना पड़ा,तो वही महेंद्र (मधु) बिसेन ने सर्वाधिक 256 मत प्राप्त किए वही विक्रम सिंह भूते को 132 मत प्राप्त हुए। इसमें सर्वाधिक मत मिलने पर महेंद्र मधु बिसेन को सचिव चुना गया तो वही सचिव पद के लिए हुई मतगणना में 5 अधिवक्ताओं के मत रिजेक्ट पाए गए।

### सह-सचिव ,कोषाध्यक्ष और ग्रंथपाल पर भी दिखी काटे की टक्कर

जिलाअधिवक्ता संघ चुनाव में सह सचिव के 2 पदो के लिए 5 प्रत्याशी मैदान में थे, जिंसमे मुकेश लिल्हारे ने सर्वाधिक 194,तो गितेश्वरी कुंजाम ने 183 मत प्राप्त कर सहसचिव का पद अपने नाम कर लिया, जबकि अन्य प्रत्याशी अशोक शर्मा को 143, विकाश खुरसेल को 71, तो वही आनंद मेश्राम को 146 मत प्राप्त हुए, जबकि मतों की गणना में 7 मत रिजेक्ट पाए गए।इसी तरह कोषाध्यक्ष के 1 पद के लिए 3 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे,जिसमे संजय अग्निहोत्री को 187 मत मिले, तो वही पंचमलाल खैरवार ने सर्वाधिक 192 मत प्राप्त कर कोषाध्यक्ष का पद अपने नाम कर लिया। तो वही गौरव जायसवाल को महज 75 मत प्राप्त हुए। जबकि इस पद के लिए की गई वोटिंग में 9 मत रिजेक्ट पाए गए।उधर ग्रंथपाल के 1 पद के लिए 2 प्रत्याशियों में से शुभम बोस को 186 मत प्राप्त हुए जबकि धनंजय देशमुख ने 268 मत प्राप्त कर ग्रंथपाल का पद अपने नाम कर लिया। इसमें 9 अधिवक्ताओं के मत रिजेक्ट पाए गए।

### कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना जारी

जिला अधिवक्ता संघ के इस चुनाव में कार्यकारिणी सदस्यों के लिए किए गए वोटो की मतगणना देर रात तक जारी रही, जहां खबर लिखे जाने तक चुनाव परिणाम नहीं आ सके थे। बताया गया कि 10 पदों की कार्यकारिणी सदस्यों के लिए शेष बचे 15 अधिवक्ताओ में मो. शाकिर कुरैशी, जितेंद्र जैन, पूजा विश्वकर्मा, कमला सार्वे, डिल्लन सिंह ताराम, अभिषेक डहाके, सत्य प्रकाश शुल्के, दीपेश मोहारे, संगीता बिसेन, आनंद गजभिये, लालचंद मोहारे, महेंद्र पटले, प्रभा सूर्यवंशी, डिगम्बर ढेकवार, और तिलक कावरे के भाग्य का फैसला, देर रात मतगणना की बाद किया जाएगा।

### देर रात जारी किए गए चुनाव परिणाम, मनाया जश्न

बालाघाट जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए 17 जनवरी को चुनाव सम्पन्न हुआ।मतदान प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चली।जिसके 1 घण्टे के अंतराल के बाद,मतपेटी में पड़े मतों की टोटलिंग कर,शाम 7 बजे के बाद मतगणना का कार्य शुरू किया गया।जो रात करीब 10 बजे तक चला, जिसके उपरांत जिला अधिवक्ता संघ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, दो सहसचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल और निर्वाचीत 10 कार्यकारिणी सदस्यों के नामो की घोषणा की गई। जहा चुनावी परिणाम आते ही बार रूम के बाहर जश्न का माहौल नजर आया।जहा जीते हुए प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया।

### निर्वाचन समिति में शामिल इन पदाधिकारी की निगरानी में संपन्न हुआ चुनाव

जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव शनिवार देर रात संपन्न हुआ इस दौरान चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में जिला अधिवक्ता संघ चुनाव निर्वाचन अधिकारी हरीश नगपुरे सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता प्रदीप सोनी, अधिवक्ता प्रशांत गिरी गोस्वामी, अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव, अधिवक्ता वेणु शंकर परिमल, अजय बम्हे, के अलावा निर्वाचन सहयोगकर्ता अधिकारी के रूप में शामिल अधिवक्ता कलीम कुरैशी, अमन नावानी, आरके सोनी(हनी), और अधिवक्ता कमलेश उइके का सरहानीय योगदान रहा। जिनकी निगरानी में 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए जिला अधिवक्ता संघ का सफलतम चुनाव संपन्न कराया गया।

## साधारण परिवार के बेटे ने बढ़ाया कासपुर गांव का मान

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। वारासिवनी तहसील के ग्राम कासपुर निवासी आशीष मलेवार पिता खेलचंद मलेवार का सीमा सुरक्षा बल में चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। सीमित संसाधनों के बावजूद आशीष ने अपने कठोर परिश्रम अनुशासन और धृढ संकल्प के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आशीष एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं उनके पिता खेलचंद मलेवार टेलरिंग का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। बताया गया कि आर्थिक कठिनाइयो के बावजूद आशीष ने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया और निरंतर मेहनत करते हुए देश सेवा का सपना साकार किया। बीएसएफ में चयन होने के बाद आशीष की इस सफलता को लेकर उनके परिवार जनों ग्राम वासियों एवं क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आशीष की उपलब्धि गांव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा है जो विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। आशीष के चयन को न केवल उनके परिवार बल्कि समाज और ग्राम कासपुर के लिए भी गर्व का विषय बताया जा रहा है। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मातृभूमि की सेवा का यह पावन अवसर उन्हें यश सम्मान और सफलता की नयीं ऊंचाइयों तक ले जाए जाएगा। आशीष को उनके बीएसएफ में चयन पर क्षेत्र वासियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।



## नववर्ष पर शिर्डी में द्वारका माई प्रतिरूप का भेंट अर्पण

### फरवरी में शिव महोत्सव व राम कथा के भव्य आयोजन की तैयारी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नववर्ष के शुभ अवसर पर मन्नत भंडारा समिति द्वारा एक पुण्य और आस्था से जुड़ा विशेष आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने शिर्डी पहुंचकर वहां स्थापित द्वारका माई के भव्य प्रतिरूप को श्रद्धापूर्वक साईं बाबा को अर्पित किया। यह सुंदर प्रतिरूप सूरत (गुजरात) के प्रसिद्ध कारीगर दिनेश भाई राना (राजू भाई) द्वारा अत्यंत कलात्मक ढंग से तैयार किया गया है, जिसे बाबा के चरणों में समर्पित किया गया।मन्नत भंडारा समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्य बाबा साईं की कृपा से नववर्ष की मंगल शुरुआत के रूप में किया गया है। समिति का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में श्रद्धा, सद्भाव और समरसता का संदेश देना है।इसी क्रम में समिति द्वारा आगामी फरवरी माह में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य शिव महोत्सव के आयोजन की भी घोषणा की गई है। शिव महोत्सव के अंतर्गत 9 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो सकेंगे।इसके साथ ही जयपुर के प्रसिद्ध कारीगर प्रमोद मिश्रा द्वारा वियतनाम स्टोन से निर्मित भव्य राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का दिव्य एवं भव्य आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन के दौरान मन्नत भंडारा समिति द्वारा समरसता भोज (मन्नत भंडारा) का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु सहभागी बन सकेंगे।समिति ने नगर की समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस पावन आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन श्री शिव साईं मंदिर, डॉ. शुक्ला नर्सिंग होम के सामने, बालाघाट में संपन्न किए जाने की बात कही गई हैं।



# राजा भोज जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल आज

## लक्ष्य इलेवन और कार्तिक इलेवन के बीच खिताबी मुकाबला

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मुख्यालय के जागपुर घाट स्थित खेल मैदान में 7 जनवरी से आयोजित जिला स्तरीय राजा भोज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है। प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला रविवार 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से लक्ष्य इलेवन और कार्तिक इलेवन के बीच खेला जाएगा। फाइनल से पूर्व शनिवार को खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिनका सैकड़ों की संख्या में मौजूद दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। पूरे दिन मैदान में उत्साह और रोमांच का माहौल बना रहा।

शनिवार सुबह इलेवन बजे खेले गए पहले सेमीफाइनल में लक्ष्य इलेवन और सांसद इलेवन आमने-सामने रहीं। लक्ष्य इलेवन की ओर से मोजेश बघेल ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 22 गेंदों में 69 रन ठोक दिए। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत लक्ष्य इलेवन ने निर्धारित 12 ओवरों में 145 रन का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में सांसद इलेवन की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवरों में केवल 102 रन ही बना सकी। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मोजेश बघेल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ लक्ष्य इलेवन ने फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार दोपहर 2 बजे कटंगी इलेवन और कार्तिक इलेवन के बीच खेला गया, जिसे टूर्नामेंट का सबसे रोमांचक मुकाबला माना जा रहा है। मैच की शुरुआत में ही कटंगी इलेवन ने दबदबा बनाते हुए कार्तिक इलेवन के शुरुआती तीन विकेट महज 6 रन पर गिरा दिए। कप्तान कार्तिक के जल्दी आउट होने से एक समय ऐसा लगा कि मैच पूरी तरह कटंगी इलेवन के पक्ष में चला जाएगा। इसके बाद बाबा दीप और आतिश बिसेन ने पारी को संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। बाबा दीप ने ताबड़तोड़ चार छक्के लगाए, जबकि आतिश बिसेन ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट्स खेलते हुए टीम को मजबूती प्रदान की। बाबा दीप के आउट होने के बाद मैदान पर उतरे कुलदीप पटले ने ऐसा तूफानी अंदाज दिखाया कि दर्शक झूम उठे। कुलदीप पटले ने इस टूर्नामेंट में एक ओवर में छह छक्के लगाकर रिकॉर्ड कायम किया और मात्र 22 गेंदों में 78 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं आतिश बिसेन ने भी शानदार अर्धशतक पूरा किया। इन बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत कार्तिक इलेवन ने निर्धारित 12 ओवरों में 209 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कटंगी इलेवन की शुरुआत संतुलित रही, लेकिन लगातार अंतराल में विकेट गिरते रहे। इसके बावजूद सुशील ठाकरे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 84 रन बनाए और कई दर्शनीय छक्के जड़े। अन्य बल्लेबाजों ने भी संघर्ष किया, लेकिन 209 रन का लक्ष्य काफी बड़ा साबित हुआ। कटंगी 11 की टीम 12 ओवरों में 157 रन ही बना सकी। इस रोमांचक मुकाबले में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए आतिश बिसेन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 गेंदों में 57 रन बनाने के साथ ही तीन ओवरों में तीन विकेट भी झटके। इस जीत के साथ कार्तिक 11 ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इसके साथ ही अब यह तय हो गया है कि जिला स्तरीय राजा भोज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला लक्ष्य इलेवन और कार्तिक इलेवन के बीच रविवार 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष मनोज भैरम, महासचिव दीपक पटले, कोषाध्यक्ष गुनेंद्र पटले, उपाध्यक्ष तपन राजा चौधरी एवं महात्मा हनवत, मीडिया संयोजक ओमेंद्र बिसेन, अधिवक्ता अजय बिसेन, सहित रजत कटरे, संकेत राहंगडाले, अतुल टेमभरे, नीरज बिसेन, राजेश राहंगडाले, कार्तिक बिसेन, प्रशांत ठाकरे, प्रकाश पटले, विमल गौतम और संजय हरिनखेडे सहित समिति के सभी पदाधिकारियों ने क्रिकेट प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जागपुर घाट मैदान पहुंचकर फाइनल मुकाबले का आनंद लें।



## ग्राम कुकड़ा में 11 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् शिव महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन

पद्मेश न्यूज। चांगोटोला। ग्राम कुकड़ा में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण के बीच 11 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् शिव महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 19 जनवरी से 30 जनवरी तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा।इस संगीतमय शिव महापुराण कथा का वाचन कथावाचक पंडित राघव प्रसाद शास्त्री, ग्राम धतूरा, जिला सतना द्वारा किया जाएगा। कथा के दौरान शिव भक्ति, धर्म, कर्म और मानव जीवन के मूल्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला जाएगा।आयोजन की शुरुआत 19 जनवरी को भव्य कलश यात्रा, शिव महापुराण की स्थापना एवं सर्व देव पूजन के साथ होगी। 20 जनवरी से प्रतिदिन संगीतमय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया जाएगा। 29 जनवरी को शिव महापुराण कथा का विधिवत समापन होगा। वहीं 30 जनवरी को हवन, पूजन, विसर्जन एवं महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस 11 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् शिव महापुराण ज्ञान सप्ताह केआयोजक प्रताप लाल बिसेन, फगन लाल बिसेन, किशनलाल बिसेन, रघु लाल बिसेन, जगदीश बिसेन औरपूर्णाबाई बिसेन एवं समस्त बिसेन परिवार ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



## अशासकीय शिक्षण संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमन पटेल का दुखद निधन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। व्यापारी परिवार के सक्रिय सदस्य और अशासकीय शिक्षण संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमन पटेल का १७ जनवरी की सुबह दुखद निधन हो गया। इस घटना की सूचना के बाद नगर में शोक की लहर व्याप्त है। विदित हो की अमन पिता आलोक पटेल उम्र ३४ वर्ष प्रतिदिन की तरह शनिवार को तैयार होकर घर से निकले थे। जो रामपायली रोड़ पर खड़े थे तभी अचानक हृदय घात होने से मौके पर बेसुध होकर मूर्छित हो गया। जहां उपस्थित लोगों ने उन्हें सिविल अस्पताल में लाया जहां डॉक्टर ने जांच कर उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। अमन पटेल मृदुभाषी व्यावहारिक और सामाजिक व्यक्ति थे जिनके द्वारा विभिन्न कार्यों में बढ़.चढ़कर भाग लिया जाता था। इनके दादा पूर्व मंत्री विपिनलाल पटेल है जिन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए थे। शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी की भूमि परिवार ने दान दी थी। ऐसे परिवार के सदस्य अमन पटेल की अल्पायु में मृत्यु हो जाना काफी दुखद है वह अनंत की यात्रा पर निकल चुके हैं जिनका अंतिम संस्कार १८ जनवरी की सुबह १० बजे स्थानीय मोक्षधाम में किया जायेगा।



## मलाजखंड पुलिस की बड़ी कार्रवाई 35 हजार रुपये की देसी-विदेशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के मलाजखंड थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 35 हजार रुपये मूल्य की देसी व विदेशी शराब जप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी को मलाजखंड थाना पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जता-भंडेरी की ओर से दो युवक एक मोटरसाइकिल पर बोरी और बैग में अवैध शराब लेकर पाथरी डाबरी की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम लोरा के आगे जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम अजय पिता टेकचंद घुवारे 36 वर्ष निवासी ग्राम भटेरा, चौकी बालाघाट तथा दीपक उर्फ चित्रसेन पिता रामचरण घसिया 25 वर्ष निवासी ग्राम उकवा, थाना रूपझर बताया। मोटरसाइकिल पर रखे एक बैग और एक बोरी की तलाशी लेने पर बैग से मैकडॉवेल नंबर-1 (180 एमएल) के 70 पाव,गोवा व्हिस्की (180 एमएल) के 50 पाव,देसी प्लेन मदिरा (90 एमएल) के 50 पाव तथा बोरी में रखे चार कार्टून से180 एमएल के कुल 200 पाव देसी शराब बरामद की गई।जप्त शराब में 18 लीटर विदेशी शराब, जिसकी कीमत लगभग 15,920 रुपये, तथा 45 लीटर देसी शराब, जिसकी कीमत करीब 18,675 रुपये है। इस प्रकार कुल 34,595 रुपये मूल्य की देसीङ्कविदेशी शराब पुलिस द्वारा जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## शादी से इनकार करने पर युवती की अश्लील फोटो की वायरल, तयशुदा विवाह तुड़वाया

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के बिरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में शादी से इनकार करने पर एक युवक द्वारा युवती की अश्लील तस्वीरें वायरल किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी की इस हरकत के चलते 18 वर्षीय युवती की तयशुदा शादी टूट गई। पीड़िता की शिकायत पर बिरसा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है, जिसके बाद से वह फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता कक्षा 12वीं तक शिक्षित है और घरेलू कार्य करती है। वह आरोपी भागवत दुर्गासी को बचपन से जानती थी। स्कूल आने-जाने के दौरान दोनों की पहचान हुई और बातचीत के चलते दोनों के बीच दोस्ती हो गई। पिछले वर्ष 2025 में पीड़िता अंग्रेजी की परीक्षा देकर घर लौटते समय दोपहर में आरोपी उसका पीछा करते हुए आया और जबरन जंगल में खींचकर ले गया। वहां आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसके कपड़े उतरवाए और अश्लील तस्वीरें खींच लीं। साथ ही किसी को घटना बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। भय के कारण युवती ने लंबे समय तक इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। आरोपी युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती द्वारा इनकार किए जाने पर उसके परिजनों ने उसकी शादी किसी अन्य युवक से तय कर दी। जब इस बात की जानकारी आरोपी को लगी तो उसने युवती को धमकी दी कि यदि वह उससे शादी नहीं करेगी तो उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल कर देगा। शादी से इनकार करने पर आरोपी ने युवती की अश्लील तस्वीरें उसके मंगेतर के मोबाइल पर भेज दीं, जिससे युवती की तयशुदा शादी टूट गई। शादी टूटने के बाद युवती और उसके परिवार को गांव और समाज में भारी बदनामी और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ा। घटना से आहत होकर युवती ने बिरसा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी भागवत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 77, 78(2), 356(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया है। पुलिस को उसके हैदराबाद में छिपे होने की आशंका है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### छिंदलई टोला के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़त

### दो युवक गंभीर रूप से घायल, दो को आई मामूली चोटें

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जाम से लामता मार्ग पर छिंदलई टोला के पास शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो अन्य को मामूली चोटें आई हैं।गंभीर रूप से घायल व्यक्ति जिनमे महेंद्र पिता मक्खन पगरवार 32 वर्ष ग्राम जाम, थाना लालबर्रा तथा दीनदयाल पिता इंका जी सोनवाने 40 वर्ष ग्राम सेलवा, थाना लालबर्रा निवासी है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 जनवरी को दीनदयाल सोनवाने अपने दो साथियों के साथ ग्राम चाचेरी (लामता) काम के सिलसिले में गए थे। शाम करीब 5 बजे वे मोटरसाइकिल से अपने घर ग्राम सेलवा लौट रहे थे। वहीं, महेंद्र पगरवार अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम जाम से छिंदलई सोसाइटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान छिंदलई टोला के पास दोनों मोटरसाइकिलों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार महेंद्र पगरवार और दीनदयाल सोनवाने गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दीनदयाल के साथ मौजूद दोनों अन्य साथियों को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को लालबर्रा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। वहां से भी चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें उच्च उपचार हेतु हायर सेंटर भेज दिया।फिलहाल इस दुर्घटना की जांच लालबर्रा थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

## खबर-आपके सरोकार की...

# बालाघाट पुलिस के रडार पर साईबर ठगों के लिए 'म्यूल अकाउंट' उपलब्ध करा रहे 22 खाताधारक

### पुलिस ने नोटिस जारी कर संदिग्ध लेनदेनकर्ताओं से जवाब तलब किया; कानूनी कार्रवाई भी होगी

सिटी रिपोर्टर।
पदमेश न्यूज। बालाघाट।

**जिले में साइबर ठगी के मामलों में लगातार नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ताज़ा मामले में यह तथ्य उजागर हुआ है कि बालाघाट में कुछ लोग म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर अपराधियों के नेटवर्क से जुड़कर अवैध लेनदेन में संलिप्त हो रहे हैं। खबर के मुताबिक इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए साइबर पुलिस बालाघाट ने कार्रवाई शुरू कर दी है। ताजा जानकारी यह भी है कि इनपर कानूनी कार्रवाई होना तय है।**

साइबर पुलिस द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि करीब 22 व्यक्तियों के बैंक खातों का उपयोग म्यूल अकाउंट के रूप में किया जा रहा है। इन खातों के जरिए साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि का लेनदेन किया गया है। मामले की पुष्टि के बाद पुलिस ने संबंधित खाताधारकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इन नोटिसों के माध्यम से खातों में हुए संदिग्ध लेनदेन, खाता संचालन की प्रक्रिया और खाते किस उद्देश्य से खोले गए थे, इसकी विस्तृत जानकारी मांगी गई है। पुलिस ने साफ किया है कि यदि खाताधारकों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाते, तो उनके विरुद्ध सूचना आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

साइबर अपराधों का स्वरूप लगातार बदलता जा रहा है, जो अब केवल तकनीकी समस्या न रहकर एक गंभीर सामाजिक और कानूनी चुनौती बन चुका है। देश के साथ-साथ अब जिले स्तर पर भी म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे है।



बालाघाट में इस गंभीर मामले को देखते हुए साइबर पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए थी, जिसके बाद बड़ा खुलासा हुआ है। साइबर पुलिस ने एनसीआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जिले के करीब 22 लोगों को म्यूल अकाउंट बनाकर संदिग्ध लेनदेन करने के मामले में नोटिस जारी किया हैं। नोटिस में खाताधारकों से उनके बैंक खातों के संचालन, लेनदेन के उद्देश्य और म्यूल अकाउंट बनाए जाने से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी है। पुलिस अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि यदि संबंधित व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाते, तो उनके विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत सीधा प्रकरण दर्ज किया जाएगा और कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते कुछ महीनों में यह सामने आया है कि जिले के कुछ लोग अपने साथियों, परिचितों के कहने पर, तो कुछ थोड़े से पैसों के लालच में, जानबूझकर, अनजाने में अपने बैंक खाते साइबर मामलों के लिये उपलब्ध करा रहे हैं। ऐसे खातों का उपयोग साइबर ठगी से अर्जित राशि को इधर-उधर करने में किया जा रहा है। अब साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट धारकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि नोटिस का जवाब मिलने के बाद जिन मामलों में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा, उन पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

### जानें - म्यूल अकाउंट क्या है?

जानकारों के अनुसार म्यूल अकाउंट ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिनका इस्तेमाल अपराधी चोरी किए गए या अवैध रूप से अर्जित धन को एक जगह से दूसरी जगह भेजने के लिए करते हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य पैसों के असली स्रोत को छिपाना और उसे वैध दिखाना होता है, जिसे मनी लॉन्ड्रिंग कहा जाता है। अक्सर ये खाते किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर खुलवाए जाते हैं या उस व्यक्ति को नौकरी, कमीश , आसान कमाई का लालच देकर उसके खाते का उपयोग किया जाता है। कई बार लोग धोखे में आकर और कई बार लालच के कारण अनजाने में इस अपराध का हिस्सा बन जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे व्यक्ति को इसकी जानकारी हो या न हो, कानून की नजर में खाता धारक ही जिम्मेदार माना जाता है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति को कानूनी कार्रवाई से गुजरना पड़ता है। इसका सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

### बालाघाट पुलिस की आमजन से अपील

ऐसे संदिग्ध मामलों को लेकर साइबर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी परिस्थिति में अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी , दस्तावेज किसी अन्य व्यक्ति को न दें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि म्यूल अकाउंट का उपयोग करने वाले लोग स्वयं भी अपराधी की श्रेणी में आते हैं और उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बालाघाट में पहली बार ओपन स्टेट कराते टूर्नामेंट की शुरुआत

### 700 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मिनी खेल डिस्ट्रिक्ट, बालाघाट में पहली बार ओपन स्टेट कराते टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ शनिवार 17 जनवरी को किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्घाटन सांसद भारती पारधी, विधायक अनुभा मुंजारे एवं नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में जूनियर से लेकर सीनियर वर्ग तक के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रदेशभर से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। हरिमंगल लॉन के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित परिसर में आयोजित इस राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 700 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, झाबुआ, इंदौर, नर्मदापुरम, भोपाल, उमरिया, शहडोल, डिंडोरी, बैतूल, मंडला, श्योपुर, छतरपुर, कटनी, रायसेन, नीमच, उज्जैन, सीहोर, पांढुरना, रतलाम सहित अन्य जिलों के कराते खिलाड़ी शामिल हैं। शनिवार को मंचीय कार्यक्रम के पश्चात जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबलों की शुरुआत हुई। खिलाड़ियों ने तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को प्रभावित किया। आयोजन स्थल पर खेल भावना और उत्साह का माहौल बना रहा। इस वर्ष इंडियन कराते संघ द्वारा जिला इंडियन कराते संघ, बालाघाट को इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



की मेजबानी सौंपी गई है। प्रतियोगिता का समापन रविवार 18 जनवरी को किया जाएगा। स्टेट ओपन कराते टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाघाट जिले में पहली बार इतने बड़े स्तर पर कराते प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, जिसमें प्रदेशभर से 700 से अधिक खिलाड़ी पहुंचे हैं। यह जिले के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बालाघाट की पहचान खेल जिले के रूप में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। साथ ही जिले के कराते खिलाड़ियों को स्टेट चैम्पियनशिप के माध्यम से आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिला इंडियन कराते संघ अध्यक्ष तपेश असाटी, संरक्षक रमेश रंगलानी, महेंद्र सुराना, पासवेंद्र पारधी, देवेंद्र सिंह चंदेल, संयोजक सत्यनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष आदित्य पंडित, संदीप सौगादे, विपिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम चावला, सह-कोषाध्यक्ष रूपेंद्र बनकर, सचिव दिनेश कोरे, सहसचिव रूपल गौतम, सुधीर तोमर, शैलेंद्र यादव सहित आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# शराब दुकान कर्मचारियों पर युवक से मारपीट का आरोप, प्लास्टिक पाइप से किया हमला

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोती नगर स्थित शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों पर एक युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल करने का आरोप लगा है। घायल का उपचार जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया है। पीड़ित युवक जावेद उर्फ आशु खान पिता अब्दुल खान, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 24, इंदिरा नगर बालाघाट निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जावेद खान मजदूरी करता है। 16 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वह मोती नगर स्थित शराब दुकान पर शराब पीने गया था। शराब पीने के बाद वह घर जाने लगा, लेकिन कुछ समय बाद पुनः शराब खरीदने दुकान लौट आया। शराब लेने के बाद जावेद खान ने दुकान कर्मचारियों से पानी का पाउच और डिस्पोजल ग्लास मांगा। कर्मचारियों ने इसके बदले पैसे मांगे, जिस पर जावेद खान ने बाद में पैसे देने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि शराब दुकान के कर्मचारियों ने प्लास्टिक के पाइप से जावेद खान के साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए जावेद खान वहां से भागा और तत्काल डायल 112 पर सूचना दी।डायल 112 की मदद से घायल जावेद खान को उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने जावेद खान के बयान दर्ज कर अस्पताल तहरीर आगे की कार्रवाई के लिए कोतवाली थाना बालाघाट भेज दी है।


पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, **स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट